e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 318
शुक्रवार
24.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार
कड़ी मेहनत को केवल कड़ी, मेहनत से ही हराया जा सकता है !



# राशन को लेकर कार्डधारियों ने जमकर किया हंगामा प्रखंड घेराव की दी चेतावनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाचाडुमर के राशन कार्ड धारियों ने डीलर सुदर्शन चौधरी के घर पास जमकर हंगामा किया। वही राशन कार्डधारीयों ने सुदर्शन चौधरी डीलर से कहा कि जब तक हमें सितंबर और अक्टूबर माह का राशन नहीं मिलेगा तब तक हमलोग नवम्बर माह का राशन नहीं उठाएंगे। वहीं डीलर सुदर्शन चौधरी के द्वारा राशन वितरण कराने गए प्रखंड कर्मी को राशनकार्ड धारियों ने घेर कर डीलर के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाया। बाद में कार्डधारीयों को पिछले पुराने राशन को मिलने का आश्वासन के बाद ही प्रखंड कर्मियों को जाने दिया गया। वही कार्डधारी लखिया देवी, सोमक सिंह, ललिता देवी,परीखा मिस्त्री,रघुवन्ती कुँवर, लालमनि देवी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्डधारीयों ने कहा कि डीलर सह मुखिया श्यामसुंदर बैठा के द्वारा सितंबर माह का गेहूं और अक्टूबर, नवंबर माह का चावल गेहूं दोनों नहीं मिला है। वही कार्डधारी रविंद्र पासवान ने कहा कि हम लोगों को जब तक पुराना राशन नहीं मिलेगा तब तक नवंबर माह का राशन हम लोग नहीं लेंगे। अगर हम लोग को राशन दो दिन के अंदर नहीं मिलता है तो हम लोग प्रखंड घेराव करेंगे अगर प्रखंड में भी हम लोग को बात नहीं सुना गया तो हम लोग अनुमंडल जाएंगे अगर वहां भी हमलोगों का बात नहीं सुना गया तो जिला उपायुक्त कार्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे। वही इस संबंध में डीलर सह मुखिया श्यामसुंदर बैठा से पुछे जाने पर उन्होंने कहा कि सितंबर माह का गेहूं नहीं मिला है इसलिए नहीं बांट सकें लेकिन सभी लाभुको के बीच चार-चार केजी बांट दिए। और अक्टूबर माह का राशन अभी तक नहीं मिला है इसलिए नहीं बांट पाए हैं। वहीं मौके पर कार्डधारी अंकित कुमार,फेकन चौधरी, सीताराम प्रसाद, शंभू साह, छोटू विश्वकर्मा, प्रेम शंकर प्रसाद, अरविंद सिंह, लीलावती देवी, रीना देवी, विमल देवी, राकेश कुमार, अनिल विश्वकर्मा सहित काफी

# बिशुनपुराः प्रखंड स्तरीय कुम्हार समाज का बैठक हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** प्रखन्ड के जतपुरा गाँव में विजय प्रजापति के घर स्थित कुम्हार समाज के प्रखन्ड स्तरीय बैठक हुई। बैठक में प्रखन्ड स्तरीय कुम्हार समाज के द्वारा एक कमिटि का गठन किया गया। इस कमिटि के अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रजापति, उपाध्यक्ष अशर्फी प्रजापति, सचिव मुन्शि प्रजापति, कोषाध्यक्ष नितिश प्रजापति व सदस्य उमेश प्रजापति, जगतनारायण प्रजापति, सोनु प्रजापति को बनाया गया। इस मौके पर नन्दु प्रजापति, देवेन्द्र प्रजापति, सुदामा प्रजापति, अरुण प्रजापति, अशोक प्रजापति, विपिन प्रजापति सहित कुम्हार समाज के लोगो उपस्थित थे।

# आलोक को राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित




**रंका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य के विधानसभा स्थापना दिवस समारोह में राज्य के राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरन और झारखंड विधासभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने गढ़वा जिला निवासी आलोक कुमार चौधरी को सम्मानित किया। आलोक को यह पुरस्कार समुदाय के प्रति उत्कृष्ट कार्य एवं विज्ञान लोकप्रियकरण के क्षेत्र में योगदान हेतु भारत सरकार के युवा मामले एवम खेल मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया है।आलोक कुमार चौधरी झारखंड के सुदूरवर्ती और आकांक्षी जिले गढ़वा में पिछले कई वर्षों से बिना किसी आर्थिक सहायता के विज्ञान क्लब चला रहें है।विगत वर्षों में आलोक द्वारा की गई विभिन्न सामाजिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों के माध्यम से 1.5 लाख लोगों को सीधे प्रभावित किया गया है। आलोक द्वारा आरम्भ किये गए कुछ महत्वपूर्ण अभियान में राष्ट्रीय क्विज़ प्रतियोगिता, नेशनल साइंस गेमिंग प्रतिस्पर्धा, स्टूडेंट साइंस मोटिवेशन प्रोग्राम आदि शामिल है। इसके अलावा विभिन्न राष्ट्रीय एवम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पुरस्कृत होकर एवम वैश्विक मंचों पर झारखंड एवम भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए झारखण्ड को गौरांवित करते रहे है। इन मंचों में जी 20 कार्यक्रम में एंबेसडर एवम वक्ता तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित वियना इंटरनेशनल एनर्जी एंड क्लाइमेट फोरम और भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में युवा वैज्ञानिक सम्मेलन में प्रतिभाग प्रमुख है। साथ ही साथ सरकार के विभिन्न योजनाओं मिशन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए देश के विभिन्न संस्थाओ के स्वयंसेवक के रूप 3 वर्षों से अधिक तक सहयोग करते रहे है।

# आपूर्ति पदाधिकारी ने जन वितरण प्रणाली की दुकान का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को बनियाडीह बरही पंचायत मुखिया सुदामा यादव के उपस्थिति में दादरा गांव टोला पोखराही में सुरेंद्र जन वितरण प्रणाली की दुकान का जांच किया गया। जांच के दौरान में सुरेन्द्र जन वितरण प्रणाली की दुकान बंद पाई गई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने जांच के बाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण को प्रेषित रिपोर्ट में लिखा कि 618 जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के द्वारा कार्ड धारी को समय पर राशन नहीं दिया जाता है 628 पर्ची निकालकर राशन एवं पर्ची कार्ड धारी को नहीं दिया जाता है 638 जून 2023 एवं नवंबर 2023 का अभी तक राशन का वितरण कार्ड धारी के बीच नहीं किया गया है648 कार्ड धारी के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है जन वितरण प्रणाली विक्रेता द्वारा कहा जाता है कि जहां जाना है वहां जाओ मेरा कुछ भी नहीं होगा6 58 एक महीने में चावल के लिए अलग एवं गेहूं के लिए अलग अंगूठा लगाया जाता है 6 68 दुकान जांच करने पर पीडीएस दुकान बंद पाया गया। इस जांच के दौरान मौके पर पंचायत बनियाडीहबाराही मुखिया सुदामा कुमार यादव ने आपूर्ति पदाधिकारी से आग्रह किया कि सुरेंद्र जन वितरण प्रणाली के दुकानदार तत्काल निलंबित किया जाए मौके पर सैकड़ों से अधिक संख्या में कार्ड धारीयों मौजूद थे।

स्वामी देवकीनंदन जी का आना शहर के लिए सम्मान की बात : अरुणा शंकर

# प्रथम महापौर ने स्पष्ट किया, कोयल रिवर फ्रंट पर टूटे जाली को अपने निजी खर्च से बनवा दूंगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कोयल रिवर फ्रंट पर लगे धौलपुर पत्थर से निर्मित जाली का कलश यात्रा के दौरान टूटने संबंधित खबर पर कहा कि हम सभी लोगो को इस बात पर गर्व करना चाहिए कि हमारे शहर मेदिनीनगर में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक स्वामी देवकीनंदन ठाकुर जी का आगमन हुआ है। साथ ही उनके मुखारविंद से भागवत कथा सुनने का अवसर मिलना ही शहर के लिए गौरव और सम्मान की बात है। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि ऐसे महान कथा वाचक का दर्शन करना हर सनातनी महिला पुरुष चाहेंगे। उनके दर्शन हेतु उमड़ी हजारों की भीड़ से यदि 25,50 जाली टूट भी गई तो कोई बड़ी बात नहीं। मैं खुद व्यक्तिगत राशि से 15 दिनों के अंदर इसे बनवा दूंगी। शहर में ऐसे धार्मिक कार्यक्रम होना ही हम सनातनियों के लिए गौरव की बात है। ऐसे कार्यक्रम का सम्मान होना चाहिए। बता दें कि पिछले दिनों कलश यात्रा के दौरान कोयल रिवर फ्रंट पर लगे धौलपुर पत्थर से निर्मित जाली टूट गया था। इसको लेकर शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म था। इन चर्चाओं पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने विराम लगाते हुए स्पष्ट कर दिया कि वे निजी खर्च से टूटे हुए जाली को बनवा देंगे।

# मुख्यमंत्री के आगमन के लेकर उपायुक्त ने किया स्थल का निरीक्षण

**रंका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के दूधोल पंचायत के गांव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन के लेकर उपायुक्त शेखर जमुवार ने किया स्थल को निरीक्षण इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बतलाय कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रंका प्रखंड के दूधवाला पंचायत के गांव में आना है जिसके लेकर आज गढ़वा उपयुक्त शेखर जमुवार के द्वारा दूधवाला पंचायत का स्थल निरीक्षण की गए जहां पर झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री इस गांव में पहुंचेंगे इस मौके पर रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा एवं उनके कर्मों में मौके पर उपस्थित थे।

# किराए के मकान से बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जपला नहर मोड़ स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के संगणक आचार्य सुनील पासवान की कृष्णा नगर मोहल्ले से होंडा की हविस्टर बाइक की चोरी हो गई। उन्होंने हुसैनाबाद थाना में चोरी से संबंधित लिखित शिकायत की है।थाना को दिए गए आवेदन में कहा है कि छठ महापर्व में वे कृष्णा नगर में रवि मेहता के किराये के मकान में बाइक लगाकर बिहार के अंम्बा थाना क्षेत्र के बलिया गांव चले गए थे। जब मंगलवार को वह अपने किराए के मकान कृष्णा नगर में गए तो देखा कि जेएच 03 जे- 2210 बाइक नहीं है।काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल सका। ततपश्चात इसकी सूचना थाना को दी।

# आंवला पूजन सह वन भोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रंका प्रखंड क्षेत्र के चुटिया पंचायत के वन विश्रामगृह के प्रांगण में गोदरमाना ईकाई के द्वारा आंवला पूजन सह वन भोजन कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय रौनियार वैश्य समाज के अध्यक्ष संजीत कुमार गुप्ता उर्फ एस कुमार गुप्ता के अगुवाई में किया गया। महिलाओं ने आंवला पूजन कर आंवला के वृक्ष में रक्षा सूत्र बांध कर समाज के सुख समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात एक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया गीता देवी अखिल भारतीय रौनियार वैश्य समाज के झारखंड प्रदेश के महासचिव बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल प्रसाद रौनियार ने संयुक्त रूप से हेमचंद्र विक्रमादित्य के तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत किया।

# प्रमुख ने कार्यालय में हुई चोरी के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय में स्थित प्रमुख चैंबर से कुछ जरूरी दस्तावेज,चेयर टावेल, कॉल वेल, 4 पेपर वेट, एक पीन स्टेपलर सहित कार्यालय उपयोग की चीजे गुम होने पर अग्रिम कार्रवाई हेतु थाने को दिया लिखित आवेदन। आवेदन में दर्शाया गया है कि बीते छठ पूजा अवकाश के पश्चात जब ब्लॉक प्रमुख अपने कार्यालय दोपहर लगभग डेढ़ बजे पहुंची तो उन्होंने अपने कार्यालय का मुख्य दरवाजा खुला पाई। साथ ही टेबल पर रखे एक कॉल बेल,चार पेपर वेट साथ ही अपने कुर्सी का टावेल गायब पाई इसके बाद और भी चीज को देखने लगी तो दराज से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे पब्लिक इसूज से जुड़ी शिकायत पत्र, वृद्धा पेंशन से जुड़ा दस्तावेज इसके साथ ही अन्य जन शिकायत पत्र जो प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड नाजिर से जुड़ा था और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज गुम पाई इसके साथ ही अन्य दस्तावेज के साथ भी छेड़छाड़ होने की संभावना जताई। उन्होंने आवेदन में दर्शाया है कि इस तरह का कृत्य मेरे पद प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने की नीयत से किया गया है जो किसी भी प्रकार से क्षमा योग्य नहीं है उन्होंने आवेदन में दर्शाया है कि चेंबर का एक चाबी चपरासी राम प्रवेश राम व दूसरा प्रखंड नाजिर मुकुल कुमार के पास रहता है जिनके द्वारा समय-समय पर चैंबर को खोला जाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# अनुमंडल के आठ प्रखंडों के 66 पंचायतो में आज से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के आठ प्रखंडों के कुल 66 पंचायतो में एक साथ आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन 24 नवम्बर से 26 दिसंबर तक सरकार द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में पंचायतो में आवश्यक कार्यो के क्रियावन्यन तथा विशेष रूप से राज्य सरकार द्वारा संचालित अबुआ आवास को योग्य लाभुकों तक पहुचाना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इसी क्रम में खरौंधी प्रखंड के 9 पंचायतो, केतार प्रखंड के 7पंचायतो, भवनाथपुर प्रखंड के 9 पंचायतो, नगर उंटारी प्रखंड के 12 पंचायतो, विशुनपुरा प्रखंड के 5 पंचायतो, रमना प्रखंड के 11 पंचायतो,सगमा प्रखंड के 5 पंचायतो सहित धुरकी प्रखंड के 8 पंचायतो में एक साथ आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।भवनाथपुर प्रखंड के मकरी पंचायत, चपरी पंचायत, बनसानी पंचायत, अर्सली उत्तरी पंचायत, भवनाथपुर पंचायत, पंडरिया पंचायत, अर्सली दक्षिण पंचायत, कैलान पंचायत तथा सिंदुरिया पंचायत के नाम शामिल है।जब कि विशुनपुरा प्रखंड के पतिहारी पंचायत, सरांग पंचायत, अमहर खास पंचायत, पिपरी कला पंचायत, विशुनपुरा पंचायत भी शामिल है। धुरकी प्रखंड के रक्सी, खाला, खुटिया, धुरकी, अम्बाखोरिया, भंडार, टाटीदीरी, गनियारी कला। केतार प्रखंड के परती कुशवानी, पाचाडूमर, केतार, बलिगढ़, मुकुंदपुर, परसाडीह, लोहरगड़ा, नगर उंटारी प्रखंड के भोजपुर, विलासपुर, चितबिश्राम, गरबाँध, हलिवंता कला, हुलहुलाखुर्द, कधवन, कोलझिकि, कुंबाखुर्द, कुशदण्ड, नरही, पिपरडीह, रमना प्रखंड के बहियार कला, बहियार खुर्द, भागोडीह, बुलका, गम्हरिया, हरादाग कला, कर्णपुरा, मडवानिया, रमना, सिलिदाग, टंडवा तथा सगमा प्रखंड के कटहर कला, सोनडीहा, घघरी, बीरबल तथा सगमा पंचायत के नाम शामिल है।

## बीस सूत्री अध्यक्ष ने बीडीओ व सीओ को पदस्थापित करने पर ग्रामीण विकास मंत्री तथा कांग्रेस जिला अध्यक्ष को दिया है बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा) :** गुरुवार को 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने खरौंधी में बीडीओ तथा सीओ को पदस्थापित करने पर राज्य सरकार, ग्रामीण विकास मंत्री तथा कांग्रेस जिला अध्यक्ष को बधाई दिया है। इस दौरान 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार राज्य ने कहा खरौंधी में प्रखंड बनने के बाद दूसरी बार सरकार ने बीडीओ तथा सीओ का स्थाई पोस्टिंग किया है। साथ ही बताया दो माह पूर्व प्रखण्ड कार्यालय में पदस्थापित बीडीओ गणेश महतो का स्थानांतरण हो गया था। प्रखण्ड कार्यालय तथा अंचल कार्यालय का प्रभार में संचालन होने की संभावना हो गई थी। इसे देखते हुए मैने तथा प्रमुख आभा रानी ने बीडीओ तथा सीओ की पदस्थापना करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्री से मांग करते रहे। जिसमे कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबेदुल्लाह अंसारी ने भरपूर सहयोग किया। कुछ दिन पूर्व राज्य सरकार ने खरौंधी का सीओ सुनील कुमार को बनाया। सीओ सुनील कुमार को अंचल तथा प्रखण्ड दोनो का प्रभार मिल गया। लेकिन प्रखण्ड कार्यालय प्रभार में संचालन होने से विकास कार्य धीमा होने लगा था। जिससे आम आवाम को काफी परेशानी होने लगी थी। हमलोगो के लगातार मांग करने का नतीजा है कि मंगलवार को राज्यसरकार ने रविंद्र कुमार को बीडीओ के रूप में भेज दिया। दोनो के स्थाई पोस्टिंग हो जाने से प्रखण्ड में विकास कार्य में तेजी आयेगी। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, तथा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबेदुल्लाह अंसारी को बधाई देते है।

# जाने-माने क्रिकेट खिलाड़ी सह समाजसेवी संजय उर्फ बाना का हुआ अकास्मिक निधन

**रंका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल मुख्यालय के जाने-माने क्रिकेट खिलाड़ी समाजसेवी सह प्रतिष्ठित व्यवसायी सोनार मोहल्ला निवासी राजेंद्र प्रसाद मद्धेशिया के छोटे पुत्र संजय कुमार मद्धेशिया उर्फ बाना मद्धेशिया 40 वर्ष का आज अहले सुबह आकास्मिक निधन हो गया है। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों इनका मुंह में कैंसर हो जाने के कारण ऑपरेशन किया गया था। इसके बाद से वे चिकित्सकों की देखरेख में इलाजरत थे। इसी बीच इंफेक्शन हो जाने के कारण आरएमसी पटना में इनका इलाज किया जा रहा था जहां पर चिकित्सकों के द्वारा जवाब दे देने के बाद आज सुबह रंका अपने पैतृक घर पहुंचे उसके कुछ क्षणों के बाद उनका निधन हो गया। उनके निधन के समाचार सुनते ही सोनार मोहल्ला, दर्जी मोहल्ला, बर मोहल्ला सहित रंका अनुमंडल मुख्यालय के अन्य भागों से उनके दरवाजे पर उनके अंतिम दर्शन के लिए लोग इकट्ठा हो चुके हैं। इनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम टनटनवा नदी में आज किया जाएगा। बताते चलें विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में इनका योगदान रहने के कारण लोग इन्हें प्यार से बानाजी के नाम से पुकारते थे वे अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी और व्यापारी के रूप में भी जाने जाते थे।

# कर्नल कप फुटबॉल 2023 का हुआ रंगारंग आगाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का रंगारंग आगाज हुआ। टूर्नामेंट का शुभारंभ समाजसेवी चन्द्रेश्वर प्रसाद उर्फ ललीता बाबू क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह अध्यक्ष माणिक चन्द्र सिंह पंसस बद्रीनारायण सिंह लालकेश्वर पासवान मनोज शर्मा भर्दुल सिंह डबल सिंह रवि रंजन सिंह जयकुश सिंह विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय कर व फुटबॉल का किक मारकर किया। प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी 20 टीमों के लगभग 250 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय धुन पर हाथ में फुटबॉल और राष्ट्रीय झंडा ले कर सभी नगर वासियों को खेल के प्रति जागरूक करने हेतु अनुमंडल मैदान से निकल कर पूरा जपला का भ्रमण किया तथा लोगों को खेलेगा तभी जीतेगा पलामू÷ अभियान के द्वारा जागरूक किया। कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य हुसैनाबाद को फुटबॉल हब बनाना है। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र से प्रतिभावान खिलाड़ियों को फुटबॉल के क्षेत्र में नए मुकाम पर पहुंचाना है।अपने संबोधन में चन्द्रेश्वर प्रसाद ने कहा कि कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट क्लब ने विगत चार वर्षों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। स्पोर्ट क्लब के बच्चों ने जिले के कई प्रतियोगिताओं में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। जरूरी नहीं प्रतिभा बड़े घरों से ढूंढी जाए, वह गरीब बस्ती से भी निकाल कर भी निखारी जा सकती है। टूर्नामेंट का पहला मैच महुअरी बनाम जमुआ पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें जमुआ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 1-0 गोल से जीत हासिल किया। मौके पर जमुआ पंचायत के मुखिया ओम प्रकाश कुमार अजय कुमार सिंह लालधन ठाकुर, सुदय सिंह तकि रिजवी सुभाष कुमार मनोहर सिंह अमित सिंह नीरज सिंह रजनीश भीम जमालुद्दीन शाह शशि गोविंद सहित हजारों दर्शक उपस्थित थे। प्रतियोगिता में कल का मैच पथरा बनाम बिलासपुर के बीच खेला दोपहर 2 बजे से जाएगा।

# नाबालिग छात्रा के साथ हुआ छेड़छाड़, प्राथमिक दर्ज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र में एक नाबालिक छात्रा के साथ छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है।छात्रा के आवेदन पर थाने में मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है।बताया जाता है कि आरोपी दो बच्चों का पिता है, वहीं पीड़िता क्लास 6 की छात्रा है। घटना 17 नवंबर की बताई जाती है। इस संबंध में छात्रा के माता- पिता ने बताया कि वे लोग कामकाज में व्यस्त थे, उनकी बेटी घर मे अकेली थी। इसी दौरान गांव के ही एक शादी-शुदा अभय कुमार चंद्रवंशी ने उनकी बेटी को अकेला देखकर गलत नीयत से उसके प्राइवेट पार्ट को छू रहा था। वहीं छात्रा के विरोध करने पर उसने नाबालिक छात्रा से कहा कि किसी से कुछ बताना मत। जबकि नाबालिक छात्रा के माता-पिता ने बताया जब वह लोग घर आए तब उनकी बेटी ने पूरी घटनाक्रम की जानकारी उन्हें दी। इसके बाद छात्रा के माता-पिता उसे अपने साथ लेकर धुरकी थाना में पहुंचे। छात्रा के बयान पर आरोपी अभय चंद्रवंशी पर पुलिस ने नामजद प्राथमिक दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया की नाबालिक छात्रा के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# धूमधाम से मनाया गया जरासंध जयंती



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के युवा चंद्रवंशी संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में जरासंध जयंती मनाई गई। इस दौरान अरविंद चंद्रवंशी सहित दर्जनों लोगों ने महाराजा जरासंध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अरविंद चंद्रवंशी ने कहा कि हमें महाराज जरासंध के बताएं मार्ग पर चलना चाहिये समाज में अभी भी नशा-धूम्रपान, छुआ-छूत अशिक्षा जैसी कुरीतियां है। जिसे दूर करके ही हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर अरविंद चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी, दिनेश वर्मा, सूरज कुमार अजय चंद्रवंशी, नवलेश चंद्रवंशी, निवेश चंद्रवंशी, मिथिलेश चंद्रवंशी राहुल चंद्रवंशी, कपिल चंद्रवंशी अखिलेश चंद्रवंशी, हरिओम चंद्रवंशी, अखिलेश कुमार, दिनेश चंद्रवंशी आदि उपस्थित थें।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 10, अंक 318
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
शुक्रवार
24.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
प्रभात मंत्र.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
कड़ी मेहनत को केवल कड़ी, मेहनत से ही हराया जा सकता है !

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

## क्विक न्यूज

### आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ का जवान गंभीर रूप से घायल

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले में गुरुवार तड़के नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन के दौरान सीआरपीएफ का जवान फिर से आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रांची लाया जा रहा है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि एक जवान के घायल होने की सूचना है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ गोइलकेरा थाना इलाके में चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान यह घटना हुई है। एसपी ने बताया कि घायल के इलाज की व्यवस्था की जा रही है। जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ 174 बटालियन के कांस्टेबल हफीजुल रहमान गंभीर रूप से घायल हैं। घायल जवान को एयरलिफ्ट करने के लिए रांची से हेलीकॉप्टर को घटनास्थल के लिए भेजा गया है।

### धनबाद में भूकंप से कांपी धरती, कोई नुकसान नहीं

**धनबाद:** झारखंड के धनबाद में गुरुवार को भूकंप से धरती कांप उठी। रिक्टर स्केल पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.6 रही। भूकंप शाम में 3.45 मिनट पर महसूस किया गया। भूकंप का झटका महसूस करने के बाद लोग अपने घरों और बिल्डिंग से बाहर निकल आए।।फिर से भूकंप आने की आशंका के कारण लोग काफी देर तक अपने घरों के बाहर लगे। लेकिन तीव्रता कम रहने के कारण कई लोगों को भूकंप का एहसास नहीं हो पाया। बाद में लोगों को इसकी जानकारी मिली। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### वह दिन दूर नहीं जब मथुरा में भगवान कृष्ण के भव्य व दिव्य दर्शन होंगे: प्रधानमंत्री

**मथुरा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया है। मथुरा में भी पहले राधा जी फिर कान्हा जी का नाम लिया जाता है। भारत के मुश्किल समय में संत मीराबाई ने हमें दिशा दिखाई। उन्होंने संत रविदास को अपना गुरु माना। वह समाज सुधारक और पथप्रदर्शक भी थीं। मीराबाई हमें रुढ़ियों से दूर रहकर अपने मूल्यों से जुड़े रहने की सीख देती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब मथुरा में भी भगवान कृष्ण के भव्य और दिव्य दर्शन होंगे। ब्रज क्षेत्र में बदलाव हो रहा है। यह केवल व्यवस्था का बदलाव नहीं है, बल्कि यह भारत के पुनर्जागरण का विकास है। प्रधानमंत्री मोदी संत मीराबाई की 525वीं जयंती के अवसर पर रेलवे ग्राउंड में आयोजित 'ब्रज रज उत्सव' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान के चुनावी रण से यहां भक्तिमय वातावरण में आ गया हूं। यह मेरे लिए परम सौभाग्य का है। यहां के कण-कण में भगवान का दर्शन होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी को नमन करते हुए संत मीराबाई को प्रमाण करता हूं। भगवान श्रीकृष्ण से लेकर मीराबाई तक का गुजरात का रिश्ता है।

### काठमांडू में प्रदर्शन के दौरान कई स्थानों पर झड़प, हवाई फायर और लाठीचार्ज

**काठमांडू :** राजधानी काठमांडू में एक तरफ राजसंस्था समर्थकों और दूसरी तरफ राजसंस्था विरोधी लोगों के प्रदर्शन के कारण कई स्थानों पर तीखी झड़पें हुईं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज के अलावा आंसू गैस और हवाई फायरिंग करनी पड़ी है। फिलहाल 12 से अधिक प्रदर्शनकारियों के घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है।राजसंस्था पुनर्बहाली की मांग को लेकर राजधानी काठमांडू में जारी शक्ति प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस घेराबन्दी को तोड़ कर बाहर निकलने का प्रयास कर रहे लोगों की पुलिस के साथ झड़प हुई है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान में आदि-व्याख्यान कार्यक्रम का केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन

# पीएम का दृष्टिकोण है जनजातीय गौरव दिवस : अर्जुन मुंडा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान ने जनजातीय गौरव दिवस के सप्ताह भर चलने वाले समारोह के हिस्से के रूप में नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान परिसर में भारत के विभिन्न राज्यों से भाग लेने वाले जनजातीय विचारकों, लेखकों और नेताओं के दृष्टिकोण से जनजातीय विकास पर एक सम्मेलन आदि-व्याख्यान का आयोजन किया गया। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान में मुख्य अतिथि के रूप में आदि-व्याख्यान कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने जनजातीय पद्म पुरस्कार विजेता श्रीमती उषा बारले (पंडवानी गायिका), पद्मश्री प्रोफेसर जनम सिंह सोय, झारखंड (भाषा संरक्षक - हो) और प्रमुख आदिवासी उपलब्धि प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, जनजातीय कार्य मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव सुश्री आर जया, अनिल कुमार झा, सचिव जनजातीय कार्य मंत्रालय, विभु नायर विशेष कार्य अधिकारी, जनजातीय कार्य मंत्रालय, असित गोपाल, आयुक्त, एनईएसटी, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे। जनजातीय कलाकारों ने अपने जीवंत प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जनजातीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन पर बल दिया गया है

केंद्रीय मंत्री ने जनजातीय भाषाओं के बारे में बात करते हुए कहा कि जब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई गई तो इस बात पर बल दिया गया कि स्थानीय क्षेत्रों में बोली जाने वाली जनजातीय भाषाओं और बोलियों को भी उचित स्थान दिया जाना चाहिए। इसके अनुसार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जनजातीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन पर बल दिया गया है। अर्जुन मुंडा ने बताया कि हाल के वर्षों में सरकार द्वारा जनजातीय लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है, जिसमें हाल ही में 24000 करोड़ रुपये का विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) मिशन, आदि आदर्श ग्राम योजना, सिकल सेल मिशन, 740 एकलव्य मॉडल स्कूलों की स्थापना शामिल है।





### भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान पर गर्व करने का किया आह्वान

केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में जनजातीय प्रतिभागियों से आदिवासी कल्याण और विकास की योजनाओं का स्वामित्व लेकर और अंतिम व्यक्ति तक उनके लाभों की पहुंच सुनिश्चित करके भगवान बिरसा मुंडा और उनके द्वारा किए गए बलिदान पर गर्व करने का आह्वान किया।।जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने जनजातीय स्टालों का दौरा किया।

### जनजातीय गौरव दिवस भविष्य को देगा नई दिशा

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण है कि हम जनजातीय गौरव को चिह्नित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मना रहे हैं। श्री मुंडा ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है जिसने जनजातीय मुद्दों पर नए सिरे से ध्यान केन्द्रित किया है और यह देश में जनजातीय लोगों के भविष्य को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि हालाँकि 15 नवंबर हमेशा जनजातीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन रहा है, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसने एक नई कहानी शुरू करने में सहायता की है और जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए पहल को नई गति प्रदान की है।

# राजस्थान में चुनाव प्रचार का थमा शोर, कल मतदान



एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेशभर में गुरुवार शाम छह बजे प्रचार का शोर थम गया। अब उम्मीदवार केवल डोर टू डोर जनसम्पर्क कर सकेंगे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उम्मीदवारों ने अपने क्षेत्रों में रोड शो कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। आचार संहिता की पालना में रोड शो के दौरान ढोल-नगाड़े बंद कर दिए गए। राज्य में 25 नवंबर प्रदेश की 199 विधानसभा सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। मतगणना 3 दिसंबर को होगी। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा और कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने अपनी ताकत झोंकी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरजी स्टेडियम देवगढ़ में जनसभा को संबोधित किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मीडिया से मुखातिब होकर कांग्रेस पर प्रहार किए। इसके अलावा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी रैलियों- सभाओं को संबोधित करने के अलावा पत्रकारों से बातचीत की। इसके अलावा राज्य में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,असम के सीएम हेमंत बिस्वा सरमा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, सांसद मनोज तिवारी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा ने भी अलग-अलग विधानसभा में जनसभाओं और रोड शो में शामिल हुए।

**चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा और कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने अपनी ताकत झोंकी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरजी स्टेडियम देवगढ़ में जनसभा को संबोधित किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मीडिया से मुखातिब होकर कांग्रेस पर प्रहार किए। इसके अलावा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी रैलियों-सभाओं को संबोधित करने के अलावा पत्रकारों से बातचीत की।**

# लातेहार में नकली शराब फैक्ट्री का हुआ खुलासा



संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र

**लातेहार :** पुलिस ने नकली शराब फैक्ट्री का खुलासा किया। नकली अंग्रेजी शराब कारोबारी मनीष कुमार गुप्ता पिता करमचंद साव ग्राम धरमपुर,लातेहार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली कि लातेहार थाना अंतर्गत ग्राम धर्मपुर, लाल साहब गली के रहने वाले मनीष कुमार गुप्ता अपने घर में बड़ी मात्रा में अवैध नकली शराब का निर्माण एवं बिक्री करते हैं। इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु संतोष कुमार मिश्र,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लातेहार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। मौके से नकली रॉयल स्टैग नामक विदेशी शराब कंपनी के 375 एमएल का 110 बोतल, 180 एमएल का 130 बोतल, 40 लीटर विदेशी शराब रंग का स्पिरिट, 35 लीटर स्पिरिट, 600 पीस रॉयल स्टैग बोतल का ढक्कन, रॉयल स्टैग का रैपर, उत्पाद विभाग का स्टीकर, 1500 पीस खाली बोतल, पांच लीटर विदेशी शराब बनाने का रंग, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल बरामद किया गया।

इस संबंध में लातेहार थाना में झारखंड उत्पाद संशोधन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि नकली शराब की कहां-कहां खपत की जा रही थी, इसका पता लगाया जा रहा है।

ऐसे लोगों पर भी कार्रवाई की जायेगी।छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्र, पुअनि मनोज कुमार शर्मा, गौरव सिंह, राज रौशन सिन्हा, सअनि रविंद्र महली, नागेश्वर महतो, मनोज कुमार गोराई के अलावा सदर थाना के सशस्त्र बल एवं चौकीदार ओम प्रकाश पासवान शामिल थे।

# सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति फातिमा बीवी का निधन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति फातिमा बीवी का गुरुवार को 96 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने गुरुवार सुबह कोल्लम जिले के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। जस्टिस फातिमा बीबी के निधन पर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन सहित तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने अपने शोक संदेश में कहा कि न्यायमूर्ति फातिमा बीबी उच्च न्यायपालिका का हिस्सा बनने वाली मुस्लिम समुदाय की पहली महिला थीं, क्योंकि वह सामाजिक परिस्थितियों के नकारात्मक पहलुओं को चुनौतियों के रूप में देखकर उन्हें दूर करने में सक्षम थीं। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सभी के लिए, खासकर महिलाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि उन्हें श्रद्धांजलि के तौर पर केरल प्रभा पुरस्कार के लिए चुना गया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने न्यायमूर्ति एम फातिमा बीवी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।

उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि फातिमा बीबी को सार्वजनिक सेवा में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के सदस्यों के साथ हैं।फातिमा बीवी ने पथानामथिट्टा के कैथोलिकेट हाईस्कूल से स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद तिरुवनंतपुरम के कॉलेज से बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की।

उन्होंने गवर्नमेंट लॉ कॉलेज से कानून की डिग्री हासिल करने के बाद वकील के रूप में कार्य करना शुरू किया। इसके बाद वह साल 1974 में जिला और सत्र न्यायाधीश बनीं और 1980 में आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण में शामिल हुईं। उनकी हाई कोर्ट में जज के तौर पर 1983 में नियुक्ति हुई। साल 1989 में सुप्रीम कोर्ट में पहली महिला जज के रूप में उनकी नियुक्ति ने इतिहास रच दिया।




**केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने अपने शोक संदेश में कहा कि न्यायमूर्ति फातिमा बीबी उच्च न्यायपालिका का हिस्सा बनने वाली मुस्लिम समुदाय की पहली महिला थीं, क्योंकि वह सामाजिक परिस्थितियों के नकारात्मक पहलुओं को चुनौतियों के रूप में देखकर उन्हें दूर करने में सक्षम थीं।**

# योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से फिर आ रही हेमन्त सरकार आपके द्वार

* मुख्यमंत्री बरहेट में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में होंगे शामिल
* 4,351 पंचायत और 50 वार्ड में शिविर का होगा आयोजन
* कार्य प्रगति देखने और योजनाओं का लाभ देने जिला जाएंगे मुख्यमंत्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** लोगों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारभ हुआ था। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 24 नवम्बर को साहेबगंज के बरहेट स्थित गोपलाडीह से पंचायत स्तरीय आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम शुरू करेंगे। यह कार्यक्रम पूरे राज्य के पंचायतों में 26 दिसंबर 2023 तक आयोजित होगा। इन शिविरों में योजनाओं से अबतक वंचित जरूरतमंदों को लोक कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा।राज्यभर के 4,351 पंचायत और 50 वार्ड में शिविर लगाए जायेंगे।



**तीसरी बार हो रहा आयोजन:** मालूम हो कि राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पहली बार आपके अधिकार- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया था। पंचायत स्तर शिविर लगाकर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने तथा जांचोंपरांत उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ स्थल पर ही लाभार्थी को उपलब्ध कराने की उस पहल को अपार सफलता मिली थी। इसके बाद सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर दो चरणों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान भी लाखों लोगों के आवेदन का शत प्रतिशत निष्पादन हुआ। इस कार्यक्रम की सफलता तथा उपयोगिता को देखते हुए राज्य सरकार ने चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है।

**नई और पूर्व से संचालित योजनाओं का लाभ मिलेगा:** पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित शिविरों में नई योजना यथा अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित मामले, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र में जरूरी संशोधन, भूमि से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, आम जनों के सामाजिक - आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े मामले, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण, राजस्व अभिलेखों में संशोधन/परिमार्जन, आधार एवं राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबधित शिकायत का निवारण समेत अन्य कार्य का निष्पादन किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री का होगा भ्रमण:** आयोजित शिविर के क्रम में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में प्रत्येक जिले में किसी निश्चित तिथि को एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां लाभान्वितों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा।



## सांसद द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा का अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड के राजाउलातु पंचायत के हेसाबेड़ा गांव में भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सांसद श्री संजय सेठ जी, रामकुमार पाहन पूर्व विधायक खिजरी विधानसभा, प्रमोद कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।माननीय सांसद जी ने प्रतिमा का अनावरण किए और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए, इस उपलक्ष में माननीय सांसद जी ने 5 लाख का घोषणा किए, जिसमें प्रतिमा स्थल का सौंदयीकरण और देवी मंडप का घेराबंदी किया जाएगा। मौके पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, रुद्रेश्वर राय महामंत्री, उमाकांत राय, दिलीप साहू, गोरखनाथ सिंह, तुलसी गोप, रमेश लकड़ा, बिरसा पाहन, किशोर अहीर, प्रीति मुंडा, राजेंद्र कुमार, बंधन मुंडा, वार्ड सदस्य सोमरा अहीर, किशोर गोप के साथ सैकड़ों ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित उपस्थित थे।

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रखी नेहालू व जामटोली पंचायत में पथ निर्माण का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के जामटोली और नेहालू पंचायत में गुरूवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पथ विशेष मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। सर्वप्रथम ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नेहालू पंचायत के कपरिया मोड़ से तिलाई भाया घाटटोली तक लगभग 5.8 किलोमीटर व जामटोली पंचायत में जहाना पथ से घाघारी धाम तक लगभग 6.5 किलोमीटर पथ का विशेष मरम्मति कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। ये दोनो रोड की मरम्मति कार्य लगभग 2.43 व 3.34 करोड़ रुपये के लागत से किया जाना है, इस रोड की हालत इतनी खराब थी, कि जगह जगह गड्ढे बन गये है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए विधायक ने विभाग मे बात की। और विभाग द्वारा रोड मरम्मति की स्वीकृति होने के पश्चात आज विधायक ने रोड का शिलान्यास किया। सड़क मरम्मती का शिलान्यास को देखकर ग्रामीण बहुत खुश थे। और अपनी खुशी को व्यक्त कर रहे थे। शिलान्यास के पश्चात विधायक ने उपस्थित सभी लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह रोड मरम्मती पूर्ण होने के पश्चात ग्रामीणों को चलने में कठिनाइयां का सामना नहीं करना पड़ेगा। जो रोड बनने से पूर्व करना पड़ता था। विधायक कार्यक्रम में उपस्थित तमाम लोगों को झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। जैसे- अबुआ आवास, विधवा-वृद्धा पेंशन, बकरी-मुर्गी शेड निर्माण, सिंचाई कूप व अन्य योजनाओं का लाभ लेने को कहा। मौके पर उप प्रमुख मोद्दसिर हक, मुखिया लक्ष्मी कोया, बिरेन्द्र भगत, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, सोमरा लोहरा, आशा रानी पन्ना, वीरेंदर उरांव, सुनील तिर्की, सहित पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।



## क्रेशर मजदूरों से भरा टेंपो पलटा, कई मजदूर घायल



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को प्रखण्ड के बरवा टोली के पास भीषण एक्सीडेंट हुआ। जिसमे 8 लोगो को गंभीर चोटे आयी। सभी लोग टेंपो में सवार थे। यह सभी मजदूर क्रेशर से काम करके घर आ रहे थे। जिसमें तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई हैं। और एक व्यक्ति का पैर टूट गया है। सभी घायलो को स्वयंसेवी जन सेवा संघ के सदस्य लगनू बेदिया, श्याम सुंदर बेदिया, शिव महतो, दिनेश, छतीश, सुलेन, बंटी नायक आदि के सहयोग से घायलों का अस्पताल पहुंचाया गया।


### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)

कार्यालयः– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा

वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा

(E-mail ID: -scolohardaga@gmail.com)

**कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को अनुदानित दर पर पम्पसेट एवं छोटे कृषि उपकरण बैंक वितरण की योजना हेतु**

**आम सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(कृशि प्रभाग) झारखण्ड रांची का राज्यादेश संख्या 56, दिनांक 06.11.2023 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वितीय वर्ष 2023–24 में कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल / कृषक समूहों / लैम्पस / पैक्स एवं अन्य को 90 प्रतिशत अनुदान पर पम्प सेट एवं 200ft HDPE Pipe वितरण हेतु 1.5-3.0HP हार्स पावर पम्प सेट एवं 200ft HDPE Pipe के लिए अधिकतम 20,000 / –(बीस हजार रूपये) तथा 3.5-5.0HP हार्स पावर पम्प सेट एवं 200ft HDPE Pipe के लिए अधिकतम 30,000 / –(तीस हजार रूपये) एवं 1.0HP हार्स पावर सोलर पम्प सेट (ट्रोली माउंटेड टाईप) के लिए अधिकतम 90,000 / –(नब्बे हजार रूपये) अनुदान देय होगा।

छोटे कृषि उपकरण बैंक योजना लागत 6.25 लाख(छः लाख पचीस हजार) का 80 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 5.00 लाख(पांच लाख रूपये) एवं व्यक्तिगत कृषक पैकेज लगात (दो लाख) का 80 प्रतिशत अनुदान 1.60 लाख(एक लाख साठ हजार रूपये) देय होगा।

लाभुक का चयनः–

- ❖ पम्प सेट वितरणः– मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वितों कृषकों के साथ भूमि संरक्षण विभाग द्वार गत वर्षो में तालाब जीर्णोद्वार एवं परकोलेशन टैंक के लाभान्वितों पानी पंचायत के सदस्यों को उक्त योजना का लाभ दिया जायेगा।
- ❖ छोटे कृषि उपकरण बैंकः– झारखण्ड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाईट (JSPLS) द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह / महिला सखी मंडल / कृषक समूहों के सूची के आधार पर प्राथमिकता दिया जाएगा।

| क | जिला | प्रखण्ड का नाम | प्रखण्डवार लक्ष्य का निर्धारण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पम्प सेट (1.5-3.0HP) 200ft HDPE Pipe | पम्प सेट (3.5-5.0HP) 200ft HDPE Pipe | सोलर पम्प सेट (1.0HP) | कृषक समूह पैकेज का भौतिक लक्ष्य | कृषक पैकेज का भौतिक लक्ष्य |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | लोहरदगा | सेन्हा | 43 | 2 | 1 | 5 | 5 |
| 3 | | कुडू | 43 | 3 | 1 | | |
| 4 | | भंडरा | 43 | 3 | 1 | | |
| 5 | | पेशरार | 40 | 2 | 1 | | |
| 6 | | किस्को | 43 | 3 | 1 | | |
| 7 | | लोहरदगा | 45 | 4 | 1 | | |
| 8 | | कैरो | 43 | 3 | 0 | | |
| | | | 300 | 20 | 6 | 5 | 5 |

नोटः–

- ❖ छोटे कृषि उपकरण बैंक हेतु जिले का भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत माननीय स्थानीय विधायक से अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए जिला स्तरीय समिति द्वारा समीक्षा अनुमोदन प्राप्त कृशकों, महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल / कृषक समूहों / पैक्स को प्राथमिकता दी जायेगी।
- ❖ वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल एवं कषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर / वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
- ❖ भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा इच्छुक कृषकों को निःशुल्क आवेदन पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।
- ❖ विहित प्रपत्र भूमि संरक्षण कार्यालय, लोहरदगा / झारखण्ड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाईट (JSPLS) लोहरदगा से प्राप्त किया जा सकता है एवं दिनांक 05 दिसम्बर 2023 तक संबंधित भूमि संरक्षण कार्यालय में कार्यावधि तक जमा किया जा सकता है।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर सम्पर्क किया जा सकता है :–

कार्यालय पता :–
भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा।
वीर वुधू भगत भवन, दूसरा तल्ला।
समाहरणालय परिसर, लोहरदगा।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
लोहरदगा।

PR 311798 Lohardaga(23-24)D


## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का इंटेक हेरिटेज क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने इंटेक रांची तथा झारखंड चैप्टर द्वारा आयोजित इंटेक हेरिटेज क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा नवम के निश्चय रतन और कक्षा दसवीं के वैष्णव सिंह कश्यप ने सीटी स्तरीय हेरिटेज क्विज में पहला स्थान और राज्य स्तरीय हेरिटेज क्विज में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विजेताओं, शिक्षकों और अभिभावकों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों के उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से उन्हें हमारे देश की समृद्ध विरासत के बारे में पता चलता है।




## राजपरिवार द्वारा आंवला नवमी के अवसर पर वनभओज का आयोजन

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जरियागढ थाना क्षेत्र के कारो नदी के किनारे जरियागढ राजपरिवार कि ओर से आंवला नवमी के शुभ अवसर पर वनभोज का आयोजन किया गया. राज परिवार के लोकप्रिय राजा लाल विजय नाथ शाहदेव ने सभी गांव वालों की कुशलता की कामना आंवला वृक्ष से किया.एवम सभी को आंवला नवमी का शुभ कामना भी दिया. गांव वालों के साथ कुछ समय कारो नदी उतर के घूमे सभी लोगों से बीते जमाने की याद भी ताजा किया तथा सभी ग्रामीणों के साथ मिल के भोजन किया. नदी एवम् जंगल में सभी गांव वालों ने एक साथ खूब मस्ती किया. वनभोज मे मुख्य रूप से लाल विजय नाथ शाहदेव, लाल उदय नाथ शाहदेव, पं नटवर मिश्रा, पंचानंद दास, तारकेस दास, मुनी नाथ मिश्र, शशी शर्मा, अनिल मिश्रा, विनोद महापात्र, भूषण महापात्र, उमेश पाड़ी, डॉ अजीत सिंह, नंदलाल सिंह, नारायण नायक, प्रमोद साहू, मनोज सिंह,, बिंदेसर सिंह, बिरेंद्र सिंह, रामा साहू, अजय महाराणा, अर्जुन साहू, बलभद्र साहू, धनेसर ठाकुर, बालकिशून साव के अलावे जरियागढ़ सहित आसपास गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## यूथ कांग्रेस के खूंटी जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सांगा ने कर्रा जल्द प्रखंड का किया दौरा

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा कांग्रेस खूंटी जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा और उनकी टीम ने खूंटी के कर्रा प्रखण्ड क्षेत्र के तीन लोगों की टनल में फंसने की जानकारी मिली है। अरुण संगा और उनकी टीम ने उत्तरकाशी के टनल में फंसे लोगों के परिवार वालों से मिले और आर्थिक मदद भी किए । मौके में अरुण सांगा ने मजदूर के परिजनों को आश्वासन देते हुए कहा की युवा कांग्रेस की टीम उनकी हर संभव मदद करेगी और उन्होंने अपना नंबर देते हुए कहा की कभी भी तकलीफ हो तो उन्हें संपर्क कर सकते हैं जिसमे चमरा उरांव पिता भगतू उरांव,विजय होरो पिता अर्जुन होरो और गणपति पिता ख़िदवा शामिल है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ पहन और लिम्डा पंचायत की मुखिया सोमारी लकड़ा और टनल में फंसे हुए मजदूर के परिवार वाले उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी का फेसबुक आईडी हैक करके फेंक एकाउंट पर ठगी

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्रा थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह का दीपक सिंह के नाम से बना फेसबुक आईडी को हैक करके साईबर क्राईम के तहत फेंक एकाउंट नम्बर देकर थाना प्रभारी के नाम से फर्जी ठगी का मामला सामने आया है. वही थाना प्रभारी कर्रा दीपक कुमार सिंह से मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने बताया कि विगत दो? वर्ष पूर्व ही मेरा दीपक सिंह के नाम से बना फेसबुक आईडी बंद हो गया था. जिसे पिछले कई महीनों से किसी हैकर ने हैक करके मेरे फेसबुक में जुड़े दोस्तों को फर्जी एकाउंट नम्बर देकर मेरे नाम से ठगने का काम किया गया. जिससे मेरे चार-पांच फेसबुक साथी ठगी का शिकार हो चुके हैं. मुझे तो पता ही नहीं था कि मेरे पुराने फेसबुक आईडी का हैक हो चुका है और उससे लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। जिसके प्रति मैं स्वयं कर्रा थाना में मामला दर्ज कराया हूं फर्जी फेसबुक आईडी हैकर की तलाश जुटा हुआ हूं।

## पिपरवार के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक दल के नेता अमर बाउरी से की मुलाकात

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को भाजपा के विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी से मुलाकात किया।जानकारी के अनुसार पिपरवार मंडल में भाजपा अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के पार्टी में शामिल होने एंव बढ़ते जनाधार को देखते हुए विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने भाजपा पिपरवार मंडल के कार्यकर्ताओं को मुलाकात के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया था,इसके बाद गुरुवार की सुबह भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता बचरा से रांची के लिए रवाना हुए।इस दौरान बचरा चार नंबर चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नालेबाजी की और एक साथ वाहनों पर सवार होकर रांची के लिए रवाना हुए।इस संबंध में मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि पिपरवार में अनुसूचित जनजाति के अलावे विभिन्न प्रकोष्ठ के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं।वहीं काफी संख्या मे महिलाऐ पार्टी मे शामिल हुई है।पिपरवार में बढ़ते पार्टी के जनाधार को देखते हुए विधायक दल के नेता से मुलाकात की गई और पार्टी से संबंधित बातों पर चर्चा की गई।इस दौरान विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के मजबूती सहित कई बातों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।रांची जाने वालों में मुख्य रूप से भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,भाजपा ग्रामीण जिला कोषाध्यक्ष लालेश्वर महतो,धनराज भोक्ता,महिला मोर्चा महामंत्री राधा देवी,सह संयोजक संजय कुमार भोगता, रामलाल महतो,अजय रजक, संदीप कुमार सिंह,विकाश कुमार सिंह,सुखी गंझू,दिलीप उरांव,आर्या उरांव,शिबू गंझू सहित कई भाजपा कार्यकर्ता के नाम शामिल है।



## 09 दिसम्बर व्यवहार न्यायालय में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** व्यवहार न्यायालय, खूंटी परिसर में 09 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर डालसा,खूंटी के सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियों एवं न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वह भी अपने अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे।

प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की है कि मामले का निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुँचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन कराएँ। मौके पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी मनोरंजन कुमार ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन की तैयारी जोरों पर है। उक्त अदालत में लगभग पाँच हजार से अधिक मामलों का निष्पादन होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि गत 09 अक्टूबर से ही प्रीकोंशिलियेशन सेशन में आकर लोग अपने वादों का निष्पादन करा रहे हैं।




### झारखण्ड सरकार

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)

कार्यालयः–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार

E-Mail ID– scolatehar@gmail.com

**–: आम सूचना :–**

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में लातेहार जिले के छोटे और सीमांत कृषकों / स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल / कृषक समूह को अनुदान परपम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200Ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) वितरण की योजना**

सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या 56 दिनांक 06.11.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में छोटे और सीमान्त कृषकों / स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल / कृषक समूह / लैम्पस–पैक्स को पम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) वितरण की योजना अन्तर्गत लातेहार जिले में मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूप के लाभान्वित कृषक एवं भूमि संरक्षण विभाग द्वारा गत वित्तीय वर्षों में तालाब जीर्णोद्धार एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य सिंचाई श्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी उक्त योजना के तहत पम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) के क्रय पर अनुमान्य अनुदान की राशि उपलब्ध कराया जायेगा, जिस पर पम्पसेट (1.5-3.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 20000 रू०), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 30000 रू०) तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 90000 रू०) अनुदान देय होगा। जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग या अन्य विभाग (यथा भूमि संरक्षण विभाग / कृषि विभाग / आत्मा / उद्यान / अन्य विभाग) द्वारा सिंचाई पम्पसेट का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी। विहित प्रपत्र के साथ कूप स्थल / सिंचाई श्रोत पर लाभूक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। भरे हुए आवेदन पत्र पर संबंधित रोजगार सेवक / क्षेत्र पर्यवेक्षक तथा त्रिस्तरीय पंचायती राज के प्रतिनिधि द्वारा अनुशंसा के पश्चात् आवेदन संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय में जमा करना होगा। उक्त लाभूकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक **15.12.2023** तक विहित प्रपत्र में आवेदन भर कर संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से संबंधित कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। राज्यादेश संख्या 56 दिनांक 06.11.2023 के द्वारा पम्प सेट वितरण की योजना के कार्यान्वयन हेतु सभी कंडिकाऐं शर्ते लागु होगी। आवेदन पत्र भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय या संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय से निशुल्क आवेदन प्राप्त किया जा सकता एवं भूमि संरक्षण निदेशालय के **वेबसाईट–www.jharkhandsoil.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। प्राप्त लक्ष्य की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र०सं० | जिला का नाम | मद | भौतिक लक्ष्य | | | अभ्यक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पम्पसेट (1.5-3.0HP) | पम्पसेट (3.5-5.0HP) | सोलर पम्पसेट (1.0HP) | |
| 1 | लातेहार | टी०एस०पी | 330 | 20 | 08 | |
| कुल | | | 330 | 20 | 08 | |

नोट :– उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता :– 1. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार, सयुंक्त जिला कृषि भवन किनामाड मेन रोड लातेहार

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 311805 Agriculture(23-24).D



### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची।

कार्यालय– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार।

E-Mail ID–scolatehar@gmail.com

–आम सूचना–

राज्य योजनान्तर्गत् वित्तीय वर्ष 2023–24 में लातेहार जिले के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल / कृषक समूहों / लैम्प्स / पैक्स को योजना लागत रूपये 6.25 लाख का 80% (अधिकतम रू० 5.00 लाख) अनुदान पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रों को उपलब्ध कराने हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल / कृषक समूहों / लैम्प्स / पैक्स द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है तथा व्यक्तिगत कृषकों के लिए योजना लागत रू० 2.00 लाख का 80% (अधिकतम रू० 1.60 लाख) अनुदान पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराने हेतु कृषकों द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कृषि उपकरणों का विवरण, लागत तथा देय अनुदान निम्नवत् है –

| S. No. | Detail of Agri. Machine | Total Package cost for group (Rs. in lakhs) | Maximum Subsidy for groups (80%) (Rs. in lakhs) | Target |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Mini Tractor (12.0 -22.50 P S max PTO) Approved model tested by FMTTI as in GoI Letter with standard Tool Kit, Seat, Hitch, Hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc. | 6.25 | 5.00 | कृषक समूह पैकेज का भौतिक लक्ष्य<br>लातेहार टी(E,l(E)o – 10 |
| 2 | Power Tiller (8.5 -15.5 Max horse power -ps) Approved model tested by FMTTI as in GoI Letter with standard Tool Kit, Rotary, Seat Attachment, Battery in case of Self Start, Universal mounting Frame. | | | |
| 3 | Self Propelled Rice Transplanter | | | |
| 4 | Self Propelled Reaper | | | |
| 5 | Rice Huller with Polisher | | | |
| 6 | Mini Rice Mill | | | |
| 7 | Mini Tractor Compatible – Rotavator (2.5-4.0 ft) | | | |
| 8 | Mini Tractor Compatible Cultivator (5-7 tynes) | | | कृषक पैकेज का भौतिक लक्ष्य लक्ष्य एवं वित्तीय<br>लातेहार टी०एस०पी० – 05<br>राशि लाख में<br>वित्तीय राशि– 16.00<br>अनुदान राशि –1.60 |
| 9 | Mini Tractor Compatible Disc Horrow (8-10) | | | |
| 10 | Mini Tractor Compatible Seed cum Fertilizer Drill | | | |
| 11 | Mini Tractor Compatible Paddy Thresher | | | |
| 12 | Mini Tractor Compatible Wheat Thresher | | | |
| 13 | Mini Tractor Compatible Cage Wheel | | | |
| 14 | Mini Tractor Compatible Universal Mounting Frame | | | |
| 15 | Post Harvest Equipments – Four Mill, Mini Dal Mill, Oil Expeller | | | |
| 16 | Alternator 10-15 Kw | | | |
| 17 | Centrifugal Pumps with Sa ction Pipe 5 -8 Kw Compatible Power Source | | | |
| 18 | 63mm/75mm HDPE Pipe Maximum upto 500 Feet (BIS Certification) | | | |

लाभुक का चयन की पात्रताः–

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, जिला–लातेहार द्वारा गठित महिला स्वंय सहायता समूह / महिला सखी मंडल / कृषक समूह जिनमें कम–से–कम 10 से 12 सदस्य होना अनिवार्य है।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर / वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
3. महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल / कृषक समूहों / लैम्पस–पैक्स के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय हेतु कुल वास्तविक लागत का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह / कृषक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे। चयन उपरांत समूह को कृषि यंत्र के क्रय हेतु यंत्रों का पैकेज उपलब्ध कराना होगा।
4. इस योजनान्तर्गत कुल वित्तीय लक्ष्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृत किया जायेगा।
5. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल / कृषक समूहों / लैम्पस–पैक्स को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से उपर्युक्त वर्णित कृषि यंत्रों में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
6. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, लातेहार के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह / कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध चयन किया जायेगा।
7. देय अनुदान की राशि का हस्तांतरण RTGS के माध्यम से नियमानुसार समूह / कृषक के बैंक खाते में किया जायेगा। कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 5.00 लाख रूपये अनुदान एवं व्यक्तिगत कृषक को कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 1.60 लाख रूपये अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह / कृषक अंशदान के रूप में देय होगा।
8. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय लातेहार के माध्यम से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

PR 311806 Agriculture(23-24)D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,लातेहार।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## एनआईटी जमशेदपुर में तीन दिवसीय उद्योग-शैक्षणिक सम्मेलन का हुआ आगाज

# देश की विकास के लिए उद्योग-अकादमिक साझेदारी अहम

### आईआईटी (आईएसएम) धनबाद और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी रांची के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भविष्य के औद्योगिक विस्तार के लिए उद्योग और शिक्षा जगत के बीच संबंध स्थापित करना के उद्देश्य से आज से एनआईटी जमशेदपुर में तीन दिवसीय उद्योग-शैक्षणिक सम्मेलन का आगाज हुआ। सम्मेलन 23 से 25 नवंबर तक होगा। कॉन्क्लेव का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप मेंउत्तम सिंह उपाध्यक्ष, आयरन मेकिंग टाटा स्टील , सम्मानित अतिथि के रूप राजीव कुमार ईएसी उद्योग 1 समिति के अध्यक्ष पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, अरविंद चौबे निदेशक एनआईटी दुर्गापुर, डॉ. शुभ्रोकमल दत्ता, आर्थिक एवं विदेश नीति विशेषज्ञ उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया तथा स्मारिका का अनावरण किया गया। प्रो. एम.के. सिन्हा, डीन (आर एंड सी) ने बताया कि देश के सभी हिस्सों से संकायों, अनुसंधान विद्वानों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों सहित कुल 355 प्रतिभागी सम्मेलन में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक डॉ. गौतम सूत्रधर ने सभी अतिथियों को शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने देश के विकास के लिए उद्योग-अकादमिक साझेदारी की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज की दशा और दिशा को पूरी तरह से बदल सकते हैं। अन्य अतिथियों ने उद्योग और शिक्षा जगत के बीच बहुआयामी संवाद के विभिन्न पहलुओं को संबोधित किया। संस्थान ने आईआईटी (आईएसएम) धनबाद और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी रांची के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक डॉ. गौतम सूत्रधर ने इस बात पर जोर दिया कि एनआईटी जमशेदपुर आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया कार्यक्रम के संकल्प के पथ पर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन मॉडल प्रदर्शनी, विशेषज्ञ संवाद, तनाव प्रबंधन पर योग सत्र और पैनल चर्चा का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान डॉ. राम विनय शर्मा, उपनिदेशक, डीन, विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, शोधार्थी उपस्थित रहे ।

### उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जागरूकता रथ को प्रखंडों के लिए हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज से, सभी पंचायत में लगेगा शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक जिला में %आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय शिविर लगाकर सुयोग्य लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा । पंचायत स्तरीय शिविर के व्यापक जागरूकता को लेकर समाहरणालय से जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी प्रखंडों के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह मौजूद रहीं। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि अगले दिन किन-किन पंचायतों में शिविर लगेंगे उसकी जानकारी तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रचार रथ से दी जाएगी । इसमें ज्यादा से ज्यादा आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके इसलिए उनके बीच कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाई जाएगी । आमजनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने, उनसे आवेदन प्राप्त करने एवं शिकायतों के समाधान के उद्देश्य से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण विकास विभाग, जेएसएलपीएस, कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रखंड एवं अंचल के कार्यालय, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, परिवहन विभाग एवं विभिन्न बैंकों द्वारा स्टाल लगाया जाएगा । आम आदमी इन कैंपों में जाकर अपनी शिकायतों के अलावा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दे सकते हैं। उनके दिए आवेदन का ऑन द स्पॉट निस्तारण के साथ साथ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ।

## साउथ प्वाइंट स्कूल के छात्रों ने गोलमुरी में आयोजित युवा कौशल उत्सव में लिया हिस्सा



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साउथ प्वाइंट स्कूल, पटमदा के छात्रों ने गुरुवार को जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ, आरडी टाटा टेक्निकल एजुकेशन सेंटर में युवा कौशल उत्सव प्रदर्शनी टेक एक्सपो में भाग लिया। इसमें साउथ प्वाइंट स्कूल के छात्रों का विषय रोबोटिक्स और ऑटोमेशन था। स्कूल के 100 से अधिक छात्र, विज्ञान शिक्षकों के साथ, युवा कौशल उत्सव प्रदर्शनी में शामिल हुए। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि युवा प्रौद्योगिकी उत्साही लोगों की आंखें जिज्ञासा और आश्चर्य से भर गई जब उन्होंने प्रत्येक विभाग ऑटोमेशन द्वारा लगाए गए प्रदर्शनों को देखा।

## विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा के प्रस्तावित भवन निर्माण का भूमिपूजन हुआ

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, शाखा चांडिल के प्रस्तावित प्रकल्प के भवन निर्माण के लिए देव उत्थान एकादशी के दिन गुरुवार को भूमि पूजन और शिलान्यास किया गया। चांडिल मठिया रोड़ स्थित बासुदेव बागान में विवेकानंद केंद्र का आलीशान बहुद्देशीय भवन बनेगा. चांडिल शाखा का मठिया रोड़ स्थित बासुदेव बागान में 1.37 एकड़ जमीन है। इसमें पहले चरण में करीब पांच हजार वर्गफीट में भवन का निर्माण का प्रस्ताव है. आधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुद्देशीय भवन में बैठक, योग आदि के लिए हॉल व प्रवास के लिए कई कमरे होंगे. शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के कोषाध्यक्ष प्रवीण दावलकर शामिल हुए. मौके पर पटना केंद्र से जीवनव्रती धर्मदास, रांची के जीवनव्रती चिराग परमार, सुधीर अम्बष्ठ, पश्चिम बंगाल प्रांत प्रमुख प्रदीप जायसवाल, बिहार-झारखंड प्रांत संचालक सत्येंद्र शर्मा, मलय, चांडिल से अनाथ मिश्रा, विवेकानंद दां, गुलशन जी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर विजय सामड का हुआ स्वागत

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह प्रखंड अध्यक्ष विजय सामाड को आपकी योजना-आपके सरकार-आपकी द्वार कार्यक्रम का सांसद गीता कोड़ा के द्वारा प्रतिनिधि बनाएं जाने पर चक्रधरपुर प्रखंड 20 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन कार्यालय में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा उन्हें गुलदस्ता और माला पहनाकर बधाई दिया गया। बधाई देने वाले पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष सह होयोहातु पंचायत प्रभारी आर्यन हासदा, उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य गोविंद प्रधान,महासचिव सह भरनिया पंचायत प्रभारी भोलेनाथ बोदरा, महासचिव सह केन्दो पंचायत प्रभारी सतीश चन्द्र कोया, कोषाध्यक्ष सह सुरबुढ़ा पंचायत प्रभारी पूर्ण चंद्र मुखी, मंडल अध्यक्ष सपू मंडल, बाबू राम बोदरा, साधु चरण सामाड ,पुटु कांडेयांग आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

## टीकेएम ने कर्नाटक सरकार के साथ किया एमओयू, 3,300 करोड़ रुपये का होगा निवेश



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेक इन इंडिया और सभी के लिए व्यापक खुशहाली की अपनी प्रतिबद्धता के अनुकूल, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए ताकि नए निवेश के माध्यम से देश में कंपनी के मौजूदा परिचालन को बेहतर किया जा सके। भारत में टीकेएम के 25 वर्षों के परिचालन पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर के साथ, लगभग 3,300 करोड़ रुपये का यह निवेश एक नए संयंत्र की स्थापना के लिए है। इससे क्षमता में वृद्धि होगी और इस तरह स्थानीय विनिर्माण की पारिस्थितिकी तंत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ नई प्रौद्योगिकी के उपयोग की शुरुआत होगी और सबके लिए मोबिलिटी तैयार की जायेगी। यह भारत में कंपनी का तीसरा प्लांट होगा, जो कर्नाटक में बैंगलोर के पास बिदादी में स्थित है। यह विकास आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र में अपेक्षित वृद्धि को देखते हुए आगे के निवेश और रोजगार सृजन की संभावना भी लाता है। कर्नाटक सरकार के साथ इस समझौता ज्ञापन पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और कंपनी की ओर से प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मसाकाजु योशिमुरा हस्ताक्षर किए।

## पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में मनाई गई वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु की पुण्यतिथि

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को पटमदा इंटर कॉलेज, जाल्ला में जगदीश चन्द्र बसु का स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डॉ. मदन सरकार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बैंक ऑफ इंडिया पटमदा के शाखा प्रबंधक दिब्येंदु हेंब्रम उपस्थित थे। डॉ. मदन सरकार ने कहा कि सरकार की विज्ञान के क्षेत्र में उदासीनता से वर्तमान में युवा विज्ञान में शोध करने के लिए विदेश जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा अगर आर्थिक समानता हो एवं सरकार शिक्षा पर विशेष ध्यान दें तो सभी छात्र -छात्राऐं वैज्ञानिक बन सकते हैं। प्राचार्य डॉ तरुण कुमार महतो ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को शाखा प्रबंधक दिव्येंदु हेंब्रम, भौतिक विज्ञान के शिक्षक गणेश महतो, रसायन विज्ञान के शिक्षक अरुण कुमार व समाजसेवी विप्लव गोराई ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से शिक्षिका रेखा महतो, गणेश महतो, सोनी कुमार भकत व सावित्री महतो आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डायन कुप्रथा उन्मूलन जागरूकता रथ को उप विकास आयुक्त ने किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय परिसर से गुरुवार को उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराइ द्वारा डायन कुप्रथा उन्मूलन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं महिला बाल विकास पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त ने कहा महिला एवं बाल विकास समाजिक सुरक्षा विभाग के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। सरायकेला एवं चांडिल अनुमंडल के लिए एक एक जागरूकता वाहन रवाना किया गया। यह जागरूकता वाहन प्रखंडवार दो-दो दिन भ्रमण कर डायन कुप्रथा उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे।

## करिमिया सेंट्रल प्लस 2 में सर सैयद व उनकी अदबी खिदमात विषय पर गेस्ट लेक्चर आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीमिया सेन्ट्रल प्लस 2 हाई स्कूल, साकची, जमशेदपुर की साहित्यिक संस्था बज्मे करीम ने गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया। लेक्चर का विषय था- सर सैयद और उनकी अदबी खिदमात। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो मोहम्मद ईसा (गौहर अजीज) थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि सर सैयद अहमद खान 19वीं सदी के सबसे बड़े समाज सुधारक एवं आधुनिक शिक्षा के बीज बोने वाले महान पुरुष थे। उनके द्वारा स्थापित की गई संस्था अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व में अपना स्थान रखती है। ख्वाजा गुलाम मुजीब के द्वारा तिलावत कुरान से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ और मुख्य अतिथि से पहले तीन छात्राओं श्रेया कुमारी, नंदिनी हरपाल एवं उरूज फातिमा ने सर सैयद की जीवनी और योगदान पर भाषण प्रस्तुत किया। सभा का संचालन कार्यक्रम के कन्वीनर डॉ आले अली ने किया। सहायक प्राचार्या वहीदा तबस्सुम, नुजहत निसार, तलत बेगम, जीनत नाज, नाजिया परवीन एवं नसरीन अख्तर तथा जोहरा के अलावा सैयद साजिद परवेज मौजूद थे।

## सामूहिक श्याम अखंड ज्योत पाठ से शुरू हुआ दो दिवसी श्री श्री श्याम जन्मोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल मानगो द्वारा दो दिवसीय 24वां श्री श्री श्याम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर प्रथम दिन गुरूवार को मानगो न्यू पुरूलिया रोड़ स्थित श्याम भवन में सुबह से लेकर देर रात तक भजनों संग बाबा श्याम के जयकारे गूंजते रहे। इससे पहले सुबह श्री सामूहिक श्याम अखंड ज्योत पाठ और शाम को श्री श्याम पाठ का सागार हुआ। श्याम अखण्ड पाठ में लगभग 150 से अधिक महिलाएं रंग-बिरंगी परिधान में शामिल थी। सुबह की पूजा यजमान नीतू-पवन अग्रवाल और शाम की पूजा यजमान सुधा-बन्ना गुप्ता (स्वास्थ्य मंत्री) ने की। रात 12 बजे केक कटिंग के बाद भक्तों के बीच बधाई बांटी गयी। देर रात महाआरती के बाद उपस्थित भक्तों के बीच छप्पन भोग प्रसाद वितरित किया गया।दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह 04.15 बजे मंगला आरती होगी। बारस का पूजन एवं भोग सुबह 11.15 बजे लगेगा। महाप्रसाद दोपहर 01.15 (सवा एक बजे) से शुभारंभ होगा। आयोजकों ने श्याम प्रेमियों से महाप्रसाद में सपरिवार पधारने का अनुरोध किया हैं।

# कुचाई के बारुहातु में टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रसूति प्रतीक्षालय का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के बारुहातु पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण के समीप गुरुवार को टाटा स्टील फाउंडेशन मानसी प्लस प्रोजेक्ट से निर्मित प्रसूति प्रतीक्षालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन खरसावां विधायक दशरथ गागराई, उपयुक्त रविशंकर शुक्ला एवं जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विधायक गागराई ने टाटा स्टील फाउंडेशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि कुचाई के रुगुडीह बारुहातु व रोलाहातु पंचायत के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं के लिए आवश्यक सुविधाओं से युक्त प्रतीक्षालय निर्माण से गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टीएफएफ के सीईओ सौरव राय, सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार सिंह, बीडीओ साधुचरण देवगम, चिकित्सा प्रभारी डॉ सुजीत मुर्मू, डॉ सुशील कुमार महतो, जीप सदस्य जींगी हेंब्रम, सांसद प्रतिनिधि प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा, लखीराम मुंडा, विधायक प्रतिनिधि अनूप सिंह देव, प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी, मुखिया रेखामनी उरांव, मंगल सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

# एसएस प्लस टू हाइस्कूल पटमदा में एसएमसी की बैठक संपन्न, तीन प्रस्ताव पारित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** एसएस प्लस टू हाइस्कूल पटमदा में गुरुवार को माध्यमिक विद्यालय विकास कोष के व्यय हेतु विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। सर्वसम्मति से विकास कोष से निर्माण हेतु तीन प्रस्ताव पारित की गई। पहला विद्यालय की खाली पड़ी जमीन पर शेड का निर्माण, दूसरा शौचालयों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार तथा तीसरा स्कूल का नाम सहित गेट का निर्माण कार्य शामिल है। इस दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि यहां के गरीब बच्चों के उच्च शिक्षा हेतु मुख्यमंत्री से मिलकर बोड़ाम में सरकारी डिग्री कॉलेज की स्वीकृति दिलाई है। जिसका निर्माण कार्य युद्धस्तर से जारी है। उन्होंने कहा कि अपने पेमेंट के पैसों से कई बालिकाओं को जमशेदपुर में इंटर कॉलेज में दाखिला कराया है। विधायक ने बहुत जल्द स्कूल का चहारदीवारी निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। इसके पहले साप्ताहिक रेल टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विधायक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीईईओ प्रभाकर कुमार, प्रधानाध्यापक डॉ मिथिलेश कुमार, जेई अजय मंडल व धनंजय हांसदा आदि मौजूद थे।

## एंटी नक्सल सर्च ऑपरेशन में एक जवान घायल, भेजा गया रांची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** पश्चिमी सिंहभूम जिले में लगातार नक्सली विरोध सर्च अभियान चलाया जा रहा है साथ ही नक्सल प्रभावित पहाड़ी क्षेत्रों में आईईडी विस्फोट को डिफ्यूज करने के लिए जिला पुलिस एवं सीआरपीएफ की संयुक्त टीम के सुरक्षा बल के जवान हमेशा तत्पर है। इसी क्रम में गुरुवार को एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान मुफस्सिल थाना अंतर्गत हेसाबांध गांव के समीप स्थित जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ 194वीं बटालियन का जवान हफीजुर्र रहमान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद तत्काल घायल जवान को एयरलिफ्ट करके बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने भी घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घायल जवान की हालत खतरे से बाहर है और उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है।

# मारपीट में दांत तोड़ने की सजा सूरज को मौत के रुप में मिली

### आरोपी सुमित मुखी उर्फ त्रिशूल गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिले के आरआईटी थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी क्वार्टर संख्या-104/2 में हुए सूरज महानंद उर्फ गोलू हत्याकांड मामले का पुलिस द्वारा उद्भेदन करते हुए हत्यारोपी सुमित मुखी उर्फ त्रिशूल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त तेजधार चाकू भी बरामद किया है। इस मामले का उद्भेदन करते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने आदित्यपुर स्थित जियाडा कैंप कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि बीते 17 नवंबर को आदित्यपुर रेलवे कॉलोनी स्थित उक्त क्वार्टर में आरोपी त्रिशूल ने सूरज महानंद उर्फ गोलू की हत्या कर शव को छुपाने के उद्देश्य से झाड़ियों में लाकर फेंक दिया गया था। सुजीत मुखी उर्फ त्रिशूल ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि एक वर्ष पूर्व मृतक गम्हरिया स्थित शिवनारायणपुर के सारण टोला निवासी सूरज महानंद उर्फ गोलू के साथ विवाद हुआ था, जिसमें मारपीट के दौरान उसने सुजीत मुखी की मुक्का मार कर दांत तोड़ दी थी। इसी प्रतिशोध में उसने इस हत्या को अंजाम दिया। उक्त टीम में सब इंस्पेक्टर शंकर राम, अवधेश पांडे, सतीश बालमुचू, समेत आरक्षी उमा शंकर, कादिर हुसैन, हवलदार किंडो मुंडा आदि शामिल थे।

# आईआईएम फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित हुए यूसील के अध्यक्ष सह एमडी डॉ सी के अस्नानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** यूसील के अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक डॉक्टर सी के अस्नानी उड़ीसा में आयोजित एक कार्यक्रम में आईआईएम फेलोशिप अवार्ड 2023 से सम्मानित किए गए। यह सम्मान केआईआईटी भुवनेश्वर में शुक्रवार को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स द्वारा आयोजित 77वीं वार्षिक तकनीकी बैठक में दिया गया। उन्हें यह सम्मान खनिज अयस्क प्रसंस्करण और केमिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। इस समारोह यूसील की तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के महाप्रबंधक एम.एस.राव, जीएम टीसीएस रेड्डी, अधीक्षक (मैकेनिकल, तुम्मा पल्ली) विपिन कुमार शर्मा, अतिरिक्त अधीक्षक (मिल, तुम्मा पल्ली) भी इस सम्मेलन में यूसील में नई तकनीकी अनुसंधान पर अब तक की गई खोज कार्य पर अपना दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं। इस वार्षिक तकनीकी बैठक में आईआईएम का जहां देश भर से धातुविज्ञानी और सामग्री वैज्ञानिक/इंजीनियर, उद्योग, शिक्षा और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के सभी मुख्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए, अपने विचारों, ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान के लिए भाग लेने पहुंचे है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रदीप कुमार जेना, मुख्य सचिव, ओडिशा थे। वही तकनीकी प्रदर्शनी का उद्घाटन जेएसडब्ल्यू समूह के अध्यक्ष और आईआईएम के उपाध्यक्ष सज्जन जिंदल ने किया। इस सम्मेलन मेंकई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रसिद्ध वक्ताओं द्वारा पूर्ण व्याख्यान दिए गए। पैनल चर्चा के लिए सेल, एनएमडीसी, डेनली, जेजीडब्ल्यू, टाटा स्टील, सेल, एलएंडटी, मिधानी के अध्यक्ष ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके पूर्व केंद्रीय इस्पात और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा कई एनएमए पुरस्कार प्रदान किए गए।

# नीमडीह में दलमा जंगल से उतरे हाथी, ग्रामीण दहशत में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल वन क्षेत्र के नीमडीह थाना क्षेत्र के तिल्ला पंचायत के कुशपुतुल जंगल से दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के भटकते हुए विशाल ट्रस्कर हाथी नीचे उतरकर एनएच 32 रघुनाथपुर मुख्य राज्य मार्ग में घूमने लगे। वहीं हाथी को देखने पहुंचे राहगीर और ग्रामीण का भीड़ लग गया। वहीं श्री को खदड़ने के दौरान कई लोगो को चोट भी लगी। आज शाम तील्ला जंगल से हाथी को खदेड़ते हुए ग्रामीणों दूमदुमी गांव पहुंचे और पूर्ण होदागोड़ा गांव की ओर हाथी को एलिफेंट ड्राइव करते हुए होदागोड़ा जंगल में खदेड़ कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि चांडिल वन क्षेत्र के पदाधिकारी को सूचना देने के बावजूद हाथी भागने के लिए कोई वन कर्मी नही पहुंचे।

## संपादकीय

# क्यों हारे हिमाचली कलाकार

बहुत पहले कुल्लू दशहरा के सांस्कृतिक मंच से बेदखल होने पर नाटी किंग ठाकुर दास राठी के आंसू छलके थे और इस बार रामपुर की लवी ने हिमाचली गायक एसी भारद्वाज को परास्त कर दिया। लोक गायक का गुस्सा फूटना स्वाभाविक है और जिस तरह सोशल मीडिया पर हिमाचल की सांस्कृतिक नौटंकी का पर्दाफाश हो रहा है, उसे सामान्य नहीं माना जा सकता। कुछ तो रही होगी तेरी बेरुखी, वरना हम तेरी ही गलियों में क्यों चीखते। उम्मीद है एसी भारद्वाज जैसे लोकगायक का क्रंदन सरकार के गलियारों में सुना जाएगा। आश्चर्य यह कि जब दशहरा की सात सांस्कृतिक संध्याओं में से छह लूट कर बाहरी कलाकारों में बांट दी गई थी, तो भी खूब हल्ला हुआ था, लेकिन संस्कृति के हिमाचली कान अब सियासी हैं या फरेबी हैं जो कुछ सुनना नहीं चाहते। अब यही आरोप रामपुर की लवी की हकीकत में, स्थानीय कलाकारों की प्रताडना के सबूत दे रहा है। बाकी सांस्कृतिक समारोह भी इसी परंपरा के गवाह बन रहे हैं यानी जिस हिमाचली संस्कृति के उत्थान के नाम पर समारोह हो रहे हैं, वहां स्थानीय कलाकार ही हर बार हार रहा है। बेशक इन सांस्कृतिक समारोहों की संख्या लगातार बढ़ रही है और बढ़ रहा है भारी बजट का जलवा, लेकिन सारे तामझाम के नीचे न हिमाचल की संस्कृति का संवद्र्धन और न ही स्थानीय कलाकार को मिल रही इज्जत। सांस्कृतिक समारोहों के आय-व्यय का हिसाब पहले पारदर्शिता के अभाव में एक ऐसा दस्तूर बन गया है, जहां ये स्थानीय विधायक या मंत्री की अपनी शानो शौकत में प्रशासनिक मजदूरी करवा रहा है। मंच पर न कला-संस्कृति विभाग की कोई ईमानदार कोशिश और न ही प्रशासन की कोई जवाबदेही। बस एक प्रदर्शन है थोड़ा सा हल्ला गुल्ला और मनपसंद के बाहरी कलाकारों को रसगुल्ला। यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि सांस्कृतिक समारोह बिना किसी नियमन, उद्देश्य-प्रक्रिया प्रणाली और पारदर्शिता के सिर्फ राजनीतिक पगडियों का सवाल हो गए हैं। ऐसे-ऐसे समारोह राज्य स्तरीय हो गए या ऐसे आयोजन स्थल चुन लिए गए, जो कला संरक्षण के बजाय सियासी चाटुकारिता के पर्याय बन गए। प्रदेश की किसी भी सरकार ने आज तक मंदिरों की आय, वार्षिक मेलों व सांस्कृतिक समारोहों के आय-व्यय को एक लड़ी में पिरोकर नहीं देखा, वरना ये सारे आयोजन केवल तमाशा न बनते। होना यह चाहिए कि प्रदेश के कला, संस्कृति एवं भाषा, पर्यटन तथा सूचना एवं जनसंपर्क जैसे विभागों को मिला कर एक सशक्त विभाग की परिकल्पना करनी चाहिए और जिसके तहत एक मेला विकास प्राधिकरण, एक मंदिर विकास प्राधिकरण तथा कला एवं संस्कृति की एक स्वतंत्र अकादमी होनी चाहिए, जबकि भाषा विभाग को शिक्षा विभाग के सुपुर्द कर देना चाहिए या इसके लिए अलग से अकादमी होनी चाहिए। प्रदेश में सौ के करीब बड़े-छोटे वार्षिक मेले, करीब दर्जन भर सांस्कृतिक समारोह तथा तरह-तरह के धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं, जिनके तहत लोक कलाओं, कलाकारों, व्यापारियों और भजन मंडलियों का संरक्षण हो सकता है। अगर हम इन तमाम आयोजनों के तहत अब तक करीब दो सौ करोड़ भी खर्च कर रहे हैं, तो यह आय अपना उद्देश्य पूरा नहीं कर रही। आश्चर्य यह कि हिमाचल में कोई ऐसा कला केंद्र नहीं जहां नियमित कलाकारों को अवसर मिलें। ऐसे में प्रदेश के लगभग छह से आठ मंदिर परिसरों को कला केंद्र मान कर इनके साथ सभागार व प्रदर्शनी स्थल विकसित करने होंगे ताकि श्रद्धालुओं को हर सायं सांस्कृतिक संध्याएं देखने सुनने को मिल सकें। वार्षिक मेलों व सांस्कृतिक समारोहों के आयोजन अगर मेला प्राधिकरण के तहत होते हैं, तो हिमाचल का एक ऐसा कैलेंडर सामने आएगा जो हर लोक कलाकार को उसके कद के मुताबिक अवसर प्रदान करेगा। तमाम कलाकारों की रैंकिंग करके प्राधिकरण इन्हें वार्षिक अनुबंध के आधार पर मेले, सांस्कृतिक या धार्मिक आयोजन आबंटित कर पाएगा। इससे न बंदरबांट रहेगी और न ही कलाकारों की उपेक्षा होगी। इतना ही नहीं पर्यटक सीजन और विभिन्न पर्यटन के अवसरों के दौरान सांस्कृतिक आयोजनों की कई नई श्रृंखलाएं जोड़ी जा सकती हैं, जबकि प्रदेश के प्रमुख शहरों में संगीत सम्मेलन, लोक कलाकार, महोत्सव व रेडियो-टीवी कलाकार सम्मेलन भी करवाए जा सकते हैं। दरअसल मेलों, सांस्कृतिक व धार्मिक समारोहों के वर्तमान आयोजन केवल सियासी झंडियां हैं, जहां बाहरी कलाकारों को दलालों द्वारा बुला कर समय, धन और औचित्य को बर्बाद किया जा रहा है।


सांस्कृतिक समारोहों के आय-व्यय का हिसाब पहले पारदर्शिता के अभाव में एक ऐसा दस्तूर बन गया है, जहां ये स्थानीय विधायक या मंत्री की अपनी शानो शौकत में प्रशासनिक मजदूरी करवा रहा है। मंच पर न कला-संस्कृति विभाग की कोई ईमानदार कोशिश और न ही प्रशासन की कोई जवाबदेही। बस एक प्रदर्शन है थोड़ा सा हल्ला गुल्ला और मनपसंद के बाहरी कलाकारों को रसगुल्ला। यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि सांस्कृतिक समारोह बिना किसी नियमन, उद्देश्य-प्रक्रिया प्रणाली और पारदर्शिता के सिर्फ राजनीतिक पगडियों का सवाल हो गए हैं। ऐसे-ऐसे समारोह राज्य स्तरीय हो गए या ऐसे आयोजन स्थल चुन लिए गए, जो कला संरक्षण के बजाय सियासी चाटुकारिता के पर्याय बन गए। प्रदेश की किसी भी सरकार ने आज तक मंदिरों की आय, वार्षिक मेलों व सांस्कृतिक समारोहों के आय-व्यय को एक लड़ी में पिरोकर नहीं देखा, वरना ये सारे आयोजन केवल तमाशा न बनते। होना यह चाहिए कि प्रदेश के कला, संस्कृति एवं भाषा, पर्यटन तथा सूचना एवं जनसंपर्क जैसे विभागों को मिला कर एक सशक्त विभाग की परिकल्पना करनी चाहिए और जिसके तहत एक मेला विकास प्राधिकरण, एक मंदिर विकास प्राधिकरण तथा कला एवं संस्कृति की एक स्वतंत्र अकादमी होनी चाहिए, जबकि भाषा विभाग को शिक्षा विभाग के सुपुर्द कर देना चाहिए या इसके लिए अलग से अकादमी होनी चाहिए।


## कुछ अलग

# विराट-शमी का फाइनल

वाह क्या सेमीफाइनल मैच था!! विराट कोहली और मुहम्मद शमी के लिए तो यह फाइनल मैच था। विराट ने ऐतिहासिक 50वां एकदिनी शतक लगा कर महान सचिन तेंदुलकर का कीर्तिमान पार किया, तो शमी की सटीक और तूफानी गेंदों ने 57 रन देकर 7 विकेट उखाड़ दिए। अभूतपूर्व, अविश्वसनीय क्रिकेट थी यह! शमी पहले भारतीय और अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज हैं, जिन्होंने विश्व कप के सेमीफाइनल में ऐसा सशक्त और विविधतापूर्ण प्रदर्शन किया। शमी ने सभी विश्व कप मैचों में कुल 54 विकेट हासिल कर नया कीर्तिमान रचा है। अब भविष्य की कहानियां उन्हीं से शुरू होंगी और क्रिकेट की पीढियां उनकी गेंदबाजी का अध्ययन करेंगी। शमी पहले भारतीय गेंदबाज हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड के बोल्ट और ऑस्ट्रेलिया के स्टार्क सरीखे गेंदबाजों के रिकॉर्ड पुराने कर दिए हैं। और नए मील-पत्थर अपने और भारत के नाम दर्ज कराए हैं। शमी ने विश्व कप मैचों में कुल 8 बार 4 या उससे अधिक विकेट उखाड़े हैं और मौजूदा टूर्नामेंट में 4 बार 5 या उससे अधिक विकेट हासिल किए हैं। ये सभी कीर्तिमानी प्रदर्शन हैं, जो विश्व कप के 'सर्वश्रेष्ठ प्लेयर' की जमात में उन्हें शामिल कर रहे हैं। शमी अभी तक सर्वाधिक 23 विकेट ले चुके हैं और औपचारिक फाइनल मैच अभी शेष है। ईमानदारी और आत्मा से विश्लेषण करें, तो सेमीफाइनल मैच शमी की गेंदबाजी ने ही जिताया है। बेशक विराट के 117 रन, श्रेयस अय्यर के ताबड़तोड़ 105 रन और कप्तान रोहित शर्मा की छक्केदार बल्लेबाजी के साथ शुभमन गिल के नाबाद 80 रनों की बदौलत ही टीम इंडिया 397 रनों का 'हिमालय' खड़ा करने में सफल रही, लेकिन शमी एक के बाद एक विकेट नहीं उखाड़ते, तो न्यूजीलैंड वह लक्ष्य भी पार कर सकता था। जब तक मिचेल और विलियम्सन मैदान पर थे, तब तक रनों की मूसलाधार बारिश हो रही थी, जिसे फिलिप्स ने और भयंकर बना दिया था। शमी ने उनकी निरंतरता को बार-बार तोड़ा, नतीजतन टीम इंडिया 70 रनों से जीत कर चौथी बार फाइनल में पहुंची है। बेशक बुमराह, कुलदीप यादव, सिराज ने 1-1 विकेट हासिल किए, लेकिन जडेजा इस बार खाली हाथ ही रहे। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बेहद आक्रामक क्रिकेट खेल रहे थे। बहरहाल विश्व कप के सेमीफाइनल में 397 रनों की पारी का 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन' भी भारत के हिस्से दर्ज किया गया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 2015 के सेमीफाइनल में 338 रनों का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था। वह कुल पांच बार विश्व चैम्पियन बना है। अब समीकरण और खेल के तेवर बदल चुके हैं। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया को लगातार पराजित करती आई है। बहरहाल यही मैच क्रिकेट के नए 'विराट' और 'करिश्माई गेंदबाज' शमी के लिए विश्व कप का फाइनल साबित हुआ है। विराट 711 रनों, तीन शतकों समेत, के साथ प्रथम स्थान पर हैं। इस संदर्भ में भी उन्होंने अपने 'आदर्श' और 'खेल की प्रेरणा' सचिन तेंदुलकर का 2003 के विश्व कप का 673 रनों का रिकॉर्ड तोड़ा है। यदि क्रिकेट की दुनिया में कोई खिलाड़ी सचिन के कीर्तिमानों को छूकर पार जा सकता है, तो वह सिर्फ विराट कोहली ही हैं।


## मुगल मंगोलों के आक्रमण हुए तो उसको चुनौती देने वालों में से वाल्मीकि समाज अग्रणी भूमिका में था

# वाल्मीकि समाज का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

कुलदीप चंद अग्निहोत्री


अयोध्या नरेश दशरथ, उनके सुपुत्र श्री रामचन्द्र जी, राम वनवास, राम-वरण विवाद, राम द्वारा सामान्य जन का संगठन खड़ा करना और उसी संगठन के बलबूते महाशक्तिशाली रावण को पराजित करना, अयोध्या का शासन सम्भालना, सीता को लेकर लोकोपवाद, लोकतन्त्र लोकलाज से चलता है- सूत्र की घोषणा और सीता का त्याग, सीता जी का महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में आश्रय ग्रहण करना, वाल्मीकि द्वारा सीता के पुत्रों लव-कुश को एक साथ शस्त्र व शास्त्र की साधना में निपुण करना, इनमें से अनेक ऐतिहासिक प्रसंगों को उन्होंने लेखनीबद्ध किया और अनेक प्रसंग उनके आश्रम में ही घटित हुए।


भारत के वाल्मीकि समाज का यहां के सप्त सिन्धु समाज से घनिष्ठ संबंध है। महर्षि वाल्मीकि जी का आश्रम पंजाब में अमृतसर के समीप स्थित है। यह आश्रम यहां के तीर्थ स्थानों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इस आश्रम की प्रसिद्धि के दो मुख्य कारण हैं। यहां बैठ कर महर्षि वाल्मीकि ने श्री रामचन्द्र जी के इतिहास को लिपिबद्ध किया था। अयोध्या नरेश दशरथ, उनके सुपुत्र श्री रामचन्द्र जी, राम वनवास, राम-वरण विवाद, राम द्वारा सामान्य जन का संगठन खड़ा करना और उसी संगठन के बलबूते महाशक्तिशाली रावण को पराजित करना, अयोध्या का शासन सम्भालना, सीता को लेकर लोकोपवाद, लोकतन्त्र लोकलाज से चलता है- सूत्र की घोषणा और सीता का त्याग, सीता जी का महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में आश्रय ग्रहण करना, वाल्मीकि द्वारा सीता के पुत्रों लव-कुश को एक साथ शस्त्र व शास्त्र की साधना में निपुण करना, इनमें से अनेक ऐतिहासिक प्रसंगों को उन्होंने लेखनीबद्ध किया और अनेक प्रसंग उनके आश्रम में ही घटित हुए। यह ठीक है कि रामचन्द्र जी के अनेक प्रसंग छिटपुट रूप से अनेक ग्रन्थों में मिल जाते थे, लेकिन यह महर्षि वाल्मीकि जी ही थे जिन्होंने इस पूरे इतिहास को समग्र रूप से एक साथ लिपिबद्ध करके भारतीय इतिहास और राजनीति के इस प्रारंभिक इतिहास को सुरक्षित रखने में अवश्य ही कालजयी भूमिका निभाई। दरअसल रामचन्द्र जी के इतिहास से संबंधित अनेक पुरुष/स्त्री इसी सप्त सिन्धु क्षेत्र से ताल्लुक रखते थे। रामचन्द्र जी की माता कौशल्या जी पटियाला के समीप घड़ाम गांव से थीं। आजकल भी पटियाला के राजकीय चिकित्सालय का नाम माता कौशल्या के नाम पर ही है। कैकेयी भी कैकेय प्रदेश यानी गन्धार की थी। रामचन्द्र जी के बेटों लव-कुश ने पंजाब के दो प्रसिद्ध शहर लाहौर और कसूर की स्थापना की। वाल्मीकि जी के इस आश्रम की ख्याति चहुं ओर फैल रही थी। विश्वामित्र और वासिष्ठ जी के आश्रम भी चर्चित थे, लेकिन वाल्मीकि के आश्रम में भारत का इतिहास लिखा जा रहा था और दूसरी ओर भविष्य में सुरक्षा की सशक्त दीवार का निर्माण किया जा रहा था। लव-कुश के साथ ही हजारों युवा शस्त्रों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। यहां देश की सामाजिक व्यवस्था में भी एक नया प्रयोग कर रहा था। अभी



तक की सामाजिक व्यवस्था में जो ज्ञान अर्जित करने में रुचि रखता था, उसे शस्त्रों के प्रशिक्षण की जरूरत नहीं समझी जाती थी। जो शस्त्रों का प्रशिक्षण प्राप्त करते थे, उनका ज्ञान साधना से कोई ताल्लुक नहीं होता था। लेकिन महर्षि वाल्मीकि भविष्य द्रष्टा थे। वे देश के भविष्य को देख रहे थे। हजारों वर्षों दूर के भविष्य को। यही कारण था कि उनके आश्रम में लव-कुश के साथ देश के हर हिस्से, विशेषकर सप्त सिन्धु क्षेत्र के युवा एक साथ ही शस्त्र और शास्त्र की साधना कर रहे थे। राम के इतिहास का पूर्वाद्र्ध इन्हीं आश्रमों से जुड़ा हुआ था, लेकिन वाल्मीकि महाराज के आश्रम की महत्ता इसलिए थी कि वे राम की सन्तान को प्रशिक्षित करके इस यात्रा के सनातन प्रवाह को आगे बढ़ा रहे थे। लेकिन अब वाल्मीकि जी से शस्त्र व शास्त्र की शिक्षा केवल लव-कुश ही नहीं ले रहे थे बल्कि सप्त सिन्धु क्षेत्र के लाखों युवा इस आश्रम की ओर खिंचे चले आ रहे थे। महर्षि वाल्मीकि के लिए वे सभी लव और कुश का रूप ही हो गए थे। भारत के कोने कोने से लोग वाल्मीकि आश्रम की ओर खिंचे चले आ रहे थे। ये लोग सभी जातियों, सभी वर्णों के थे। आज जिनको जनजाति समुदाय भी कहा जाता है, उन समुदायों के लोग भी यहां थे। वाल्मीकि आश्रम सही अर्थों में, यदि आज की शब्दावली का प्रयोग करना हो तो सामाजिक समरसता का राष्ट्रीय मंच बन गया था। लेकिन यकीनन इसमें सप्त सिन्धु क्षेत्र के लोग सर्वाधिक थे। पश्तून, बलोच, जाट, बलती, दरद, सप्त सिन्धु क्षेत्र का ऐसा कौनसा समुदाय था जो महर्षि वाल्मीकि आश्रम की ओर खिंचा नहीं चला आ रहा था। लेकिन इन सभी समुदायों की अलग अलग पहचान समाप्त होकर एक नई पहचान उभर रही थी। महर्षि वाल्मीकि के शिष्य होने के नाते ये सभी भी वाल्मीकि हो गए। लेकिन आखिर महर्षि वाल्मीकि जी ने सारे देश में से अमृतसर को ही अपने आश्रम के लिए क्यों चुना? सप्त सिन्धु/पश्चिमोत्तर भारत ही उनके इस नए प्रयोग की साधना स्थली क्यों बना? वाल्मीकि त्रिकालदर्शी थे। वे भविष्य को पढ़ ही नहीं, स्पष्ट देख रहे थे। इसी सप्त सिन्धु के दर्रा खैबर से हिन्दुस्तान पर विदेशी आक्रमणों की एक लम्बी श्रृंखला शुरू होने वाली थी। उसके लिए ऐसी समाज रचना की जरूरत थी जो उसका मुकाबला कर सके। वाल्मीकि जी उसी काम में लगे थे। लेकिन साथ ही रामचन्द्र की शासन व्यवस्था का विश्लेषण भी कर रहे थे ताकि आने वाले शासकों के लिए यह शासन व्यवस्था रोल मॉडल बन सके। यही वाल्मीकि का राम राज्य था, जिसे तुलसीदास ने हजारों साल बाद भी जन भाषा में सूत्रबद्ध करते हुए लिखा- दैहिक दैविक भौतिक तापा, रामराज्य सपनेहुं न व्यापा। लेकिन महर्षि वाल्मीकि ने वाल्मीकि के नाम से यह जो सामाजिक समरसता के आसन पर नया समुदाय प्रशिक्षित किया था, क्या संकट काल आने पर उस कसौटी पर पूरा उतरा? इसमें कोई शक ही नहीं कि जब पश्चिमोत्तर द्वार से भारत पर अरबों, तुर्कों, मुगल मंगोलों के आक्रमण हुए तो उसको चुनौती देने वालों में से वाल्मीकि समाज अग्रणी भूमिका में था। लेकिन उससे पहले हजारों वर्षों तक इस समाज ने देश में ज्ञान की ज्योति भी प्रज्ज्वलित करने में अपनी भूमिका निभाई। लेकिन दुर्भाग्य से इतिहासकारों ने न तो इस दिशा में शोधकार्य किया, न ही वाल्मीकि समाज की संरचना और उसकी गोत्र प्रणाली को समझने की दिशा में कदम उठाया। ज्ञान और शौर्य के शिखर पर बैठा समुदाय धीरे धीरे अधोगति की ओर कैसा चल पड़ा? समाजशास्त्रियों को इन प्रश्नों के उत्तर तलाशने चाहिए थे, लेकिन वे एक रहस्यमय चुप्पी साधे रहे। यह ब्रिटिश चाल थी या स्वयं की निष्क्रियता थी, बाबा साहिब आम्बेडकर ने अपनी दो पुस्तकों 'शूद्र कौन थे' और 'अस्पृष्य कौन थे' के माध्यम से इन प्रश्नों के उत्तर तलाशने की कोशिश की थी लेकिन उनके देहान्त के बाद उनके इस काम को किसी ने नहीं पकड़ा। एक सहज अनुमान लगाया जा सकता है। तुर्कों व मुगल मंगोलों से टक्कर लेने में वाल्मीकि समाज अग्र पंक्तियों में था, लेकिन दुर्भाग्य से विदेशी हमलावर जीत गए थे।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## गुरु नानक देव जी के 555वे जन्मोत्सव को लेकर छठे दिन निकाली गई प्रभात फेरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555वे प्रकाशोत्सव पर छठे दिन निकाली गई प्रभातफेरी। प्रभातफेरी के छठे दिन भी बड़ी संख्या में सिख समाज के पुरुष और महिला शामिल हुए. प्रभात फेरी में साध-संगत सबद गाते लोग चलते रहे. प्रभात फेरी में सबसे आगे कुज्जू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे।÷गुरा इक देह बुझाई, जो मांगे ठाकुर अपने ते, आखा जीवा वसीर मर जाओ, दर्शन देख जीवा गुर तेरा पुरण करम होए प्रभ मेरा÷ शब्दों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा. लोगों में प्रफातफेरी को लेकर काफी उत्साह



था.प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर सुभाष चौक होते हुए बिजलियां सरदार परविंदर सिंह गांधी के आवास पहुंची, जहां साध संगत का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से डॉ नरेंद्र सिंह सोनी ने सरदार परविंदर सिंह गांधी को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां परिवार वालों ने साथ संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया। प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह, हरपाल सिंह अरोड़ा, इंद्रजीत जसल, जगजीत सिंह सोनी, जिगर छाबड़ा कवलजीत सिंह लांबा, हरजाप सिंह, तेजिंदर सिंह सोनी, कुलवंत मारवाह, पपींदर सिंह खंबे, जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह कालरा,बबलू, कमल जस्सल, अजय सिंह छाबड़ा हरदीप सिंह होरा जसकीरत सिंह भाटिया राजू कैद जसकीरत सिंह सैनी रौनक सिंह गुरजोत सिंह नरेंद्र सिंह होरा गुरदीप सिंह सैनी कमलजीत सिंह लांबा, लकी मेहरा, पलविंदर सिंह बल, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जससल, राजी गांधी, नरेंद्र सिंह गुजराल,बुग्गी जस्सल ब्रदर, देवेंद्र अरोड़ा, प्रीतम सिंह, त्रिलोचन सिंह, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, नरेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, रवींद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, विमला जस्साल, रानी जसल , रोमा छाबड़ा,मनप्रीत सैनी नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कोर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा,सुमी जोली, गुरबख्श कौर सैनी, , मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर शामिल हुए।

## झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच समाज के प्रति निरंतर कर रही है सहयोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच समाज के प्रति निरंतर सहयोग जैसे कार्यों में अपनी सहभागिता निभा रही है। संगठन की ओर से समाज में लड़कियों की विवाह में सहयोग करने में हमेशा कदम आगे रहता है। बीते गुजिश्ता रात सोसो कलां गांव के सुभी प्रवीण पिता मिराज राय के लड़की की शादी में संगठन टीम के द्वारा सहयोग के रूप में दो पैकेट अरवा चावल दिया। घर वालों में खुशी हुई ओर संगठन के लिए दुआएं दी।संगठन के ओर से हमेशा प्रयास जारी रहेगा की इंसान अपने इंसानियत के साथ नेक काम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले। मौके पर तबरेज आलम, जिला सचिव रामगढ़ जाकिर हुसैन, केंद्रीय सह संगठन मंत्री समीर अंसारी,केंद्रीय स्टूडेंट सचिव मोहम्मद अफजल अंसारी मुख्य रूप से शामिल थे।

## सरगडीह मे ममता देवी बजरंग महतो का किया गया नागरिक अभिनंदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सरगडीह पंचायत के बांधडीह टोला में गुरुवार को ग्रामीणों की भारी तादाद मे पुर्व विधायक ममता देवी व पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो का नागरिक अभिनंदन किया गया।नागरिक अभिनंदन सरगडीह मुख्य मार्ग से बांधडीह तक लगभग दो किलोमीटर तक ग्रामीणों के द्वारा पैदल यात्रा कर ढोल नगाड़ों के साथ ममता देवी का स्वागत किया गया।पुर्व विधायक ने बताया कि सरगडीह के ग्रामीण महिला पुरुष काफी दिनों से मिलने के लिए बुला रहे थे। व्यस्तता के कारण पुर्व मे नही जा पा रहे थे पर आज ग्रामीणों से मिलकर बहुत अच्छा लगा,आगे उन्होंने बताया कि 24 नवंबर से हेमंत सरकार के द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जाएगा।जिसमे ग्रामीण बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और आपकी योजना का लाभ ले,सरकार की नई महत्वपूर्ण योजना अबुवा आवास योजना का कार्यान्वयन किया जाएगा,ग्रामीण योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बने। सरकार की कई जन कल्याण योजनाएं चलाई जा रही है।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी जी बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज कोटवार महिला प्रखंड अध्यक्ष दीपा कुमारी प्रखंड उपाध्यक्ष प्रदीप महतो दिनेश महतो वार्ड सदस्य खुदुष अंसारी आदि थे ।

## खुली खदान सिरका को लेकर सेफ्टी कमेटी ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल सिरका परियोजना कार्यालय सभागार में गुरुवार को सेफ्टी कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इसमें मुख्य रुप से जीएम अरगड्डा क्षेत्र सुधांशु कुमार पांडेय, पीओ सिरका श्रीकांत शर्मा, एसओएम राकेश कुमार, सेफ्टी आंफिसर कामेश्वर महतो आदि उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, इंचार्ज शामिल हुए। सभी विभागों ने सुरक्षा संबंधी आवश्यकता और उठाये जा रहे कदम के बारे में वरीय अधिकारियों को बताया। अवसर पर जीएम सुधांशु कुमार पांडेय ने खुली खदान सिरका के फायर जोन में सुरक्षा के साथ जल्द सीटीओ मिलते ही कोयला उत्पादन को सही तरीके से करने पर अपना मार्ग दर्शन दिया। इसके बाद जीएम ने ओपेन कास्ट सिरका का निरीक्षण कर कई निर्देश दिया। मौके पर सुरक्षा पदाधिकारी रमेश कुमार, अनिल सिंह, रवि कुमार ,यूनियन प्रतिनिधि नागेश्वर महतो, ललन यादव, साजिद अंसारी, मनोज पाल, शाहबाज आलम आदि उपस्थित थे।

## श्री दिंगबर जैन मंदिर मे गणिनी आर्यिका 105 विभा श्री माताजी एवम ससंघ का भव्य मंगल परवेश हुवा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** गणिनी आर्यिका 105 विभा श्री माताजी एवम ससंघ रांची से पैदल चलकर गुरुवार को रामगढ़ में परवेश किया।समाज अध्यक्ष श्री मानिक चंद जैन के नेतृव मे समाज के सदस्यो के द्वारा ब्लॉक ऑफिस मे माता जी का स्वागत एवम अभिनंदन किया गया। ब्लॉक से बैंड बाजा के साथ नगर भ्रमण करते हुवे जैन मंदिर मे आगवान हुआ।जहां समाज की महिलो के द्वारा माताजी का पग परचलन किया गया। गणिनी आर्यिका 105 विभा श्री माताजी ने कहा वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति इतना महत्वकांक्षी हो गया है कि वह उन्हें वह पूरा नहीं कर पाता और इससे जीवन में निराशा का भाव बनता है और अप्रिय निर्णय ले लेता है। बताया कि जीवन में भाग्य और पुरूषार्थ दोनों को देखकर कार्य करना चाहिए कार्य की सफलता के लिए पुरूषार्थ और भाग्य दोनों जरूरी है। उन्होनें कहा कि जैसे किसी कोई बच्चा पढ़ लिखकर कलेक्टर बनना चाहता है तो इसके लिए उसे पढने-लिखने के लिए परिश्रम करना पड़ेगा बुद्धि भी तीक्ष्ण होनी चाहिए यह सब करने के बाद भी भाग्य में होगा तो वह कलेक्टर बन पायेगा। आपने बताया कि लौकिक जीवन की बड़ी-बड़ी पढ़ाइयों को पढकर व्यापार करने का प्रबंधन तो सीख लेता है लेकिन वह अपने जीवन का मैनेजमेंट करना नहीं सीख पाता और एक दिन अपने जीवन को समाप्त करने का विचार बना लेता है। जीवन में थोड़ा कष्ट आने पर अपने आपको कमजोर समझने लगता है उन्होनें कहा कि महापुरूषों के जीवन को पढ़ना चाहिए। भगवान श्रीराम एवं देवी सीता व पाण्डवों ने कितने कष्टें को सहा लेकिन कभी हार नही ।मौके पर समाज अध्यक्ष माणिक चंद जैन, जंबू पाटनी, अरविंद सेठी,आदि थे ।

## सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का 26 वां वार्षिक समारोह 3 दिसंबर को रामगढ़ में

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजुलिया तालाब रोड रामगढ़ स्थित गायत्री शक्तिपीठ में सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का 3 दिसंबर को 26 वां वार्षिक समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर महासभा के प्रतिनिधि और सदस्य जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को लेकर महासभा के जिला सचिव नागेंद्र पाठक, महेश मिश्र, महासभा के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्र ने गोला, बारियातु, कमती में भ्रमण कर समाज के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर समारोह को सफल बनाने की अपील की। बारियातु में अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेश चंद्र मिश्र, कमती में भुतपूर्व मुखिया पंचानन पाठक, गोला में अनील कुमार पाठक, अजय कुमार पाठक से सम्पर्क कर समारोह को सफल बनाने की अपील की गयी। बताया गया कि सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ का जमशेदपुर में जनवरी माह में प्रांतीय सम्मेलन होने वाला है। इस सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक. में विचार विमर्श किया जाना है। पुजानोत्सव के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाज के बुजुर्गो, प्रतिष्ठित, ज्योतिषी, अवकाश प्राप्त शिक्षक, लेखक, कवि, प्रतिभावान को सम्मानित किया जाएगा।

## संगठन को मज़बूत बनाना हमारी प्राथमिकता : ज़ोया परवीन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अल्पसंख्यक रामगढ़ कांग्रेस ज़िला कमिटी के अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने अपने आवासीय कार्यालय में गुरुवार को मो अलयास एवं मंजर को नियुक्ति पत्र सौंप कर कमिटी में स्वागत किए। मौके पर मौजूद ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने कहा अल्पसंख्यक कांग्रेस ज़िला कमिटी में हमारे बड़े भाई सौरूप मो अलयास को महासचिव एवं मंजर जी को सचिव बनाया गया है और आप दोनों से आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है की आप कांग्रेस अल्पसंख्यक संगठन को मज़बूत करने का काम करेंगे एवं कमिटी के नियमों का पालन करते हुए जन जन तक कांग्रेस पार्टी के विचारधारा को पहुँचाने का काम करेंगे। कमिटी में आपका स्वागत है हमारी शुभकामनाएँ आपके साथ है। इस दौरान मौके पर कांग्रेसी नेता केसर इमाम, ज़िला उपाध्यक्ष मो आशिक़, उपाध्यक्ष वाहिद अली, सचिव शफ़ीक़ अली, महासचिव रहमान ख़ान, मीडिया प्रभारी शमीम शैख़, सरफ़राज़ आदि मौजूद थे।



# डीसी अबु इमरान पहुंचे लावालौंग, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने लावालौंग प्रखंड क्षेत्र में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का जायजा लेने लावालौंग प्रखंड पहुंचे। डीसी अबू इमरान ने लावालौंग के बी डी ओ बिपीन भारती से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के लिए प्रखंड स्तर पर किए जा रहे तैयारियों के बारे में जानकारी लिया। मौके पर कहा कि यह सुनिश्चित कर ले कि इस कार्यक्रम के तहत सभी पात्र लाभुकों को सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ मिले। इसके पश्चात दिनांक-01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए 27 नवम्बर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक जीले में चलाये जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के ग्राम जोझवारी बूथ संख्या 28 पर पहुंच बीएलओ एवं सुपरवाइजर से बिरहोर परिवारों का मतदाता सूची में पंजीकरण, न्यून गुणवत्ता फोटो एवं ब्लैक एण्ड वाईट व ब्लर फोटो रिप्लेस, ईआरओ नेट पर इंट्री कार्य, 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं का चिन्हित कार्य, दिव्यांग मतदाता, इंपॉटेंट मतदाता, मार्किंग कार्य, फार्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त करने से संबंधित कार्य की बिन्दुवार जानकारी ली। नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने हेतु फॉर्म 6 के कार्य में तेजी लाने व होम टू रोल पंजी को अपडेट रखने का निर्देश दिया। फार्म 7 को लेकर कहा कि जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है उनका मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ फार्म भरें। इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही न करें। इसके अलावे उपायुक्त ने डोर टू डोर जा कर मतदाताओं से मिल मतदाता सूची में नाम है या नहीं उसकी जानकारी ली और साथ ही अपील करते हुए कहा कि अपने जानने वाले को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु प्रेरित करें। ग्राम जोझवारी में मतदान केंद्र के समीप नल जल योजना के तहत लगाए गए जलमीनार का भी जायजा लिया जो की संचालित पाया गया।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से आश्रित को मिला लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार):** भारतीय स्टेट बैंक महुआडांड़ शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत खाता धारक की मृत्यु के पश्चात आश्रित पत्नी प्रेमशिला एक्का को बीमा क्लेम सेटलमेंट के तहत दो लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया गया। बीमा बैंक सखी के द्वारा बीमा कराया गया था जिसके पश्चात खाता धारक की आकस्मिक मृत्यु हो गई। वही बैंक सखी के प्रयासों से बीमा की राशि खाताधारक के नॉमिनी (पत्नी) को दिया गया। इस मौके पर बीपीएन तेजू खेरवार, बीपीओ सुजीत कुमार, शाखा प्रबंधक वी.लकड़ा, उज्ज्वल रुन्डा, हिमांशु पन्ना, मनोज टोप्पो, बिश्वनाथ रॉय, सुनील बास्के, बैंक सखी-रूबी मिंज, सरिता कुमारी अन्य बैंक के कर्मचारी तथा कलस्टर सामुदायिक समन्वयक मौजूद थें।

## सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ की समीक्षा बैठक



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में गुरूवार को बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने उपस्थित सभी बीएलओ एवं पर्वेक्षकों को एस एस आर 2024 के क्रम में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। वहीं वैसे बीएलओ जिनके द्वारा 60 से कम प्रपत्र की प्रविष्टि की गई है उन्हें फटकार लगाते हुए निर्धारित समय से प्रपत्र प्रविष्टि करने को निर्देशित किया। साथ ही 80+मतदाताओं को दो दिनों में सत्यापन कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। मौके पर आलोक कुमार दुबे, पर्यवेक्षक प्रकाश कुमार, चन्दन कुमार, बिमला कुमारी, प्रकाश यादव, विजय यादव, बी एल ओ बबीता देवी, सबिता देवी, सुषमा देवी निलम देवी, शक्लमणी देवी, विनिता टोप्पो सहित कई पर्यवेक्षक एवं बीएलओ मौजूद रहे।

### पारा शिक्षकों ने उपायुक्त को बुके देकर किया सम्मानित

## झामुमो के पहल पर लगभग तीस पारा शिक्षकों की समस्या का उपायुक्त ने किया समाधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पारा शिक्षकों ने गुरुवार को सर्किट हाउस मे जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन से मिलकर उनका आभार प्रकट किया और बुके देकर सम्मानित किया।इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने पत्रकारों को बताया की लगभग तीस पारा शिक्षकों का पिछले आठ माह से वेतन पर रोक लगा दी गई थी।जिस कारण उपरोक्त शिक्षकों के समक्ष भारी परेशानियां उत्पन्न हो गई थीं इस समस्या को लेकर पारा शिक्षकों ने मुझसे से मिलकर सारी बातों को बताते हुए इसका निदान की गुहार लगाई थी। इधर इस मामले को लेकर झामुमो जिलाध्यक्ष ने जिले के उपायुक्त से मुलाकात कर उपरोक्त पारा शिक्षकों की समस्या का समाधान की अपील की थी। इस पर उपायुक्त ने गंभीरता दिखाते हुए न सिर्फ उपरोक्त पारा शिक्षकों को बकाया आठ माह का वेतन दीपावली पर भुक्तान करता बल्कि अनलोगो को पुनः लगातार सेवा पर बने रहने का कार्य भी किया।इस कार्य हेतु जिलाध्यक्ष ने भी उपायुक्त के प्रति आभार प्रकट किया है। मौके पर बेलाल अहमद, अमोद कुमार यादव, दिलीप कुमार, सुबोध कुमार सिंह, गणेश यादव, संजीत प्रसाद, संजय कुमार, दिलीप प्रसाद गुप्ता, रीता कुमारी, मानो कुमारी, सुनैना कुमारी, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## हंटरगंज में एदारा ए शरीया रांची के नाजिम ए आला का भव्य स्वागत किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** हंटरगंज में एदार ए शरिया के द्वारा आयोजित होने वाली तहरीक ए बेदारी कांफ्रेंस (जागरूकता अभियान) को लेकर समीक्षा बैठक रजा नगर बिहारी केदली के मदीना मस्जिद के मदरसा परिसर में आयोजित की गई।इस से पूर्व प्रतापपुर मोड पर प्रखंड क्षेत्र के ओलमा ए एकराम, बुद्धिजीवियों और मोमीन कान्फ्रेस के नेताओं के द्वारा एदारा ए शरिया रांची के नाजिम ए आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी को फूलों का माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। प्रतापपुर मोड से सैंकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल का काफल बाजार होते हुए कुलेश्वरी मोड से गंतव्य स्थान तक लेजाया गया।यह काफल वहां पहुंच कर एक सभा में तब्दील हो गई। सभा की अध्यक्षता मौलाना तबारक हुसैन रिजवी गयावी एवं मुफ्ती रियाजुद्दीन शाही एवं संचालन मौलाना इनामुल हक रिजवी गयावी ने किया। तिलावत ए कुराना पाक से सभा का शुभ आरंभ किया गया। मुख्य अतिथि एदारा ए शरिया के नाजिम आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा कि लोक तांत्रिक देश में अपने अधिकार लोक तांत्रिक तरीके से मांगने का अधिकार संविधान देता है। संविधान ने मातृ भाषा, संस्कृति और अपने अपने धर्मो की सुरक्षा और प्रचार प्रसार का अधिकार प्रदान करता है।जब देश में मस्जिद मदरसे और लोग सुरक्षित न हो तब लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संवैधानिक लड़ाई लड़ने पर बल दिया।उन्होंने यह भी कहा कि संविधान ने जो अधिकार दिए हैं उसे छीनने का प्रयास किया जा रहा है। मानवीय मूल्यों का ह्रास हो रहा है।इंसानी जिंदगी सस्ती हो गई है। मॉब लिंचिंग और एक विशेष समुदाय को राह चलते हुए नाम पूछ कर गोलियों से छलनी कर दिया जाता है।

## युवक की गला दबाकर हत्या

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के चामातु ग्राम के हररुवा टोला में बुधवार के रात्रि अज्ञात अपराधियों द्वारा बरतु गंझू 45 वर्ष पिता स्वर्गीय दिवाली गंझू ग्राम हहरूवा थानां बालूमाथ का गला दबाकर हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है ।बरतु गंझू की पत्नी राजो देवी ने बताया कि हम लोगों का किसी से कोई दुश्मनी नहीं है हम लोग बाजार में मुर्गा काटकर बेचने का कार्य करते हैं कुछ जमीन विवाद गोतिया के साथ चल रहा है ।इधर घटना के संबंध में मृतक की पुत्री पूजा कुमारी 17 वर्ष ने बताया कि हम लोग रात्रि में खाना खाकर सोए हुए थे। इसी बीच 1:00 बजे उठे तो देखा की मेन दरवाजा खुला है हम दरवाजा बंद कर दिए 3:00 बजे मेरी मां उठकर बोली कि पापा घर में नहीं है रात्रि में काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। सुबह उठकर घर से लगभग 300 मीटर दूरी पर हडही जामून के समीप उनका शव पड़ा हुआ था। शरीर के ऊपर का कपड़ा नहीं था एवं मुंह में कपड़ा डाला हुआ था। परिजनों ने गला दवा कर हत्या की आशंका जाताई है।

## मनरेगा में समाग्री मद की राशि का भुगतान नहीं होने से लाभुक परेशान, कर्ज में डूबे लाभुक



**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुन्दा प्रखण्ड में मनरेगा कूप लाभुकों को सामग्री मद की राशी ना मिलने से स्थिति दयनीय हो गई है।लाभुकों ने जानकारी देते हुए बताया की कूप निर्माण पूर्ण किए लगभग चार माह बीतने को है लेकिन अभी तक मिस्त्री, मेठ व समाग्री मद की राशी नही मिल पाया है जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कूप लाभुकों ने कहा की साहूकारों से कर्ज लेकर कार्य किए थे। इतने दिन बीत जाने के बाद भी राशि नही मिलने से साहूकारों के पैसा चुकता नही कर पाए।ज्ञात हो की बिरसा कूप योजना में लाभुकों को प्रति कूप पच्चास हजार रुपये सामाग्री मद से सहायता राशि के रूप देने का प्रावधान है वह भी अभी तक नही मिल पाया है।वही इस संदर्भ में मनरेगा बीपीओ ने बताया की लाभुकों को राज्य राहत कोष से पच्चास हजार रुपया सहायता राशी के रूप में दिया जाना है जिसका अभी तक कोई स्पष्ट निर्देश ना मिलने के कारण भुगतान में विलंब हो रहा है।वही समाग्री मद की राशी का जल्द भुगतान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सुभाष चौक में दुर्गा मंडप के निर्माण को लेकर हुआ भूमि पूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक में गुरुवार को दुर्गा मंडप की प्रस्तावित मंदिर निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चर के साथ हुआ। प्रस्तावित दुर्गा मंडप मंदिर के भूमिपूजन के बाद नींव की पहली ईट ने स्वयं पुजारी ने रखी। तत्पश्चात् भूमि पूजन, शिलान्यास व धर्मध्वजा का पूजन किया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा गाए जा रहे मांगलिक गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने संकल्प लिया कि इस मंदिर का निर्माण कार्य अविलंब पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर अतिथिजनों का तिलक लगाकर, फूल-माला एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। पुजारी नेवअपने उद्बोधन में कहा कि मंडप के निर्माण से इस प्रखंड के लोग काफ़ी उत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि मंडप के निर्माण से ही धर्म की रक्षा और राष्ट्र का उत्थान होता है।

## कृषि विभाग ने 11 किसानों को सब्सिडी पर दिया पम्प सेट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखण्ड मुख्यालय के अंतर्गत संचालित सिंगल विंडो में कृषि विभाग द्वारा 11 किसानों के बीच बृहस्पतिवार को पम्प सेट का वितरण किया गया। कृषि विभाग के कर्मी चेतलाल दांगी के द्वारा दिया गया।जसमें प्रखंड से एका दुका सभी पंचायत के किसानों का नाम शामिल है। वितरण में पम्प सेट के साथ डिलेवरी फिता आदि 50 प्रतिशत सब्सिडी में दिया जा रहा है।यह वितरण वर्ष 2021/2022 में किसानों के द्वारा कृषि विभाग से फॉर्म भर कर पम्प सेट की मांग की थी। इसी के आलोक में कृषि विभाग में किसानों ने फॉर्म अप्लाई किया था। सरकार के द्वारा चलाया गया महत्वकांक्षी योजना से अभी भी सैकड़ो किसान वंचित हो रहे हैं। क्या बाकी किसानों का यह योजना का लाभ या सब्सिडी का लाभ मिल पाएगा यह बड़ी बात है। मिलने वाले किसानों का नाम इस प्रकार हैं राजकुमार दांगी अंबिका प्रसाद दांगी चिंतामण दांगी राम प्रसाद कुशवाहा परमेश्वर राणा श्याम किशोर दांगी महावीर दांगी गिद्धौर पंचायत गांव निवासी अशोक यादव केंदुआ देवनंदन साव गांगपुर गणेश सिंह भोक्ता बांय जानकी यादव नयाखाप गांव निवासी का नाम शामिल है।

## कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत बरियातू पंचायत भवन की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारियातू पंचायत भवन में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से समाधान के तहत अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पंचायत भवन में मुखिया डेगन गंझु के अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया। और उपस्थित लोगों के बीच बाल विवाह मुक्त हो को लेकर ग्रामीणों को एवं जनप्रतिनिधियों को वृशपतिवार को शपत दिलाइ गई।यह कार्य सि एस डब्लु उपेन्द्र कुमार विनीता देवी के द्वारा करवाया गया। शपथ में लोगों से संकल्प दिलाया गया कि बच्चियों की विवाह 18 साल से पहले नहीं करना है। एवं बच्चों की विवाह 21 साल से पहले नहीं करना है।बाल विवाह सामाजिक बुराई है। इसमें शामिल लोगों को सामाजिक एवं कानूनी दन्ड करवाना है। समाज में इस तरह की कुर्तियां को दूर करवाना है। एवं बाल विवाह को रोकवाना है। अपने गांव पंचायत प्रखंड को जागरूक करना है।एवं किसी भी स्थिति में बाल विवाह नहीं होने देना है। मौके पर उपस्थित ग्राम रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी अनामिका कुमारी काउंसलर संगीता देवी कुसुम देवी ममता देवी अजय कुमार भारती शिक्षा विभाग की कृष्ण मुरारी शर्मा बिआरपी एवं दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सिमरिया प्रखण्ड में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का किया औचक निरीक्षण



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान लावालौंग प्रखण्ड क्षेत्र के निरीक्षण के पश्चात 01जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए 27 नवम्बर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक जिले में चालाये जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर सिमरिया प्रखण्ड के बगरा पंचायत के हफुआ गांव बूथ संख्या 54, बूथ संख्या 55, बूथ संख्या 58, बूथ संख्या 61 का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के क्रम में फार्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त करने से संबंधित जानकारी उपस्थित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिमरिया, बीएलओ सुपरवाईजर से लिया। उन्होने कहा किसी भी परिस्थिति में बिरहोर परिवारों का मतदाता सूची में नाम न छुटे, मतदाता सूची में टर्न आउट एवं नए मतदाताओं को जोड़ने हेतु कई महत्वपूर्ण दिश निर्देश दिए। वहीं बूथ संख्या 54 के मतदाताओं के घर घर जाकर मतदाता सूची में नाम शामिल करने एवं लोगो को प्रेरित करने का अपील किया। वहीं डोर टू डोर घुमने के क्रम में तेज नारायण साव ने बताया कि इस बार के मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत हमारे घर से नए योग्य दो मतदाताओं को बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में शामिल किया गया है।बढ़ते ठंड को देखते हुए उपायुक्त ने बूथ संख्या 54 समीप निवास करने वाले असहाय व निर्धन परिवारों के बीच कम्बल वितरण भी किया।आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तैयारियों का जानकारी लिया।वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नितु सिंह से 24 नवम्बर 2023 से 26 दिसम्बर 2023 तक चलने वाले आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर सिमरिया प्रखण्ड में चल रहे विशेष तैयारियों का जानकारी लिया और कहा आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के पहले दिन 24 नवम्बर को रोस्टर अनुसार सिमरिया प्रखण्ड के जिरवाखुर्द पंचायत में कार्यक्रम होना निर्धारित है इस कार्यक्रम के तहत सभी पात्र लाभुकों को अबुआ आवास योजना समेत अन्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से शत प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित किया जाय।

### राज्य स्तरीय दल ने किया फल्गु नदी उद्गम स्थल का निरीक्षण

## जल्द होगा फल्गु उद्गम नदी का जीर्णोधार : विशेषज्ञ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** झारखंड राज्य स्तरीय दल ने गुरुवार को सिमरिया प्रखंड के बेलगड्डा स्थित फल्गु नदी उद्गम स्थल का निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान दल ने उद्गम स्थल के वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और इसके व्यापक जीर्णोधार का आकलन किया। दल में मनरेगा सेल के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक तारकनाथ दास, जेएसडब्ल्यूएम के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक शिव संकल्प, मनरेगा सेल के राज्य सहायक अभियंता प्रेम शंकर गुप्ता, सीएफपी के राज्य एनआरएम विशेषज्ञ अजीत कुमार और राज्य जीआईएस विशेषज्ञ जियाउर रहमान शामिल थे। निरीक्षण में उनके साथ चतरा उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता भी शामिल रहे। निरीक्षण दल ने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग भारत सरकार के द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ था कि सिमरिया के फल्गु उद्गम स्थल, जो ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखती है उसका जीर्णोधार किया जाना है। उन्होंने बताया कि जीर्णोद्धार से संबंधित रणनीति तैयार करने में सहयोग के लिए ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के सचिव अरुण कुमार सिंह के द्वारा राज्य स्तरीय एक दल का गठन कर फल्गु उद्गम स्थल पर भेजा गया है। यह दल कम से कम दो स्थलों का निरीक्षण करेगी। जिसके बाद जीर्णोधार की रूप रेखा का विस्तृत प्रतिवेदन विभाग को समर्पित करेगी। ताकि इस ऐतिहासिक उद्गम स्थल का कायाकल्प किया जा सके। राज्य स्तरीय दल के निरीक्षण के बाद फल्गु उद्गम स्थल के विकास का मार्ग प्रशस्त्र हो गया है। गौरतलब है कि मोक्षदायनी फल्गु नदी का उद्गम स्थल प्रखंड के बेलगडा गांव में स्थित है। यह स्थल यहां के ग्रामीणों के लिए भक्ति और आस्था का केंद्र है। इस स्थल पर ग्रामीण वर्षो से फल्गु महोत्सव मनाते आ रहे हैं। यहां इस स्थल की पूजा अर्चना की जाती है। ग्रामीणों ने इस स्थल के जल को प्रदूषित करने और वनों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा इस स्थल के जीर्णोद्धार की सूचना से ग्रामीणों में उत्सव का माहौल बना हुआ है।

## एकल अभियान अभ्ययुदय यूथ क्लब के तहत खेलकूद का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान गिद्धौर में बृहस्पतिवार को एकल अभियान अभ्ययुदय क्लब के द्वारा खेलकूद का आयोजन करवाया गया। जहां मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी एकल अभियान के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम नागेश्वर दांगी कपिल कुमार मनोज कुशवाहा उपस्थित हुए। जिन्होंने भारत माता व सरस्वती माता की प्रतिमा के समीप दीप प्रज्वलित कर आरती मंगल के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उसके बाद खेल प्रेमियों के द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद जिला उपाध्यक्ष ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे कल को विश्व गुरु कहलाएंगे एवं इतिहास लिखेंगे। इसलिए बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद भी अति आवश्यक है।यह कार्यक्रम जिला स्तरीय करवाया जा रहा है। जिसमें एकल अभियान के तहत खेलेगा भारत, खिलेगा भारत में जिला के सभी प्रखंडों से खिलाड़ी के साथ गुरु एवं अभिभावक भी आए हुए थे। यहां से खेल में जीतने वाले प्रतिभागियों को 26 नवंबर को दुमका के लिए प्रस्थान किया जाएगा। जहां राज स्तरीय कार्यक्रम होगी ।खेल कूद प्रतियोगिता में बच्चे बच्चियों को 100, 200, 400 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, कबड्डी, कुश्ती और योगा करवाया गया। इसमें प्रथम स्थान लाने वाले खिलाड़ियों को दुमका में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। मौके पर उपस्थित जिला खेल संजोजक प्रेम राणा मनोरमा देवी महेंद्र यादव शंभू शरण यादव द्रौपदी देवी सूचित यादव इंद्रदेव यादव भरत सिंह एवं एकल अभियान के सभी प्रखंड के आचार्य गण उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र

हजारीबाग

रांची, शुक्रवार, 24 नवंबर 2023 | पेज 8

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट बड़कागांव में 28 नवंबर से

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 की शुरुआत बड़कागांव प्रखंड में 28 नवंबर से किया जाएगा। टूर्नामेंट का सभी मुकाबला बड़कागांव हाई स्कूल मैदान में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में प्रखंड के 23 पंचायत से 23 टीम भाग लेगी। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 28 नवंबर को कांडतरी बना महुगाई कला के बीच खेला जाएगा। 28 को दो अन्य मुकाबले आंगो बनाम सिकरी तथा नापो खुर्द बना बादम के बीच खेला जाएगा। 29 नवंबर को चार मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें से गोंदलपुर बनाम बड़कागांव मध्य, नयाटांड बनाम चोपदार बलिया, गरसूल्ला बनाम सिरम, हरली बनाम चेपकला के बीच खेला जाएगा। प्रथम चरण का आखिरी दिन 30 नवंबर 2023 को बड़कागांव पूर्वी बनाम बड़कागांव पश्चिम, सिंदुवारी बनाम चंदौल, उरीमारी बनाम तलसवार, सांढ बनाम डाडी कला के बीच मैच खेला जाएगा। द्वितीय चरण का मुकाबला 1 और दो दिसंबर को, तृतीय चरण का मुकाबला 4 दिसंबर को और चौथे चरण का मुकाबला 5 दिसंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 6 दिसंबर 2023 को खेला जाएगा। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त हुई।

### दुकान और मकान से लगभग पैंतालीस हजार नगद व पांच लाख का जेवर चोरी

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत बनिया मोहल्ला निवासी आदित्य कुमार गुप्ता पिता प्रकाश साहू ने बड़कागांव थाने में दुकान और घर में हुई चोरी को लेकर आवेदन दिया है। मामले को लेकर आदित्य कुमार गुप्ता ने बताया कि गुरुवार की सुबह जब मैं अपने दुकान आया तो दुकान के ऊपर तल्ले में दरवाजा टूटा हुआ देखा। अंदर जाने पर देखा गोदरेज से लगभग 45000 रुपए नगद, 5 लाख का जेवर और राशन दुकान से सामग्री चोरी कर लिया गया है। हम लोग सपरिवार दुकान से लगभग 300 फीट की दूरी पर दूसरे मकान में रहते हैं। बुधवार रात्रि लगभग 8ः00 बजे दुकान बंद करके घर चले गए थे सुबह आने पर चोरी की घटना की जानकारी हुई। आदित्य कुमार ने कहा कि थाने में आवेदन देकर कार्रवाई का मांग किए हैं।

### महाराज जरासंध अपने भुज के बल पर चक्रवर्ती सम्राट बने : अनूप भाई वर्मा

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कार्तिक एकादशी जेठान को होने वाली मगध सम्राट श्री श्री जरासंध महाराज के जन्म उत्सव पर शुभ अवसर पर हजारीबाग के सदर प्रखंड के अंतर्गत ग्राम नगवा में धूमधाम से अखंड भारत के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट श्री श्री जरासंध महाराज का विधि विधान से पूजा की गई, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सह अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय सचिव अनूप भाई वर्मा पहुंचे । कार्यक्रम मे लोगों को संबोधित करते हुए अनुप भाई वर्मा ने कहा कि चंद्रवंशियों क्षत्रिय का इतिहास गौरव में रहा है, जिसे पूरी दुनिया जानती है । चंद्रवंशी नहीं किस इतिहासकार का कलाम गुलाम क्योंकि चंद्रवंशियों का इतिहास उसकी ताकत और तलवारों ने लिखी है ।और उन्होंने जरासंध महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराज जरासंध एक ऐसे पुरुष थे जो की दो मां के कोख से जन्म लेकर दुनिया को अचंभित कर दिया जो कि इस सृष्टि में दो मां के कोख से जन्म लेने का गौरव प्राप्त हुआ जो आज तक दुनिया में दोहरे नहीं गई है । कल से ही महाराज जरासंध महान शिव भक्त थे ,शिव के आराधना में हमेशा विलेन रहते थे । आगे चलकर हुआ मगध राज का राजा बने और अपने भुज के बल से अखंड भारत पर अपना साम्राज्य स्थापित कर चक्रवर्ती सम्राट होने का भी गौरव प्राप्त किया आज के सामय जो की कई देश बन चुका हैं ,अच्छा शासन के साथ- साथ महान दानवीर थे उनके दरबार से कोई भी व्यक्ति खाली नहीं लौटता है।

### हजारीबाग में दूसरे दिन देश के 320 खिलाड़ियों ने चला शतरंज की चाल

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के बहुदेशीय परीक्षा भवन सभागार में हजारीबाग जिला शतरंज संघ द्वारा अखिल भारतीय स्तर का पांच दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता सेकेंड एचडीसीए ऑल इंडिया फाइड रेटिंग ओपेन टूर्नामेंट- 2023 के दूसरे दिन गुरुवार को तीसरे राउंड तक के खेल का परिणाम आ गया और ख़बर लिखे जाने तक चौथे राउंड का खेल जारी था। तीसरे राउंड तक के रिज़ल्ट में तमिलनाडु के खिलाड़ी प्रदीप कुमार 2195 पॉइंट रेटिंग के साथ अब्बल रहें। तीसरे राउंड तक के खेल में सर्वश्रेष्ठ पांच टेबल में प्रथम टेबल में तमिलनाडु के प्रदीप कुमार ने बिहार के मनीष यादव को हराया। दुसरे टेबल में बिहार के सिन्हा सुधीर कुमार ने झारखंड के प्रभुनाथ साह को हराया। तीसरे टेबल में पश्चिम बंगाल के प्रदीप घोष ने बंगाल के ही रुद्रशीष घोष को हराया। चौथे टेबल में बिहार के कुमार गौरव ने झारखंड के सिंह अंकित कुमार को हराया। वहीं पांचवें टेबल में पश्चिम बंगाल के चटर्जी के. के. ने झारखंड के अंश कुमार को परास्त किया । उक्त टूर्नामेंट में भारत वर्ष के कुल 14 राज्यों के विभिन्न हिस्से से करीब 320 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। जिसमें 6 साल के बच्चे से 75 साल के वृद्ध खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 160 टेबल में 320 खिलाड़ी शतरंज की चाल चल रहें हैं। आगे तीन दिनों तक ओर यह आयोजन चलेगा। बीते 22 नवंबर को इस टूर्नामेंट का आगाज हुआ और आगमी 26 नवंबर को समापन होगा । टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी पहले दिन की तरह ही आम- खास सभी खिलाड़ियों के अभिभावक एक साथ नज़र आए। कई दिव्यांग, बाल और वृद्ध खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा ले रहें हैं और उनके अभिभावक खिलाड़ियों को विशेष देखभाल भी कर रहें हैं । उक्त टूर्नामेंट के डॉयरेक्टर हजारीबाग सदर विधायक के पुत्र युवा करण जायसवाल पहले दिन के बाद दूसरे दिन भी आयोजन स्थल में डटे रहें और खिलाड़ियों एवं उनके परिजनों के साथ समन्वय स्थापित कर आयोजन समिति की ओर से उन्हें किसी प्रकार की कोई कठिनाई ना हो इसका विशेष ख्याल रखा। आयोजन स्थल पर ही भोजन व्यवस्था की सुविधा उपलब्ध कराई गई है एवं आवासन व्यवस्था हजारीबाग हेड पोस्ट ऑफिस के समीप स्थित जेपीए के हॉस्टल कैंपस में किया गया है। आयोजन की सफलता के लिए लगातर संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सचिव मनमीत अकेला, उपाध्यक्ष अनूप भाई वर्मा, कोषाध्यक्ष राजन साहा, संयुक्त सचिव ब्रजेश कुमार और सहयोगी के रूप में राजू मेहता, शिवांगी कुमारी, सोनम कुमारी, रवि रंजन, आशीष कुमार, मंजरी कुमारी, शत्रुघ्न कुमार पांडेय लगातार मशक्कत कर रहें हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में विशाल मिंज, अनीश अंसारी, अमित टेंभूरेन, अभिषेक, विक्रम, विकास, आशीष राज और विवेक कुमार सहयोग कर रहें हैं ।

## रक्तदान शिविर व जांच शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले के सबसे प्रसिद्ध आरोग्यम अस्पताल के ब्लड बैंक के द्वारा लगातार लोगों को सेवा उपलब्ध कराया जा रहा है, इसी के नियमित विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर एवं जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसी के क्रम मे गुरुवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज मे शार्परजी पल्लोनजी प्रशासक - आलोक सत्यवेरम पाठक के प्रयास से आरोग्यम ब्लड बैंक के द्वारा रक्तदान शिविर एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कॉलेज के कई लोगों ने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया। शिविर का उद्घाटन शार्परजी पल्लोनजीप्रशासक आलोक सत्यवेरम पाठक, सुरक्षा प्रभारी रंजीत चौधरी, के चिवारंगी बब्लू सिंह, सपनपाले सहित कई लोगो के द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में 23 लोगों ने रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी मिसाल पेश की। रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं में मोनाजिर हुसैन,बैदनाथ कुमार,दीपक दास,राकेश रॉय,ऋषिकेश कुमार,शुभम,साकेत मजमुदार,श्यामा कुमार गुप्ता,ललन प्रजापति,इसारिल अली खान,उज्जवल किशोर एवं उज्जवल विकास ने रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी मिसाल पेश की। आरोग्यम अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने सभी रक्तदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा की जीवन में हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए, आप सभी का रक्त किसी के लिए अमूल्य हो सकता है।

## एसएस प्लस टू हाई स्कूल पतरातू के बाल मेला में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** एसएस प्लस टू हाई स्कूल पतरातु में गुरुवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। इस बाल मेले द्वारा छात्र-छात्राओं में विभिन्न प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और रंगोली प्रतियोगिता हिस्सा में लिये। साथ ही छात्र-छात्राओं ने इस मेला में विभिन्न प्रकार के पकवानों के स्टाल लगाए। वहीं मौके पर पहुंचे सांकुल पंसस अंजु कुमारी और अन्य गणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम को खूब सराहा।

तथा पकवान के स्टालों में गणमान्य लोग शिक्षक शिक्षिकाओ अभिभावक और छात्र छात्राओं ने पकवानों का स्वाद खूब चखा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार रविदास एवं अन्य गणमान्य लोगों ने चाचा जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर और फीता काटकर किया।

## जयनगर में गोपाष्टमी पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड के जयनगर गांव में गोपाष्टमी पूजा के अवसर पर बुधवार देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रांची से आये ठेठ नागपुरी कलाकारों में क्यूम रूमानी, चिन्ता देवी,रूबी और अनिल मुंडा आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। जिसे देखकर ग्रामीण रात भर झूमते नजर आये। वही इस कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, भारतीय जनतांत्रिक मोर्चा केंद्रीय महासचिव निशी पांडे, कटिया मुखिया किशोर कुमार और नित्यानंद कुमार उपस्थित रहे। इधर,

## अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ करे सख्त कार्रवाई : एसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उनके क्षेत्रों में हो रहे बालू और कोयले के अवैध परिवहन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग करने वाले लोगों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने को सघन चेकिंग अभियान चलाने के साथ साथ पुलिस और जिला प्रशासन के संबंधित विभागों को खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना विभागों के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एकल विभागीय कारवाई से अवैध खनन पर रोक लगाना संभव नहीं है।



अतः अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त वाहनों, माफिया पर हर सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई करें। एसपी ने जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से अवैध परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले के बंद पड़े खदानों में अवैध माइनिंग पर सख्ती से कारवाई का निर्देश दिया। उन्होंने एनजीटी के गाइडलाइन का गंभीरता से पालन करने तथा लगातार पुलिस अधिकारी को अपने क्षेत्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने अवैध बालू एवं कोयले के परिचालन में सख्ती से नियमित कारवाई करने का निर्देश दिया।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडिरमा में बच्चों के बीच ड्रेस का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडिरमा में पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने बच्चों के बीच ड्रेस, जूता, मौजा एवं स्वेटर का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चे नियमित रूप सें साफ सुथरे परिवेश में विद्यालय आए और शिक्षा ग्रहण करें। शिक्षा से ही अच्छे समाज का निर्माण किया जा सकता है। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि कामेश्वर दास, उप मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, प्रधानाध्यापक दशरथ कुमार, शिक्षक दिनेश प्रसाद यादव, सुखदेव यादव, ब्रह्मदेव पासवान, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रेखा देवी आदि उपस्थित रहें।

इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। पोशाक पाने वाले बच्चों में ज्योति कुमारी, रिया कुमारी, कृष्ण कुमार विकास कुमार, शिवनारायण कुमार, चांदनी, सोनम, दिव्या, महेंद्र तूरी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## एसडीओ ने की बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ निर्वाचन संबंधी समीक्षा बैठक, दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ पूनम कुजूर की अध्यक्षता में प्रखंड के बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ निर्वाचन संबंधी समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सबसे पहले प्रखंड के एक - एक बूथ के बीएलओ से बूथ में पानी, बिजली, कुर्सी टेबल आदि सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान जो कमी पाई गई उसे पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने मतदाता सूची को लेकर समीक्षा भी किया। उन्होंने कहा की निर्वाचन संबंधी कार्य में लापरवाही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही साथ कहा की बीएलओ एवं सुपरवाइजर साथ मिलकर काम करें, अगर साथ मिलकर काम करेंगे तो अवश्य काम में तेजी आयेगी। इस दौरान पुनरीक्षण 2024 में प्राप्त फॉर्म 6, 7, 8 एवं 9 की गहन समीक्षा की गई। जहां सभी को निर्देशित किया गया की बीएलओ डोर टू डोर जाकर छूते हुए वोटरों से फॉर्म संख्या 6, 7 एवं 8 को भराया जाए। बैठक में राजेंद्र कुमार मिश्रा, सूरज कुमार, समीरकांत रंजन, सुरेंद्र कुमार दास, उपेंद्र कुमार दास, कुमारी निभा, शिबू विश्वकर्मा, सुनीता कुमारी, रंजीता कुमारी एवं मो इरशाद आलम सहित कई अन्य मौजूद थे।

## विधायक अंबा प्रसाद की विकास नीति से नयाटांड़ पंचायत में करोड़ो की योजना है संचालित : मुखिया लीलावती देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** नयाटांड़ पंचायत में कांग्रेस पार्टी कोर कमेटी के विस्तार को लेकर बैठक की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज उर्फ सुमित उपस्थित हुए। बैठक में पंचायत की मुखिया लीलावती देवी भी मौजूद रही।

बैठक की शुरुआत प्रबुद्ध जनों को फूलमाला पहना कर स्वागत करके किया गया। इस दौरान अंकित राज ने संबोधित करते हुए कहा कि हर एक पंचायत में कोर कमेटी गठन किया जा रहा है तथा पंचायत में चापाकल, पीसीसी रोड, नाली एवं अन्य विकास योजनाओं का चयन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद के विकास नीति से प्रभावित होकर दिनों दिन कांग्रेस पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है एवं हर वर्ग का समर्थन देखने को मिल रहा है। इस दौरान अंकित राज ने कहा कि पंचायत के विकास संबंधी जो भी कार्य अधूरे हैं, वह जल्द ही पूरे किए जाएंगे। कोर कमेटी में हर क्षेत्र के एवं हर वर्ग के लोगों को जोड़ा गया है।

इस दौरान सर्वसम्मति से पंचायत का अध्यक्ष सतीश कुमार दास, उपाध्यक्ष कृष्णा महतो, सचिव सत्यनारायण नायक, उप सचिव हसन इमाम, मीडिया प्रभारी दिलीप प्रसाद, पंचायत प्रमुख राम केसर सिंह को चुना गया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया लीलावती देवी ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद की विकास नीति से नयाटांड़ पंचायत में करोड़ो की योजना संचालित है,पंचायत के सभी हिस्सों का तेजी से विकास हो रहा है। मौके पर मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश महतो, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, संजय महतो, सुधीर प्रसाद, बिशुन दयाल कुमार, निमन महतो, कीटन भुईया, आजाद अंसारी, महेश बैठा, गिरधारी साव, महावीर प्रजापति, धनेश्वर प्रजापति,देवकी प्रजापति, प्रकाश राम, बालेश्वर रविदास, इस्लाम मियां, जियाउल मियां, इंद्रदेव नायक, जगतपाल ठाकुर, राजेश महतो, दीपू नायक, रामस्वरूप राम, राजेंद्र महतो, प्रदीप राणा, मुरली सोनी, संतोष राम, नरेश राम, विजय दास, प्रदीप पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## बड़कागांव प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड की हेमंत सरकार के द्वारा गांव-गांव में विकास के लिए आज से 26 दिसंबर तक प्रखंड के सभी 23 पंचायतो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बुधवार को प्रखंड मुख्यालय से प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के द्वारा हरी झंडी दिखला कर जागरूकता रथ रवाना किया गया। आज 24 नवंबर को बड़कागांव पश्चिमी पंचायत से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें प्रखंड के प्रमुख, बीडीओ, सीओ, उप प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, तमाम विभागों के पदाधिकारी गण, पंचायत के प्रबुद्ध एवं सामाजिक लोग जन समस्याओं को निराकरण के लिए उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में पंचायत के ग्रामीण अपनी समस्या, गांव की विकास, सामाजिक विकास, के अलावा पंचायत में आवश्यक विकास कार्य कराने को लेकर आवेदन देकर अपनी समस्या को रख सकेंगे। आयोजित कार्यक्रम में पंचायत के विकास के लिए मनरेगा, कूप निर्माण, आवास वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, के अलावा अन्य आपकी कई छोटी-मोटी समस्याओं को कार्यक्रम स्थल पर ही निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा। सभी पंचायत में आपकी

## भाजपा आदिवासी मोर्चा और वरिष्ठ नेताओं ने प्रेसवार्ता को किया संबोधित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** भाजपा कार्यालय अटल भवन के सभागार में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव सहित भाजपा आदिवासी मोर्चा के नेताओं ने संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर जनजातीय समाज के उत्थान व हज़ारीबाग लोकसभा के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सांसद सह अध्यक्ष, वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा का आभार व्यक्त करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा की ज्ञात हो कि 20 नवंबर को सांसद जयंत सिन्हा ने रांची स्थित राजभवन में झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की थी। उन्होंने राज्यपाल को हजारीबाग वासियों की ओर से सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया है। भाजपा नेताओं ने बताया कि हज़ारीबाग लोकसभा में आदिवासियों को मोदी सरकार अनेक लाभ पहुंचा रही है। सांसद जयंत सिन्हा के प्रयास इसमें अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्ही के प्रयासों से विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 8 करोड़ से सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज का निर्माण हो रहा है। इस भवन का डिजाइन झारखण्ड के पहाड़ों के स्वरूप से लिया गया है। यहां विशाल संग्रहालय समेत प्रशासनिक भवन इत्यादि भी होंगे। यहां क्षेत्रीय व लोक कलाओं पर रिसर्च कर उनका संरक्षण व प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आदिवासी संस्कृति के संरक्षण व विस्तार की दृष्टि से यह हज़ारीबाग लोकसभा समेत झारखण्ड के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण परियोजना है। अगले 1-2 माह में यह निर्माण पूरा हो जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जयंत सिन्हा हमारे आदिवासी एवं जनजाति भाई-बहनों और हज़ारीबाग लोकसभा के विकास के लिए अनेको सार्थक कदम उठा रहे हैं।

## बरही टाउन हॉल में लगा दिव्यांग शिविर, 69 दिव्यांगो का हुआ पंजीकरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी की देखरेख में गुरुवार को दिव्यांग जनों का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों में डॉ संजीव कुमार सिंह (ऑर्थोपेडिक सर्जन), डॉ डॉ पवन कुमार (नेत्र सर्जन), डॉक्टर साजिया फरनाज (ईएनटी) की टीम ने 69 दिव्यांग लोगों की जांच की। जांच के बाद सभी दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए अनुशंसा की गई। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि बरही प्रखंड में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। दिव्यांग शिविर में 69 दिव्यांगों का पंजीकरण किया गया। पंजीकरण के बाद चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी की टीम के द्वारा दिव्यांगता की जांच की गई। जिसमें शारीरिक दिव्यांग में 35, मुख वधिर 03, नेत्र दिव्यांग में 06, सीपी में 04 लोगो का नया विकलंगता सर्टिफिकेट दिया जाएगा। वहीं 16 दिव्यांग उपकरण दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बरही एसडीओ पूनम कुजूर ने चल रहे जांच शिविर का निरीक्षण की। जांच शिविर में साइट सेवर्स इंडिया के दीपक कुमार शर्मा, दिव्यांग संगठन से रुखसाना खातून, विनती कुमारी ने दिव्यांगों को जांच कराने में सहयोग किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, विजय यादव छोटन ठाकुर, मुकेश राम आदि उपस्थित थे। वहीं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ नीलू कुमारी, प्रवेक्षिका कुमारी निभा, रंजीता कुमारी, सुनीता कुमारी एवं मोहन मिर्धा, राजीव रंजन, मनोज गुप्ता उपस्थित रहे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## कोयलांचल के भक्तों ने घरों में किया तुलसी विवाह आयोजन



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा-सिरका, जीएम आॅफिस, गिद्दी समेत पास के ग्रामीण क्षेत्रो में माता तुलसी व भगवान विष्णु शालिग्राम का विवाह आयोजन पूजन के साथ हुआ। भक्तों ने बताया कि तुलसी विवाह कार्तिक माह के एकादशी पर होता आया हैं। पूजा में बताशा, लड्डू, पेड़ा, रामदाना, दूध आदि अर्पित किया गया। लोगों ने अपने परिवार सहित क्षेत्र के लिए सुख, शांति, समृद्धि की कामना किया।

## गोला प्रखंड कार्यालय में जलसहियाओ के बीच एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रोत्साहन राशि का वितरण



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन को लेकर मुखिया व जलसहियाओ के बीच बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न घटकों पर चर्चा किया गया तथा जल जीवन मिशन के तहत गोला बहु पंचायत जलापूर्ति योजना से आच्छादित ग्राम की जल सहिया के द्वारा संग्रहित नल कनेक्शन शुल्क तथा मासिक जल शुल्क हेतू प्रोत्साहन राशि के रूप में कुल 244092/ रूपये का वितरण चेक के माध्यम से कार्यशाला में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ संजय कुमार शांडिल्य, कार्यपालक अभियंता रामगढ़ अनिल गुप्ता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कार्य अभियंता शिव कुमार बेदिया, प्रखंड समन्वयक पीएचडी गोला अजय कुमार महतो, सोशल मोबलाइजर एकबाल हुसैन, यूनिसेफ से निर्भय कुमार, वरुण कुमार के अलावा स्थानीय मुखिया व जलसहिया शामिल थे।

## उरीमारी के रोहनगोडा युपीएस में मुखिया कमला देवी ने कापी बैग का वितरण किया




**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी पंचायत के रोहनगोडा स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में सीसीएल उरीमारी परियोजना के द्वारा गुरुवार को उरीमारी मुखिया कमला देवी के हाथो दर्जनों स्कूली बच्चों के बीच कापी और स्कूली बैग का वितरण किया। वहीं मुखिया कमला देवी ने कहा राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न तरह की योजनाएं पंचायत स्तर से चलाई जा रही है।इसी आलोक में रोहनगोडा विधालय में पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। वहीं इस मौके पर विधालय की प्राचार्य सुषमा कुमारी, प्रबंधन समिति सदस्य अनुपम देवी,शिक्षक तालेश्वर मरांडी, सदस्य यास्मीन बेगम,अनीता देवी,मैनो देवी, विष्णु कुमार,सहनाज बेगम आदि लोग मौजूद थे।

## भुरकुंडा पंचायत भवन में दो दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारंभ



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा पंचायत भवन स्थित गुरुवार को एकल अभियान रामगढ़ अंचल संच भुरकुंडा एवं संच पतरातु का सामूहिक दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में अंचल महिला समिति सचिव एवं भुरकुंडा संच समिति के तत्वावधान में एकल अभियान द्वारा दो दिवसीय आवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग शुभारंभ किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर दीप प्रजोल्न मंत्र ओंकार, गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना, विजय महामंत्र, हनुमान चालीसा का पाठ कर वर्ग का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एकल अभियान रामगढ़अंचल महिला समिति सचिव अनामिका श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित हुई वही उन्होंने कहा की एकल अभियान का कार्य ईश्वरीय कार्य है इस कार्य को अपने क्षेत्र में ठीक प्रकार कार्य हो इसके लिए आप सब को दो दिवसीय (30घंटा) प्रशिक्षण में बुलाया गया है। इस प्रशिक्षण मे आप सब ध्यान केंद्रित कर प्रशिक्षण वर्ग में रहेंगे और जो भी विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त होगा उसको अपने में एकल विद्यालय के माध्यम से गांव में बताएंगे। वही इस मौके पर भुरकुंडा संच समिति सचिव विक्रम जी, पतरातु के समाज सेवी अवधेश सिंह भुरकुण्डा पंचायत मुखिया अजय पासवान, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख नंदकिशोर महतो, संच प्रमुख नागेश्वर महतो संच प्रमुख शांति देवी संच व्यास अमृता कुमारी एंव ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए आचार्या शामिल रहे।

## रामगढ़ में चुनाव प्रक्रिया में विभिन्न पदों के लिए कुल 22 नामांकन पत्र अधिवक्ताओं द्वारा खरीदे गये

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ में गुरुवार को प्रारंभ हुई चुनाव प्रक्रिया में विभिन्न पदों के लिए कुल 22 नामांकन पत्र अधिवक्ताओं द्वारा खरीदे गए ।जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो उपाध्यक्ष पद के लिए दो महासचिव पद के लिए 6 संयुक्त सचिव (प्रशासन) के लिए दो



एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के लिए के लिए खरीदे गए, नामांकन खरीदने के पश्चात आज मूवनेश्वर महतो अधिवक्ता ने महासचिव पद के लिए अपना नामांकन जमा किया साथ ही कार्यकारिणी सदस्य हेतु मीनू कुमारी ने भी अपना नामांकन जमा किया । गुरुवार की उक्त चुनाव प्रक्रिया राजकुमार गुप्ता मुख्य चुनाव पदाधिकारी पंकज कृष्णा जमुआर एवं प्रणब मुखर्जी सहायक चुनाव पदाधिकारी के देखरेख में संपन्न हुआ।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल, रामगढ़ में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित मुखिया सम्मेलन में सभी जनप्रतिनिधियों को ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु जनप्रतिनिधियों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहां की शिक्षा शेरनी का दूध है, जो भी इसे पिएगा वह दहाड़ेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा एकमात्र ऐसा रास्ता है जो की किसी भी ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे के भविष्य को पूरी तरह से बदल सकता है। मौके पर उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए किसी भी बच्चों के जीवन में सही शिक्षा के महत्व पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों से



अपने-अपने क्षेत्र में स्थित विद्यालयों का नियमित निरीक्षण, नियम अनुसार संचालन, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक, बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय जाना आदि सुनिश्चित करने को लेकर कई आवश्यक जानकारियां दी वही उन्होंने जनप्रतिनिधियों को किसी भी प्रकार की समस्या आने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अथवा सीधा उपायुक्त के कार्यालय में आने की अपील की। सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने 24 नवंबर से शुरू हो रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी जनप्रतिनिधियों को अपना योगदान देने की अपील की ।

# आदिवासी संघर्ष मोर्चा और भारत जकात मांझी परगना महल के नेतृत्व में घाटो मैदान में जनसुनवाई का कार्यक्रम हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ के घाटो भेलगढ़ा,सरहूल मैदान में भारत जकात मांझी परगना महल के रामगढ़ जिला अध्यक्ष-महादेव मांझी,करमा मांझी, रामसिंह मांझी, जयवीर हंसदा,चेतलाल हेम्ब्रम,भोला मुर्मु व मनेन्द्र हेम्ब्रम एवं भारत जकात मांझी परगना महल हजारीबाग के अध्यक्ष सोहराय किस्कू,मनाराम मांझी के नेतृत्व में हजारों महिला-पुरुष, बच्चे, नौजवानों की भागीदारी में झंडा बैनर तीर-धनुष हाथों में लिए पुलिस जुल्म के खिलाफ युद्धघोष की डुगडुगी बजाते व नारा लगाते-अत्याचारी घाटो थाना प्रभारी बलवंत दुबे के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करो,घाटो थाना प्रभारी बलवंत दुबे को अविलंब मुवतल करो,मृतक ललन किस्कू के आश्रितों को 10 लाख रुपए मुआवजा दो, पुलिस जुल्म- अत्याचार के खिलाफ संघर्ष तेज करो,पुलिस की अत्याचार नही सहेंगे, आदिवासियों पर अत्याचार करना बंद करो,हर जोर-जुल्म के टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है,आदि नारा लगाते हुए यह रैली घाटो भेलगढ़ा जनसुनवाई सभा स्थल पहुंची। सभा की अध्यक्षता सोहराय किस्कू और संचालन मनेन्द्र हेम्ब्रम ने किया और सभा मंच में मंचासीन भारत जकात मांझी परगना महल के सोहराय किस्कू, महादेव मांझी, जगलाल सोरेन,करमा मांझी, रीता सोरेन, आदिवासी संघर्ष मोर्चा के




राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया, नरेश बडाईक, नीता बेदिया व लाली बेदिया , आदिवासी जन परिषद् के प्रकाश मुंडा भाकपा-माले के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया,हीरा गोप और मासस के बसंत जी अन्य शामिल थे।सर्वप्रथम मृतक ललन किस्कू के चित्र चित्र पर बक्शी मांझी भेलगढ़ा ने माल्यार्पण किए और उपस्थित सभी लोगों ने बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर एक मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई। सभा पूर्व भारत जकात मांझी परगना महल और आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में विरोध मार्च किया गया।जिसमें हजारों महिला-पुरुष, बच्चे, नौजवानों की भागीदारी में झंडा बैनर तीर धनुष हाथों में लिए पुलिस जुल्म के खिलाफ युद्धघोष की डुगडुगी बजाते व नारा लगाते- अत्याचारी घाटो थाना प्रभारी बलवंत दुबे को अविलंब मुवतल करो।

## पंचायत संगठन के माध्यम से सरकारी योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जाएगी : अंकित राज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के नयाटांड़ पंचायत में कांग्रेस पार्टी कोर कमेटी के विस्तार को लेकर बैठक रखी गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने किया वही इस बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज उर्फ सुमित उपस्थित हुए। वहीइस बैठक में पंचायत की मुखिया लीलावती देवी भी मौजूद रही। इस बैठक की शुरुआत क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों को फूलमाला पहनाकर किया गया इस दौरान अंकित राज ने कहा कि हर एक पंचायत में कोर कमेटी गठन किया जा रहा है तथा पंचायत में चापाकल, पीसीसी रोड, नाली एवं अन्य विकास योजनाओं का चयन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद के विकास नीति से प्रभावित होकर दिनों दिन कांग्रेस पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है एवं हर वर्ग का समर्थन देखने को मिल रहा है। वही अंकित राज ने यह भी कहा कि पंचायत के विकास संबंधी जो भी कार्य अधूरे हैं, वह जल्द ही पूरे किए जाएंगे। कोर कमेटी में हर क्षेत्र के एवं हर वर्ग के लोगों को जोड़ा गया है। वही सर्वसम्मति से पंचायत का अध्यक्ष सतीश कुमार दास, उपाध्यक्ष कृष्णा महतो, सचिव सत्यनारायण नायक, उप सचिव हसन इमाम, मीडिया प्रभारी दिलीप प्रसाद, पंचायत प्रमुख राम केसर सिंह को चुना गया।

## दुलमी प्रखंड में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 25 से शुरू हो रहा है ग्रामीण इसका लाभ उठाएं : सुधीर मंगलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर प्रखंड प्रशासन व प्रखंड कर्मियों द्वारा लगातार तैयारी की जा रही है। इस बाबत बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि कार्यक्रम में राज्य सरकार के विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही यह भी । सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है कि कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित के नहीं रहे। उन्होंने आगे कहा कि आम नागरिक को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी च योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर त्वारित निष्पादित भी ऑन द स्पॉट किया जाएगा। विभिन्न पंचायतों में होने वाले कार्यक्रम 25 नम्बर को पोटमदगा पंचायत के प्रथामिक विद्यालय बगरई 30 नम्बर को कुल्ही पंचायत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुल्ही में 2 दिसंबर को जमीरा पंचायत उत्क्रमित उच्च विद्यालय अंबागड़ा स्कूल परिसर , 5 दिसंबर को सोसो पंचायत सचिवालय में ,7 दिसंबर को सिकनी पंचायत सचिवालय में 9 दिसंबर को दुलमी सुखलाल बगीचा विद्यालय में, 12 दिसंबर होन्हे पंचायत शिवालय मंदिर परिसर में , 15 दिसंबर सिरु पंचायत सचिवालय परिसर में 18 दिसंबर को उत्क्रमित उच्च विद्यालय चटाक में, 21 दिसंबर को पंचायत सचिवालय उसरा में कार्यक्रम है।

## प्रजापति युवा संगठन बेंती ने मृतक के आश्रितों को दिया खाद्य सामग्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत 12 नवम्बर को मजदूर बिनेश्वर गंझू का निधन हो गया था। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इसकी सूचना पाकर गुरुवार को प्रजापति युवा संगठन बेंती के सदस्य मृतक के घर जाकर उसके परिजनों से मुलाकात की।इस दौरान संगठन के द्वारा मृतक के आश्रितों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया गया।साथ ही हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। संगठन के लोगों ने बताया कि स्व.बिनेश्वर गंझू के परिजनों की आर्थिक स्थिति काफी खराब है।ऐसे में समाज के द्वारा उनके आश्रितो को एक छोटी सी सहायता की गई है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भी मृतक के आश्रितों को सहयोग करने की अपील की है।

# पुल निर्माण कार्य शुरु होने से बचरा झुला पुल से सब्जी मंडी का मार्ग तीन सप्ताह के लिए बन्द

### सीसीएल पिपरवार प्रबधंन के द्वारा बनाया जा रहा है नया पुल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा बचरा झुला पुल के समीप कलवर्ट पुलिया को तोड़कर नया पुल बनाया जा रहा है।गुरूवार से पुल का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है।पुल निर्माण कार्य शुरू होने के बाद बचरा झुला पुल से लेकर बचरा सब्जी मंडी तक मुख्य मार्ग को तीन सप्ताह तक के लिए बन्द कर दिया गया है।उक्त रास्ता बन्द होने के बाद अब पिपरवार जीएम ऑफिस,अशोका प्रोजेक्ट, सीएचपी प्रोजेक्ट, बेंती, कारो, बहेरा, बिजैन, कल्याणपूर और टंडवा के लोग अब बचरा झुला पुल से सीधे बिशुझापा होते हुए बचरा बाजारटांड़ के रास्ते आवागमण कर सकते है।वही बचरा चार नम्बर आवासीय कालोनी सहित राय, चुरी, डकरा, खलारी और बुड़मू के लोग अब बचरा चार नम्बर चौक होते हुए थाना



चौक के रास्ते बचरा बाजारटांड़ के रास्ते आवागमण कर सकते है।जानकारी के अनुसार बचरा झुला पुल के पास उक्त छोटे कल्वर्ट पुलिया मे बरसात के मौसम मे पानी का बहाव पुलिया के उपर से होता था,जिसके कारण आवागमण करने वाले लोगो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता था, जिसे देखते हुए सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा उक्त स्थान पर नया पुल बनाने की स्वीकृति दी गई है। अब पुल का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लोगों को आवागमन करने में सहूलियत होगी।पुल निर्माण कार्य शुरू करने के साथ ही संवेदक के द्वारा झुला पुल से लेकर आईआरबी थ्री कैम्प तक मुख्य मार्ग को बन्द कर दिया गया है।वही सीसीएल पिपरवार एरिया मे कार्यरत सभी अधिकारी और कर्मचारी बचरा बाजारटांड़ के रास्ते आवागमण कर रहे हैं।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के आलोक में 24 नवंबर 2023 से 29 दिसंबर 2023 तक आयोजित होने वाले आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार÷ कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने शुक्रवार से शुरू हो रहे शिविरों के मद्देनजर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों से अंतिम चरण की तैयारियों की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति शिविर के दौरान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने योजनाओं से संबंधित स्टॉल शिविर के दौरान लगाने एवं प्रतिनियुक्ति कर्मियों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने कहा कि शिविर के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों को यथासंभव शिविर के दौरान ही निष्पादित करने का प्रयास किया जाए वहीं जिन आवेदनों को शिविर के दौरान निष्पादित किया जाना संभव नहीं हो उन आवेदनों की नियमित मॉनीटरिंग कर



संबंधित अधिकारी तीव्र गति से आवेदनों को निष्पादित करना सुनिश्चित करें। शिविर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने, शिविर से पूर्व संबंधित क्षेत्र में माइकिंग आदि कराने का निर्देश दिया वहीं शिविर के सफल आयोजन के लिए उपायुक्त ने शिविर शुरू होने के पूर्व ड्राई रन सुनिश्चित करते हुए सभी कार्यो का जायजा लेने का निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार वित्त विभाग

### प्रेस विज्ञप्ति

वित्त विभाग, झारखण्ड अन्तर्गत Project Management Unit (PMU) के सुदृढ़ीकरण हेतु उच्च तकनीकी कुशलता प्राप्त प्रोफेशनल को संविदा के आधार पर तकनीकी विशेषज्ञ पदाधिकारी के रूप में नियोजित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त पदों पर आहर्त्ताधारी इच्छुक आवेदक, जैप आई०टी० के Online Recruitment Portal (https://recruitment.jharkhand. gov.in) पर Online आवेदन कर सकेंगे। साथ ही पदों के अनुरूप माँगे गये सभी Documents को भी आवेदन के साथ स्कैन कर उपर्युक्त वर्णित Online Recruitment Portal पर समर्पित करेंगे। अन्य माध्यमों से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

2. संविदा आधारित नियुक्ति हेतु पदों/शैक्षणिक योग्यता/अनुभव एवं Perquisites की विवरणी

| Sl. No. | Name of the Post | No of Posts | Educational Qualification &Experience | Perquisites |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Project Director | 01 | a) B.Tech./B.E. (Computer Science/IT/ ECE/EEE)/ M.C.A./ M.Sc.(IT)/M.Sc.(Computer Science)/ M.Sc. (Electronics) from Government recognised University/Institute. b) MBA (IT & Systems/Finance) from Government University /Institute. c) A Senior Management Officer from CMMI Levle 5 Company or Government organizations with an experience for minimum 15 years in relevant field. | Salary-2 Lakh/Month. Technical Allowances (Including Transp ort Allowance,Housing Allowance and Medical Allowance) - 1-2 Lakh/Month |
| 2. | Additional Project Director | 01 | a) B.Tech./B.E. (Computer Science/IT/ ECE/EEE)/ M.C.A./ M.Sc.(IT)/M.Sc.(Computer Science)/ M.Sc. (Electronics) from Government recognised University/Institute. b) MBA (IT & Systems/Finance) from Government University /Institute. c) A Senior Management Officer from CMMI Levle 5 Company or Government organizations with an experience for minimum 10 years in relevant field. | Salary-1.5Lakh/Month. Technical Allowances (Including Transport Allowance,Housing Allowance and Medical Allowance)-0.5-1 Lakh/Month |

3. उपर्युक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित विस्तृत सूचना वित्त विभाग के बेवसाइट (https:// finance .jharkhand.gov.in) तथा जैप आई० टी० के Online Recruitment Portal (https://recruitment .jharkhand.gov.in) पर उलब्ध है।
4. आवेदन शुल्क के रूप में 100/–रूपये मात्र देय होगा, जिसका भुगतान जैप आई०टी० के Online Recruitment Portal पर उपलब्ध Payment gateway के माध्यम से ऑनलाईन किया जाएगा।
5. आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि 17.12.2023 है।

ह०/–
(ज्योति कुमारी झा)
उप सचिव,वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची

PR311839 (Finance)23-24*D



## कार्यालयः– असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

राज्य योजना अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में संचालित अटल मुहल्ला क्लीनिकों के लिए

चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने हेतु Walk in Interview हेतु विज्ञापन।

विज्ञापन संख्या :– 01/23–24 साक्षात्कार की तिथि : 28.11.2023

राज्य योजना अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में संचालित 02 अटल मुहल्ला क्लीनिकों (नवाड़ीपाड़ा एवं मेसो भवन, लोहरदगा) हेतु 03 चिकित्सकों (Part Time) की सेवा प्राप्त करने हेतु Walk in Interview दिनांक 28.11.2023 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित की जाती है। अटल क्लीनिक के लिए चिकित्सकों के सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक आर्हत्ता निम्नांकित है :–

| क्र0सं0 | विवरणी | अटल मुहल्ला क्लीनिक हेतु आवष्यक अर्हत्ता |
|---|---|---|
| 1 | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता (चिकित्सक पद के लिए) | मेडिकल काउंसिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री। अथवा B.H.M.S./B.U.M.S./B.A.M.S.(M.B.B.S. डिग्रीधारी को प्राथमिकता दिया जायेगा) |
| 2 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है)। फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष तक के लिए मान्य होगी। |
| 3 | मानदेय (M.B.B.S.चिकित्सक पद के लिए) | रू0 1400/– प्रतिदिन चार घंटों के लिए |
| 4 | मानदेय B.H.M.S./B.U.M.S./B.A.M.S. चिकित्सक पद के लिए) | रू0 20,000/– प्रतिमाह |
| 5 | पदों की संख्या | 03 (तीन) |
| 6 | पदस्थापन संख्या | नवाड़ीपाड़ा एवं मेसो भवन, लोहरदगा। |
| 7 | कार्य दिवस | सोमवार से शनिवार |
| 8 | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सकों के भुगतेय मानदेय से नियमानुसार T.D.S. की कटौती की जाएगी। | |
| 9 | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सकों के द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 10 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |

चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने हेतु अन्य शर्ते, अहर्त्ता इत्यादि का विवरण लोहरदगा जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायो डाटा के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र एवं स्वयं अभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा में दिनांक 28.11.2023 को 03.00 बजे से 04.00 बजे अपराहन् तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 311840 Lohardaga(23-24)D

## टुंडी स्वास्थ्य केंद्र में बीसीसीएल के द्वारा कैंप का आयोजन



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी दुबराजपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज गुरुवार को बीसीसीएल के द्वारा एक कैंप का आयोजन किया गया जिसमें टी वी ,क्षय रोग से ग्रसित मरीजों के बीच पोषण टोकरी नामक खाद्य सामग्री का वितरण किया गया ताकि टीवी के मरीजों को पौष्टिक आहार के साथ-साथ एक अच्छे स्वास्थ्य मिल सके। बताया जाता है की टुंडी में टीवी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार का वितरण बीसीसीएल के द्वारा किया गया जिसमें कुल 24 मरीज के लिए पोषण टोकरी नामक खाद्य सामग्री की आपूर्ति की गई थी जिसमें आज कुल 15 मरीजों के बीच पोषण टोकरी का वितरण किया गया एवं बाकी बचे मरीजों से दूरभाष के माध्यम से संपर्क स्थापित किया जा रहा है ताकि बचे लोगों को भी ससमय इसका लाभ मिल? सकें।आज के इस कैंप में मुख्य रूप से डॉक्टर राज कपूर सोनी,डॉक्टर अभिषेक मुखर्जी, डॉक्टर विजय वर्मा ,टीवी सुपरवाइजर वीरेंद्र ठाकुर, स्वास्थ्य कर्मी मोहम्मद रियाज ,विजय कुमार पाण्डेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## टनल में फंसे मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए इंम्पीरियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने की प्रार्थना



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में ग्यारह दिनों से फंसे मजदूरों के जीवन रक्षा के लिए और उनके सकुशल बाहर निकलने के लिए गुरूवार को इंम्पीरियल पब्लिक स्कूल के प्रार्थना सभा में बच्चों के साथ स्कूल के सभी कर्मचारियों द्वारा इश्वर से प्रार्थना किया गया। बता दें कि 11 दिन पहले टनल में भूस्खलन होने पर 41 मजदूर फंसे गए थे, हालांकि मजदूरों को बचाने के लिए राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है, खाने और ऑक्सीजन सप्लाई के लिए पाइपों का सहारा लिया जा रहा है। इस बीच विद्यालय के प्रधानाध्यापक रोहित कुमार ने बताया कि इस टनल में बिरनी प्रखंड के सिमराढाब निवासी सुबोध कुमार और कैसोडीह निवासी विश्वजीत कुमार के साथ फंसे सभी लोगों के लिए आज हम सभी इश्वर से उनके सकूशल बाहर निकलने के लिए प्रार्थना किए वहीं उप प्रधानाध्यापक शंकर सर बोले कि कभी-कभी सभी कि दुआएं से कठिन से कठिन कार्य भी सरलता से हो जाता है।

## हाइवा के चपेट में आने से बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर थाना के समीप गुरुवार को एक



अनियंत्रित हाइवा वाहन ने एक बाइक सवार दंपति को अपने चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना देख आसपास के स्थानीय की भीड़ जुट गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हाइवा वाहन चालक वाहन को बैक कर रहा था। उसी दौरन बाइक सवार दंपति को चपेट में ले लिया।इस दुर्घटना में महिला व उसके पति का हाथ व पैर टूट गया है। दोनों का इलाज एसएनएमएमसीएच अस्पताल में किया जा रहा है।

## राष्ट्र को बचाना है तो बेटी को बचाना होगा : डॉ. दुर्गेशाचार्य

### गंगा गौशाला में शिव महापुराण कथा में उमड़ी भीड़

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गंगा गौशाला गोपाष्मी महोत्सव पर गंगा



गौशाला प्रांगण में गुरुवार महापुराण कथा के तीसर दिन राष्ट्रीय संत डॉ दुर्गेशाचार्य जी महराज ने कथा में कहा गंगा, गौ और गौरी माता को बचाना है तभी हमारा राष्ट्र बचेगा बेटा बेटी में कोई अंतर नहीं है भ्रूण हत्या पर चर्चा करते हुए कहां राष्ट्र को बचाना है तो बेटी को बचाना होगा.गौ, गंगा और गौरी राष्ट्र की गौरव है. जो भवसागर पार लगता है वही पुत्र कहलाने के काबिल है. मनुष्य का जीवन तभी सफल होता है जो अपने माता-पिता, सास ससुर बड़े बुजुर्ग की सेवा करता है. मृत्यु उपरांत जो क्रिया कर्म करता है वही पुत्र कहलाता है. अपने माता-पिता को गया में पिंडदान करना एक पुत्र की बहुत बड़ी जिम्मेवारी है. जो अपने माता-पिता का पिंडदान नहीं करते वह पुत्र कहलन योग्य नहीं है. गौ, गरीब ब्राह्मण, साधु संत को जो अन्न दान करता है उनकी संताने आरोग्य होते हैं. भगवान के पूजा अर्चना में लगाए गए अर्थ कभी व्यर्थ नहीं जाता. मौके पर गौशाला के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, सचिव महेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष चौधरी, संतोष जलान, श्रवण खेतान, स्नेहा अग्रवाल, उषा चौधरी, पंकज सिन्हा, कृष्ण कन्हैया राय, कमलेश सिंह, बिरजू राम चौरसिया, मनोज पांडे उपस्थित थे।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

# डीसीएलआर, डीपीआरओ ने किया प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक जिले की सभी 256 पंचायत, नगर निगम के 55 वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्ड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देशानुसार इसके सफल क्रियान्वयन के लिए अधिक से अधिक लोगों तक आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से डीसीएलआर सतीश चंद्रा एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय ने हरी झंडी दिखा कर प्रचार वाहन को रवाना किया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर विभिन्न प्रखंड के पंचायत, धनबाद नगर निगम के वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड में कार्यक्रम की तिथियां निर्धारित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 24 नवंबर को धनबाद प्रखंड के अरलगड़िया, पूर्वी टुंडी के चुरुरिया, निरसा के बैजना, कलियासोल के आंखद्वारा, तोपचांची के भुइया चितरो, बाघमारा के बगदाहा और कुमारजोरी, बलियापुर के अलकडीहा, एगारकुंड के आमकुड़ा तथा गोविंदपुर प्रखंड के अमरपुर एवं जियलगोड़ा, धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या एक के राजेंद्र क्लब कतरास एवं वार्ड संख्या 2 के वार्ड विकास केंद्र छाताबाद तथा चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या एक के नगर भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी, ग्रमीणों की जुटी भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झरिया प्रखंड के सुदामडीह थाना अंतर्गत गौरखुटी मोहलबनी स्टेशन के समीप गुरुवार को खेत में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव देख कर आस पास के ग्रमीणों की भीड़ जुट गई। शव मिलने की सूचना सुदामडीह थाना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुच कर शव की पहचान के लिए आसपास ग्रमीणों से पूछताछ कर रही है। वही मौके पर पूर्व स्थानीय पार्षद चंदन महतो पहुंचे।

शव देख कर ग्रामीणों के बीच तरह तरह की चर्चा है। फिलहाल पुलिस शव का पंचनामा कर रही है। पुलिस का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उसके बाद ही कुछ बताया जा सकता है कि महिला की मौत कैसे हुई है। साथ ही महिला की पहचान करने के लिए आस पास के ग्रमीणों से पूछताछ की जा रही है।

## खाटू श्याम जी के 131वीं जयंती पर निकली किसान यात्रा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री श्याम ध्वजा पद यात्रा बैनर तले श्याम भक्तों के द्वारा खाटू श्याम जी के 131वीं जयंती पर किसान यात्रा निकाला गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। किसान यात्रा हीरापुर श्याम मंदिर से शुरू होकर सिटी सेंटर, पूजा टॉकीज, बैंक मोड़ के रास्ते झरिया स्थित खाटू श्याम जी के मंदिर तक यह पदयात्रा निकल गई इस पदयात्रा में 1100 ध्वज के साथ पदयात्रा निकाली गई। किसान यात्रा धनबाद में विगत 11 वर्षो से निकाला जा रहा है जो हीरापुर से शुरू होकर खाटू श्याम जी के मंदिर झरिया तक जाती है। वही यात्रा में शामिल श्याम भक्तों के लिए रास्ते में जगह-जगह पानी और जूस का इंतजाम श्याम भक्तों के द्वारा किया गया था।

## दो दिवसीय स्ट्राइक बैलेट कार्यक्रम संपन्न, 98 प्रतिशत रेल कर्मियों ने किया रेल हड़ताल का समर्थन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** एआईआरएफ के आह्वान पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन द्वारा किए गए दो दिवसीय स्ट्राइक बैलेट कार्यक्रम बुधवार देर शाम तक संपन्न हो गया। यह स्ट्राइक बैलेट धनबाद मंडल के 14 शाखाओं के साथ-साथ पूर्व मध्य रेलवे के पांचों मंडल तथा पूरे भारतीय रेल में एक साथ संपन्न हुआ। एआईआरएफ के वार्षिक सम्मेलन में लिए गए निर्णय के आधार पर ईसीआरकेयू द्वारा एनपीएस को हटा कर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर सरकार की उदासीनता के विरोध में रेलवे हड़ताल पर जाने के लिए रेल कर्मियों से उनके विचार जानने के लिए कराया गया है। धनबाद के तीनों शाखा सहित धनबाद मंडल के सभी शाखाओं द्वारा आयोजित इस मतदान अभियान में 98.2त्न रेल कर्मियों ने नये पेंशन को समाप्त कर सभी को सुनिश्चित पुराने पेंशन योजना के लाभ की मांग को सरकार द्वारा नहीं माने जाने की स्थिति में रेल हड़ताल पर जाने के निर्णय का जोरदार समर्थन किया है। जबकि पूर्व मध्य रेलवे के सभी मंडलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 99.2त्न रेलकर्मियों ने उक्त मामले में रेल हड़ताल पर जाने की सहमति जताई है। इस विशाल बहुमत के बाद अब पुराने पेंशन की मांग को लेकर जनवरी फरवरी 2024 में राष्ट्रव्यापी रेल हड़ताल के लिए फेडरेशन द्वारा तारीख की घोषणा की जाएगी।

उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज़्याऊद्दीन ने कहा कि पूर्व मध्य रेलवे के सभी 54 शाखाओं के सक्रिय सहयोग से पूरे जोन में संपन्न हुए वोटों का गिनती कर पटना स्थित ईसीआरकेयू के मुख्य कार्यालय को भेजा गया। इस प्रकार वहाँ से सभी पांचों मंडलों का परिणाम संकलन कर एआईआरएफ के मुख्य कार्यालय को नई दिल्ली भेज दिया गया।

## कांग्रेस नेत्री ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान विद्यालय का किया निरीक्षण

# विद्यालय में ताला लटका मिला, विभाग को लगाई फटकार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतरगत गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सह जमुआ विधानसभा कांग्रेस नेत्री डॉ मंजू कुमारी जमुआ प्रखंड के चोरगता पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दुधवाटोल का ग्रामीणों की शिकायत पर निरीक्षण किया दोपहर लगभग 12:00 बजे विद्यालय बंद पाया गया वहीं बच्चे खेलते - कूदते नजर आए. जिसको लेकर कांग्रेस नेत्री ने जमुआ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को दूरभाष के माध्यम से जानकारी देकर विभाग प्रति फटकार लगाया । वही मंजू कुमारी ने कही इसकी शिकायत वरीय अधिकारी से करेंगे शिक्षा के प्रति खिलवाड़ कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही ग्रामीणों ने कहा कि शिक्षक का विद्यालय के प्रति हमेशा यही रैवया रहता है केवल हाजिरी बनाने के लिए आते हैं उसके बाद अपने निजी कार्यों में व्यस्त नजर आते हैं। वहीं बच्चों ने कहा हर दिन 10:00 बजे विद्यालय खुलता है और लगभग 1:00 बजे दोपहर बंद हो जाता है। वही बताया की मध्यान भोजन में भी भारी अनियमित बढ़ती जा रही है मेनू के हिसाब से भोजन उपलब्ध नहीं किया जाता है।

## कांग्रेस नेत्री डॉ. मंजू कुमारी ने किया क्षेत्र भ्रमण, लोगों के समस्याओं से हुई अवगत



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के पूर्वी भाग में कांग्रेस नेत्री डॉ मंजू कुमारी ने गुरुवार को क्षेत्र का भर्मण किया। इस दौरान लोगो ने समस्याओ से अवगत हुई और उसके समाधान का आश्वाशन दी। भर्मण के दौरान मलुवाटांड पंचायत के प्राचीडीह के ग्रामीणों ने बिजली की समस्या को लेकर मंजू कुमारी को ज्ञापन भी दिया। ग्रामीणों ने कहा की गांव के कई घर ऐसे है जहां बिजली का पोल नहीं है दूर से बांस के सहारे तार ले जाकर बिजली उपयोग करने को मजबूर है जो की जोखिम भरा है। बिजली विभाग को अवगत कराने के बावजूद भी कोई पहल नहीं किया गया। मंजू कुमारी ने आश्वाशन दिया की बिजली विभाग से बात करके पोल दिलाने का काम करेंगे। मौके पर रंजीत , संतोष ,मोहन सहित काफी ग्रामीण उपस्थित थे।

## अभाविप ने मनाई महान वैज्ञानिक सर जे सी बोस की पुण्यतिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** अभाविप गिरिडीह के द्वारा महान वैज्ञानिक सर जे सी बोस के पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान झंडा मैदान मोड़ व विज्ञान भवन मोड़ स्थित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण की गई। अभाविप के वक्ताओं ने कहा कि महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस का नाता हमारे गिरिडीह से गहरा रहा है अपने जीवन का अंतिम सास उन्होंने गिरिडीह की ही भूमि पर लिये थे। उनका आज भी गिरिडीह में मकान है जिस मकान में उन्होंने अंतिम सांस लिया था उनके मकान में आज भी उनकी वह तिजोरी मौजूद है जिसे आज तक खोला नहीं गया है जेसी बोस के मकान को अब विज्ञान भवन बना दिया गया है इसी में वो तिजोरी रखी है दो बार इसे खोलने का कार्यक्रम जिला प्रशासन ने निर्धारित किया लेकिन दोनों बार मिसाइल मैन और देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक व उस समय के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम आजाद साहब नहीं आ सके नतीजा तिजोरी का रहस्य आज तक बरकरार है गिरिडीह सहित पूरे देश और दुनिया के लोग आज भी जानने को उत्सुक हैं कि आखिर तिजोरी में बॉस की क्या निशानी होगी क्या शोध होंगे।

## बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की बैठक संपन्न 27 नवंबर को रांची राज भवन का होगा घेराव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** गुरुवार 23 नवंबर को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन का एक बैठक केंद्रीय कार्यालय पुराना बाजार में हुआ। बैठक की अध्यक्षता सुरेश गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव हरि प्रसाद पप्पू ने कहा कि विनाशकारी नीतियों से देश और जनता को बचाने के संघर्ष के लिए 27 नवंबर को सीटू के आह्वान पर रांची राज भवन घेराव किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि आज जनता तथा देश की स्थिति चिंताजनक है एवं गंभीर है, और इसके लिए केंद्र सरकार की मौजूदा मजदूर विरोधी किसान विरोधी और राष्ट्रीय विरोधी नीतियों की जिम्मेदार है। इससे न केवल हमारे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था बल्कि हमारा देश की एकता और अखंडता के लिए भी विनाशकारी साबित हुई है। जनता की वर्तमान दयनीय स्थिति को बदलता और देश को बचाने के दिशा में वर्तमान नीति निर्माता के विनाशकारी हमले के खिलाफ किसान और मजदूरों की एकता समय की मांग है। बैठक में मुख्य रूप से ए. एम पाल, शेख रहीम, निरंजन महतो, देवाशीष पासवान, भूषण महतो, निर्मल महतो, विश्वजीत राय, बूटन सिंह आदि लोग शामिल थे।

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

### 28 नवंबर को बाघमारा एवं गोविंदपुर की 2 - 2 पंचायत सहित 13 स्थान पर किया जाएगा शिविरों का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक जिले की सभी 256 पंचायत, नगर निगम के 55 वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्ड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।




उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन के निर्देशानुसार 28 नवंबर को बाघमारा एवं गोविंदपुर की 2-2 पंचायत सहित 13 स्थान पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 28 नवंबर को पूर्वी टुंडी के लटानी, टुंडी के बांदा पूर्व, निरसा के बेनागड़िया, तोपचांची के ब्राह्मणडीहा, बाघमारा के बहियारडीह एवं लुतीपहाड़ी, बलियापुर के पलानी, एगारकुंड के चांच तथा गोविंदपुर प्रखंड के बागसुमा एवं रतनपुर में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 12 के नेपाल रवानी स्कूल भवन छताटांड़ एवं वार्ड 5 के वार्ड विकास केंद्र छाताबाद तथा चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 3 के बालक बालिका हिंदी मध्य विद्यालय गंजागली में शिविरों का आयोजन सुबह 11ः00 बजे से संध्या 3ः00 बजे तक अथवा जब तक अंतिम व्यक्ति की शिकायत न सुनी जाए या उनका आवेदन नहीं लिया जाए, तब तक किया जाएगा।

# छठ पूजा के बाद उपलब्ध हैं कई स्पेशल ट्रेनें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** छठ पूजा के उपरांत यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा पटना, गया, बरौनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा से दिल्ली के लिए कई जोड़ी अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसके साथ ही कोलकाता, बेंगलूरु, सिकंदराबाद, कोयम्बटूर, जोधपुर तथा लोकमान्य तिलक के लिए भी कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है -

दिनांक 24.11.2023 को दिल्ली के लिए नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनें

**ऽ आरा-बक्सर-डीडीयू के रास्ते नई दिल्ली/आनंद विहार के लिए -**

1. गाड़ी सं. 03635 गया-आनंद विहार स्पेषल ट्रेन गया से 14.15 बजे प्रस्थान करेगी।
2. गाड़ी सं. 02245 पटना-नई दिल्ली स्पेषल ट्रेन पटना से 19.00 बजे प्रस्थान करेगी।
3. गाड़ी सं. 02249 पटना-नई दिल्ली स्पेषल ट्रेन पटना से 09.00 बजे प्रस्थान करेगी।
4. गाड़ी सं. 02353 पटना-आनंद विहार स्पेषल ट्रेन पटना से 16.00 बजे प्रस्थान करेगी।
5. गाड़ी सं. 04065 पटना-आनंद विहार स्पेषल ट्रेन पटना से 17.45 बजे प्रस्थान करेगी।
6. गाड़ी सं. 04001 पटना-आनंद विहार स्पेषल ट्रेन पटना से 19.15 बजे प्रस्थान करेगी।

ऽ मुजफ्फरपुर-हाजीपुर के रास्ते नई दिल्ली/आनंद विहार के लिए -

7. गाड़ी सं. 02563 बरौनी-नई दिल्ली स्पेषल ट्रेन बरौनी से 07.40 बजे प्रस्थान करेगी।
8. गाड़ी सं. 01675 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार स्पेषल मुजफ्फरपुर से 23.00 बजे प्रस्थान करेगी।
9. गाड़ी सं. 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेषल ट्रेन दरभंगा से 06.30 बजे प्रस्थान करेगी।
10. गाड़ी सं. 04021 सहरसा-नई दिल्ली स्पेषल ट्रेन सहरसा से 19.15 बजे प्रस्थान करेगी।
11. गाड़ी सं. 04525 सहरसा-अम्बाला कैंट स्पेषल ट्रेन सहरसा से 19.00 बजे प्रस्थान करेगी।
12. गाड़ी सं. 04651 जयनगर-अमृतसर स्पेषल ट्रेन जयनगर से 04.15 बजे प्रस्थान करेगी।

# सौरभ प्रसाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लोहरदगा आगमन को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद की अध्यक्षता में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम और माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा जिला आगमन के दिन परिसंपत्तियों का वितरण व आवश्यक तैयारी को लेकर आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सर्वप्रथम आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अधिक से अधिक की संख्या में आवेदन सृजित करने व उनका निष्पादन का निदेश दिया गया। सभी डेटा की पोर्टल पर प्रविष्टि जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी से समन्वय बना कर कराये जाने का निदेश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को शिविर में गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का आवेदन अधिक से अधिक स्टूडेंट्स से भराये जाने का निदेश दिया गया। सभी शिविर के आयोजन की तिथि व स्थान का प्रचार-प्रसार कराने का निदेश दिया गया। 28 नवंबर 2023 को कुडू प्रखंड के चिरी पंचायत में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित आगमन पर मुख्यमंत्री के कर कमलों से परिसंपत्तियों के वितरण, योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन पर विभागवार चर्चा की गई। सभी विभागों को अपने-अपने विभाग की ओर से परिसंपत्तियों के वितरण, योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन का प्रतिवेदन/ब्यौरा समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, गड्ढों को भरे जाने, पहुंच पथ की मरम्मती का निदेश संबंधित विभागों को दिया गया। आज की बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एलआरडीसी सुजाता, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## ग्राम स्वराज संस्थान द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत उदरंगी व भंडरा पंचायत के वकील अंबवा गांव में ग्राम स्वराज संस्थान लोहरदगा व प्रखंड प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान व भंडरा पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीणों को बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान उदरंगी पंचायत में आयोजित बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत पंचायत मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास में महिलाओं का अहम योगदान है। महिलाएं जागरूक होगी तभी गांव समाज का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि एक महिला पूरे परिवार को जागरूक करती है। इस दौरान उन्होंने लोगों को बाल श्रम, बाल विवाह, अंधविश्वास,अशिक्षा को दूर कर समाज के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। इसके अलावा भंडरा पंचायत के वकील अंबवा गांव में मुखिया इंद्रदेव उरांव ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि लड़की की शादी करने के लिए सरकार एक समय-सीमा तय की है। सरकार के दिए गए मानक के सही उम्र में ही लड़की का विवाह करें। उन्होंने कहा कि लड़की की उम्र 18 वर्ष व लड़का का उम्र 21 वर्ष होने के बाद ही उनका विवाह करें। साथ ही बच्चियों को पढ़ने के लिए निरंतर स्कूल भेजिए।

## उर्दू भाषा के साथ भेदभाव कर रही है सरकार, राजभवन धरने में शामिल होगी सोसायटी : खुर्शीद



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वंयसेवी संगठन मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो उर्दू शिक्षकों की बहाली एवं संबंधित अन्य मांगों को लेकर आम्या संगठन रांची द्वारा 28 नवंबर को राजभवन के समक्ष आयोजित धरना कार्यक्रम का समर्थन करती है। सोसायटी के सचिव खुर्शीद अंसारी ने इस संबंध में बताया कि पिछले 23 वर्षों में झारखंड की द्वितीय राजभाषा उर्दू के विकास के लिए कुछ नहीं किया गया।यहां तक की बहाली हेतू 4401 उर्दू शिक्षकों के पद सृजित किये गए थे जिसमें अब तक 3712 पद पर बहाली नहीं की गई।हाई स्कूल में नाम मात्र के शिक्षक बहाल कर उर्दू भाषी छात्रों को मूर्ख बनाने की कोशिश की गई वहीं इंटर में अब तक उर्दू शिक्षकों की बहाली ही नहीं हुई। राज्य के उर्दू स्कूलों में पढ़ने वाले उर्दू भाषी शिक्षकों को उर्दू भाषा में किताबें भी उपलब्ध कराना जरूरी नहीं समझा गया।उर्दू भाषा के साथ भेदभाव कर रही है सरकार, स्पष्ट है कि सरकार सुनियोजित तरीके से उर्दू को निशाना बना रही है। इसी के विरोध में 28 नवंबर को राजधानी रांची में राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना दी जाएगी। उन्होंने सभी उर्दू प्रेमियों से भारी संख्या में उपस्थित होकर धरना को सफल बनाने की अपील की है।

## ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभा की कमी नही बस उन्हें निखारने की आवश्यकता है : मुखिया



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निर्देश में प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के मैदान में पंचायत स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। बालक बालिकाओं के बीच खेल को बढ़ावा देने के लिये झारखण्ड सरकार के खेलकूद युवा कार्य निदेशालय के तत्वाधान में पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल टूर्नामिन्ट के तहत पंचायत स्तरीय मैच के दौरान अरु पंचायत में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। खेल आयोजित से पूर्व मुखिया राजश्री उराँव एवं पंचायत सचिव रिझवान अख्तर द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारम्भ कराया गया। खेल का पहला मैच केजीएन आजाद बस्ती और अरु के बीच खेला गया। जिसमे केजीएन आजाद बस्ती की टीम अरु को ट्राइब्रेकर में 1- 0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। वही मुखिया राजश्री उराँव ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार यह कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र के बालक बालिकाओं में खेल प्रतिभा की कमी नही है उसे निखारने की जरूरत है। साथ ही कहा कि बालक बालिका पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी ध्यान दें और आगे बढ़े। पंचायत सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री अपन्त्रण कप फुटबॉल टूर्नामिन्ट के विजेता टीम पंचायत स्तर के विजेता टीम प्रखंड स्तर पर और प्रखंड स्तर से विजेता टीम जिला स्तर के विजेता टीम तथा राज्य स्तर पर खेलकूद में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। मौके पर मुखिया राजश्री उराँव, पंचायत सचिव रिझवान अख्तर के अलावे शौकत अंसारी, धर्मवीर उराँव सहित सभी खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं इन्हीं के दम पर जीतेंगे लोकसभा चुनाव : सुखेर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड के नौडीहा चौक स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की एकदिवसीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में पार्टी की मजबूती व बूथ कमेटी के गठन को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। मौके पर पहुंचे कोंग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सूखैर भगत ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ता के बिना पार्टी या संगठन को मजबूत नहीं किया जा सकता है। भंडरा में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में पार्टी के प्रति समर्पण भाव व रुझान देखते ही बनती है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने काम में जुट जाए। इस दौरान उन्होंने बूथ कमेटी का गठन कर इसकी सूचना जिला कार्यालय को देने की बात कही है। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई करते हुए उनके द्वारा क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों की सराहना की है। मौके पर अफसर कुरैसी, शकील अहमद, फगुआ उरांव, चंदर उरांव, इलियास अंसारी, जुबी उरांव, मनी उरांव, जॉन लकड़ा, बिरसा उरांव, मजबुला अंसारी, जुल्फान अंसारी, जमील अंसारी सहित प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अल्पसंख्यकों के हित में हमेशा खड़े रहने वाले ऐनुल अंसारी को पार्टी से निकालना दुर्भाग्यपूर्ण : ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कदावर नेता रहे लोहरदगा जिला के पूर्व अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष कूडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी को बदले की भावना से पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किए जाने का लोहरदगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने घोर निंदा करते हुए इसे पूर्वाग्रसित से होकर ऐनुल अंसारी को पार्टी से निष्कासित किए जाने की घटना को दुर्भागीपूर्ण घटना बताया है। इधर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने ऐनुल अंसारी की प्रशंसा करते हुए कहा है कि इन्होंने लोहरदगा जिला में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए हर गांव में लोगों से जुड़ाव रखते हुए पार्टी को मजबूती दिलाई है। साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय के हित में सरना, मसना, कब्रिस्तान घेराबंदी जैसे कई महत्वपूर्ण योजनाओं को जनहित तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाया गया है, परंतु सोची समझी साजिश के तहत ऐनुल अंसारी को पार्टी से निष्कासित किया जाना बड़े ही दुर्भाग्यपूर्ण और बदले की भावना प्रतीत होता है। इधर ग्रामीणों के अनुसार लोहरदगा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष ऐनुल अंसारी अपने कुशल नेतृत्व से लोहरदगा जिला में झारखंड मुक्ति मोर्चा को एक बेहतर मुकाम तक पहुंचाया। ऐनुल अंसारी की देन से ही लोहरदगा जिला में झामुमो की जनाधार दिखाई दे रही है, ऐसे में ऐनुल अंसारी को पार्टी से निकाला जाना पार्टी के लिए अपूर्णीय छति साबित हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार ऐनुल अंसारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्तंभ के रूप में हर वक्त सकारात्मक कार्य करते रहे हैं, ऐसे में ऐनुल अंसारी को पार्टी से निकाल कर न सिर्फ पार्टी को नुक्सान पहुंचा है बल्कि इसे लोहरदगा की जनता बहुत बड़ी साजिश मान रहे हैं, ग्रामीणों के अनुसार राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगामी कार्यक्रम लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चिरी पंचायत में आयोजित होने वाली है इससे पूर्व पार्टी की ओर से ऐनुल अंसारी को निष्कासित किए जाने से क्षेत्र के लोग काफी दुःखी और आक्रोश हैं।

## अंजुमन अध्यक्ष अफसर कुरैशी ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सैंक्चुअरी फॉर एडूकेशनल नर्चर सेन त्रिवेणी विद्यालय में सीबीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीबीएसई बोर्ड के द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों का ज्ञान संवर्धन करना तथा आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच पर उनकी समझ को बढ़ाना था जहां दो दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न अतिथियों के द्वारा सीबीएसई से मान्यता प्राप्त राज्य के लोहरदगा, मांडर, चतरा हजारीबाग, गुमला धनबाद खलारी तथा रांची से आए विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मौके पर आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों का ज्ञान संवर्धन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सैंक्चुअरी फॉर एडूकेशनल नर्चर सेन त्रिवेणी विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन अमित कुमार, विनय पांडे, सुदीप सेन, सुब्रा सेन, बाचिस्मान सेन मनोज कुमार, तनुश्री सेनगुप्ता नूतन पाठक मौजूद थी।

**सिमडेगा झारखंड की तीन खिलाड़ियों से सजी जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम**

# FIH जूनियर महिला विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सैंटियागो, चिली हुई रवाना

➲जूनियर भारतीय महिला टीम में झारखंड से सिमडेगा की दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी है शामिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** 29 नवंबर से 10 दिसंबर 2023 तक सैंटियागो, चिली में आयोजित होगा स्नद्भा हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 । भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने आज अपनी स्नद्भा हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 यात्रा शुरू की, जब वे आज सैंटियागो, चिली के लिए रवाना हुई। स्नद्भा हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाला है। विशेष रूप से भारत टूर्नामेंट के 2022 संस्करण में चौथे स्थान पर रही थी। स्नद्भा हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के लिए रवाना होने जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम में हॉकी की नर्सरी सिमडेगा, झारखंड की तीन खिलाड़ी दीपिका सोरेंग,महिमा टेटे और रोपनी कुमारी भी शामिल की गई है। तीनो ही खिलाड़ी झारखंड के सिमडेगा ज़िले से है। दीपिका सोरेंग केरसई प्रखंड के करगागुड़ी की रहनी वाली है, वंही महिमा टेटे सदर प्रखंड के बरकीछापर की रहने वाली है और ओलंपियन सलीमा टेटे की छोटी बहन है । जबकि रोपनी कुमारी ठेठईटांगर प्रखंड के जामबहार की रहने वाली है । ये तीनो ही खिलाड़ी जूनियर महिला एशिया कप में स्वर्ण पदक विजेता जूनियर भारतीय महिला टीम में भी शामिल थी । भारत को 2022 के उपविजेता जर्मनी के साथ-साथ बेल्जियम और कनाडा के साथ पूल सी में रखा गया है, जबकि गत चैंपियन नीदरलैंड खुद को दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान चिली के साथ पूल ए में पाता है। अर्जेंटीना, कोरिया, स्पेन और जिम्बाब्वे को पूल बी में रखा गया है जबकि इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान पूल डी का हिस्सा हैं। कप्तान प्रीति के नेतृत्व में भारत क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित करने के लिए पूल सी के शीर्ष दो में जगह बनाना चाहेगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ करेगा और उसके बाद 30 नवंबर को जर्मनी के खिलाफ मुकाबला होगा। एक दिन के आराम के बाद, भारत पूल सी के अपने अंतिम लीग चरण मैच में 2 दिसंबर को बेल्जियम से भिड़ेगा। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने टीम को शुभकामना देते हुए कहा कि सिमडेगा जिला के तीन तीन खिलाड़ियों का एक साथ विश्व मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करना वास्तव में सम्मान की बात है। हम सिमडेगा वासियों को इस बात पर बहुत गर्व है कि महिला जूनियर विश्व कप में हमारे जिला के तीन तीन खिलाड़ी एक साथ देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ 23.30 बजे ढ्रस्न्न पर महिला जूनियर विश्व कप जीतने की अपनी खोज शुरू करेगी।

## वाहन जांच के दौरान ट्रैक्टर व ट्रक पर थाना प्रभारी अभिनव कुमार का पौनी नजर



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विशेष अभियान के तहत सेन्हा थाना के समीप थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू,बॉक्साइड पत्थर का कारोबारी होने की सूचना पर सेन्हा थाना के समीप विशेष अभियान के तहत सघन वाहन जांच अभियान पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया गया। वाहन जांच के दौरान दो पहिया वाहन सहित भारी वाहन की जांच किया गया। इसी क्रम में मोटरसाइकिल चालक को रोक हेलमेट जांच किया गया। तथा जिन मोटरसाइकिल चालक का हेलमेट नही पाया गया वैसे लोगो को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दिया गया। जबकि बॉक्साइड लोडेड ट्रक को रोक ओभर लोड एवं चालान की जांच किया गया। उक्त जांच अभियान पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां के निर्देश पर थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से किया गया। वाहन जांच के दौरान बालू लोडेड एक ट्रैक्टर को रोका गया और खनिज संपदा उठाव तथा परिवहन मामला का जांच करते हुए कागजात की जांच किया गया। जिसमें ट्रैक्टर चालक द्वारा निर्गत मुखिया चालान प्रस्तुत करने के पश्चात ट्रैक्टर को मुक्त किया गया। विदित हो कि बालू उठाव हेतु मुखिया द्वारा चालान निर्गत से ट्रैक्टर मालिक सहित विकास कार्य मे तेजी आया है। साथ निजी कार्य भी आरम्भ हुआ जिससे स्थानीय मजदूर को रोजगार मुहैया होने लगा है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा परिवहन नियम एवं खनन अधिनिमय के अनुसार कार्य होने से किसी प्रकार की आपत्ति संबंधित विभाग को नही है। साथ ही उन्होंने कहा वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर लगातार सघन वाहन जांच अभियान समय समय से चलाया जाएगा।

## श्री शुभकामना छठ पूजा समिति के द्वारा भव्य जागरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्थानीय पतरा टोली मे श्री शुभकामना छठ पूजा समिति पतराटोली के तत्वाधान में भव्य जागरण का आयोजन बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम छठ पूजा के उपलक्ष में आयोजित था जिसके मुख्य अतिथि राम लखन प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि उपेंद्र प्रसाद तथा लोहरदगा के उप विकास आयुक्त संयुक्त रूप से मां दुर्गे के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना के उपरांत श्री नवदुर्गा जागरण मंडल के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन का आयोजन किया गया। सबसे बड़ी आकर्षण का केंद्र उड़ीसा से आए हुए झांकी की प्रस्तुति थी झांकी सबका मन मोह लिया। सबसे पहले गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसे सरोज लक्खा ने गणेश वंदना के साथ घर में पधारो गजानंद जी तथा वीणा कौर तथा स्वीटी राज के द्वारा एक से बढ़कर एक छठ गीत प्रस्तुत की गई। जिसमें होगा हो सूरजमल एवं जोड़े जोड़े सुपवा छठ गीत प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के अलावे शहर के प्रबुद्ध जन राजेंद्र प्रसाद खत्री, कवलजीत सिंह, संदीप कुमार गुप्ता, नीरू शांति भगत, रमेश साहू, कमलेश प्रसाद, विकास अग्रवाल, गोवर्धन साहू, प्रकाश कुमार साहू, विक्रम कुमार,राजेश कुमार महतो, बलवीर देव, सतीश पांडे, रंजीत साहू, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता के अलावे भारी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों की भीड़ थी। छठ पूजा समिति के सभी पदाधिकारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम करने से सभी को बहुत ही आनंद आता है तथा जागरण की रात्रि में भक्त और भगवान का अटूट संबंध बनता है।

## 61 वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, 75 प्रतिभागी हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** डीजीएमएस चाईबासा क्षेत्र के तत्वावधान में 61 वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह प्रतियोगिता 2023 के अंतर्गत आज दिनांक 23 नवंबर 2023 को हिंडालको खान प्रभाग कार्यालय परिसर, लोहरदगा में ट्रेड टेस्ट का आयोजन किया गया। ट्रेड टेस्ट का शुभारंभ प्रतिभागियों के साथ हिंडाल्को के सेफ्टी हेड अनुपम बागची, खान सुरक्षा सप्ताह के सचिव अजय कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष राजेश रंजन अंबस्ठा, वासुदेव गंगोपाध्याय, अमिताभ चक्रवर्ती, प्रदीप भालेकर, अभिषेक कुमार एवं डा.ओपी दुबे आदि अधिकारी गण की उपस्थिति में आयोजन स्थल का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर सेफ्टी हेड अनुपम बागची ने उपस्थित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षा के मानकों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की बात कही। अन्य उपस्थित सभी अधिकारीगण ने प्रतिभागियों को ट्रेड टेस्ट आरंभ होने से पूर्व शुभकामनाएं दी एवं सुरक्षित कार्य करने के लिए अलग-अलग ढंग से प्रेरित किया। प्रतियोगिता में ग्रुप A2A, ग्रुप A2B एवं Az श्रेणी के माइंस के प्रतिभागी हुए शामिल ज्ञातव्य हो कि इस ट्रेड टेस्ट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ग्रुप A2A, ग्रुप A2B एवं Az श्रेणी के माइंस से विभिन्न प्रकल्पों जिनमें में माइनिंग मेट, ब्लास्टर, एक्सकैवेटर ऑपरेटर, पेलोडर ऑपरेटर, डंपर आपरेटर, ड्रिल ऑपरेटर, मैकेनिक, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन एवं फर्स्ट एडर के प्रतिभागियों को भाग लेने के लिए बुलाया गया था। आज के ट्रेड टेस्ट में तीनो ग्रुप के सभी माइंस से लगभग 75 प्रतिभागियों ने पूर्ण उत्साह पूर्वक शामिल हुए एवं अपने तकनीकी ज्ञान का प्रदर्शन किया।

## कैरो विराजपुर देवठान जतरा फुटवाल मैच में कुडु की टीम विजयी, मिला पुरस्कार



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो पंचायत के विराजपुर गांव में 23 नवंबर गुरुवार को देवठान जतरा के अवसर पर फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन हुआ। इस मौके पर कूल 16 टीमें हिस्सा लिया। गुरुवार को टुर्नामेंट का फाइनल मैच कुडू और अकाशी के बीच के बीच खेला गया। जिसमें कुडू ने अकाशी को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। विजेता टीम को अतिथि मुखिया विरेन्द्र महली और उपमुखिया रवि प्रजापति के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुखिया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को मैच खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। खेल में हार-जीत लगी रहती है। हारने वाले टीम आगे मेहनत करें। मेरी शुभकामनाएं खिलाड़ियों के साथ है। इस मौके पर चमरा उरांव, आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमित उरांव, रोहित उरांव, परमेश्वर उरांव, सोमरा उरांव आदि लोग उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### छह तस्कर गिरफ्तार

**कछार :** जिले में चलाए गए अलग-अलग अभियान में कुल 13 क्विंटल बर्मीज (म्यांमार) सुपारी के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आज यहां बताया कि जिले के धलाई थानाक्षेत्र में अवैध बर्मीज सुपारी के परिवहन के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जिन वाहनों को रोका गया उनमें से एक ट्रक (एनएल-01-क्यू-2146) में तीन क्विंटल संदिग्ध बर्मीज सुपारी से भरा हुआ पाया गया। इस सिलसिले में दो लोगों- जयंत साहू (19) और फारूक अहमद बरभुइयां (19) को गिरफ्तार किया गया है।जबकि, एक अन्य ट्रक (एएस -26-सी -9309) में छह क्विंटल संदिग्ध बर्मीज सुपारी से भरा हुआ पाया गया। इस सिलसिले में आजाद हुसैन लस्कर (24) तथा नासिर उद्दीन लश्कर (22) नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।वहीं एक स्विफ्ट कार (एमएल-05-के-4722) दो क्विंटल संदिग्ध बर्मीज सुपारी से भरी हुई पाई गई। कार से एक व्यक्ति सलीमुद्दीन तालुकदार (21) को गिरफ्तार किया गया। वहीं, एक अन्य वैगनआर कार (एएस11-एन -6475) को दो क्विंटल संदिग्ध बर्मीज सुपारी के साथ जब्त किया गया। इस गाड़ी के मालिक सुब्रत दास को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी गिरफ्तार किए गए लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है।

### झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल ने आयोग को सौंपा ज्ञापन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल मुमताज़ खान् के नेतृत्व में झारखंड राज्य आंदोलनकारी चिन्हितकरण आयोग के अध्यक्ष दुर्गा उरावं से मिल कर ज्ञापन सौंपा ।इन्होने अस्वस्त किया की पुराने आवेदन को सर्वप्रथम निपटाया जायगा और जल्द सूची जारी की जायगी।उन्होंने कहा की संसाधन और कर्मचारी की कमी के कारण देरी हो रही है इसके लिये सरकार को पत्र लिखा गया है। उसके बावजूद आयोग ने अभी तक दस हजार चार सौ तीस झारखंड आंदोलन कारियों की पहचान कर गृह विभाग को सूची भेज दी गई है। लगभग चार हजार लोगों की सूची गृह विभाग द्वारा पूरी की जा चुकी है। प्रतिनिधिमंडल में मुमताज खान, बिमल कच्छप, शफिक आलम, शुशीला एक्का,नीलमानी भगत,रतन अनमोल संचा ,देवकर साहू, शिवसंकर महतो, इतवा उरांव, अलफ्रेड मिंज,भावा उरांव, घिनु,इबादत, नौसाद,असलम अंसारी शामिल थे।

### अविनाश पांडे के पुत्र की शादी में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव सह झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे के पुत्र गौरांग के शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए नागपुर पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अविनाश पांडे के पुत्र गौरांग को सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उनके समस्त परिजनों को अनेक-अनेक बधाई दीं। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय यूथ वॉलीबॉल प्रतियोगिता में लोहरदगा एवं रांची विजयी

# निश्चय के साथ बच्चे लक्ष्य लेकर चलें : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** 16वीं राज्य स्तरीय अंतर जिला यूथ बालक-बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच के बालक वर्ग में लोहरदगा ने पश्चिमी सिंहभूम को तथा बालिका वर्ग में रांची ने देवघर को 2-1 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय तथा झारखंड वॉलीवाल संघ के महासचिव शेखर बॉस ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया।

मौके पर उपायुक्त श्री जमुआर ने कहा कि झारखंड वॉलीबाल संघ के महासचिव शेखर बोस का योगदान वॉलीवाल ही नहीं बल्कि खेल के क्षेत्र में पूरे झारखंड में अतुल्यनिय है। उन्होंने कहा कि खेल के माहौल कल और आज में बहुत बड़ा फर्क है। आज खेल में अपना करियर बना सकते हैं। बच्चों को अपने निश्चय के साथ लक्ष्य को लेकर चलना होगा और वह अपने लक्ष्य को पा सकेंगे। उन्होंने कहा संघ के ऊपर बहुत बड़ी जवाबदेही है। बच्चों को उचित प्लेटफार्म उपलब्ध करा कर उन्हें एक सही दिशा दिखाकर जिले और राज्य का नाम रोशन कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि आज पूरा झारखंड जिले के एक छोटे से मैदान में सिमट गया है। यह एक खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि एक दूसरे को जानने का अवसर है। गढ़वा जिला के खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व किये है और आगे इससे भी बेहतर आयोजन किया जाएगा ताकि यहाँ के खिलाड़ी देश स्तर पर नाम रौशन करे। झारखंड वॉलीवाल संघ के महासचिव शेखर बोस ने कहा कि गढ़वा में पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा है।



संघ का प्रयास है कि अधिक से अधिक खिलाड़ी अपने करियर को रूप में खेल खेले औरअपने करियर बनाएं। इसके पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने अपने उद्बोधन के साथ किया। संघ के सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया।

संचालन कमलेश पाण्डेय एवं विशाल पांडेय ने किया। कार्यक्रम में झामुमो के केंदीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने भी अपने उद्गार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत, भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर, जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पाठक, उदय नारायण तिवारी, संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक, प्रणव कुमार, दुर्गा जौहरी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, प्रो उमेश सहाय, विजय केसरी, जितेंद्र सिन्हा, मुरली श्याम तिवारी, रमाशंकर चौबे, रामा शंकर सिंह, प्रभात तिवारी, अरविंद दुबे, श्याम नारायण पांडेय, पंकज मिश्रा, ओमप्रकाश चौबे, अरविंद दुबे, समर रजा, अंशु दुबे, विकास कुमार, सुमित मिश्रा, जिला खेल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, राजा कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड टीम ने हॉकी गोवा को 3- 0 से हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** चेन्नई के तमिलनाडु में 17 से 28 नवम्बर तक आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में झारखंड पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को तीसरे मैच में हॉकी गोवा को 3-0 गोल से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

इससे पूर्व अपने पहले मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी आंध्रप्रदेश को 10-3 से, हॉकी चंडीगढ़ को 2-0 से पराजित किया था। गोवा के साथ खेले गए मैच में झारखंड टीम की और से डेनिस केरकेट्टा एक गोल और नोएल टोपनो ने दो गोल किए। झारखंड टीम की लगातार तीसरी जीत हासिल करने और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

यह जानकारी हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने दी।

# धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम का अनुमति देने हेतु प्रशासन को बधाई : अरुणा शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** श्री हनुमंत कथा आयोजन समिति की संयोजक सह प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर ने एक प्रेस वार्ता कर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पलामू प्रशासन ने झारखंड में पहली बार स्वामी श्री धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज (बागेश्वर धाम) के कथा हेतु 10 से 13 दिसंबर के लिए अनुमति प्रदान की है। जिसके लिए मैं जिला प्रशासन को धन्यवाद देती हूं। इस अवसर पर कमेटी के सचिव दिना जी, सदस्य नितेश सिंह, अतुल कुमार अखौरी, मंटू सिन्हा एवं कमलेश सिंह उपस्थित थे। श्रीमती शंकर ने बताया कि हम सबों को अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जो स्वीकृति प्रदान की गई है वह 20 शर्तों के साथ है। जिसमें चार शर्तों पर पुनर्विचार करने हेतु उपायुक्त पलामू से मिलने का निर्णय लिया गया है। जिसमें पहली शर्त ध्वनि यंत्र का उपयोग रात्रि 8 बजे तक करने का निर्देश किया गया है। जबकि स्वामी धीरेंद्र



शास्त्री जी की कथा रात्रि 8 बजे तक चलता है।अतः 10 बजे रात्रि तक का समय दिया जाए। दूसरी शर्त कि कॉविड-19 का अनुपालन हर हाल में करने हेतु कहा गया है। जबकि कोविद-19 के अनुपालन में सोशल डिस्टेंसिंग प्रमुख है। ऐसे कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंसिंग संभव प्रतीत नहीं होता। ऐसे भी कोविद-19 का प्रोटोकॉल सम्भवतः समाप्त हो चुका है। तभी इतने बड़े-बड़े कार्यक्रम राज्य में हो रहे हैं।तीसरा शर्त शहर एवं आसपास के आवागमन की जवाबदेही समिति के ऊपर दी गई है जो कहीं से उचित प्रतीत नहीं हो रहा है। जबकि यह व्यवस्था प्रशासनिक स्तर से करना ही उचित होगा। चौथी शर्त यह है कि अनुमति बिल्कुल अस्थाई रूप से दी गई है जिसे कभी भी निरस्त किया जा सकता है। जबकि मैं प्रशासन से अनुरोध करूंगी की इसके बजाय हमें उपरोक्त शर्तों को सुधारते हुए यह निर्देशित किया जाए की आपके द्वारा दी गई किसी भी शर्तों का उल्लंघन होने पर ही कार्यक्रम को निरस्त किया जा सके। क्योंकि इसकी व्यवस्था में हम सबों का परिश्रम और साथ में कई राज्यों के श्रद्धालु शामिल होंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि उपायुक्त हमारी समिति के अनुरोध को स्वीकार करते हुए हम सब को कार्यक्रम करने की अनुमति प्रदान करेंगे।

# स्कूल हॉस्टल में दलित छात्र की संदिग्ध हालात में मौत के मामले को दबाने की कोशिश : बाउरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची:** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने गुरुवार को कहा कि मांडर के संत जॉन्स हाई स्कूल के हॉस्टल में चतरा जिले के हंटरगंज निवासी दलित छात्र युवराज पासवान की संदिग्ध हालात में मौत के संवेदनशील मामले को पुलिस प्रशासन एवं सत्ता पक्ष के दबंग नेता हर कीमत पर दबाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आनन-फानन में पुलिस प्रशासन और स्कूल प्रबंधन ने बिना किसी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पोस्टमॉर्टम कर उसकी अंत्येष्टि का दबाव परिजनों पर डालकर पूरे मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया लेकिन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा इस पूरे मामले की जांच मोर्चा स्तर पर गंभीरता से कर रही है। बाउरी ने इसकी उच्च स्तरीय जांच, मृतक के परिजन को 25 लाख रुपये मुआवजा एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग राज्य सरकार से की। उन्होंने 19 नवंबर को हुए संत जॉन्स हाई स्कूल के हॉस्टल परिसर में युवराज पासवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि मृतक के परिजनों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाया है कि युवराज के पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट में छेड़छाड़ किया गया है। युवराज पासवान ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि उसकी हत्या कर उसे कुएं में डाल दिया गया था। परिजनों ने यहां तक कहा कि सत्ता पक्ष के एक दबंग नेता बार-बार फोन कर स्थानीय पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाकर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास कर रहे है।

परिजनों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन ने अभी तक किसी तरह का कोई भी साक्ष्य आत्महत्या का प्रस्तुत नहीं किया है। बाउरी ने कहा कि जिस कुएं से युवराज का शव मिला उस कुएं के ऊपर जाली लगी है। स्कूल प्रबंधन ने भी किसी तरह का कोई साक्ष्य युवराज की आत्महत्या का प्रस्तुत नहीं किया है। इससे साफ लग रहा है कि इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इसे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बर्दाश्त नहीं करेगी और युवराज पासवान को न्याय दिलवाने के लिए सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेगी।

## गुरुद्वारा मैदान में 25 को सजेगा विशेष दीवान

**रांची :** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा की ओर से 25 नवम्बर को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मैदान में भव्य दीवान सजाया जाएगा। इसमें विश्व प्रसिद्ध रागी जत्था भाई अमरजीत सिंह तार अमनदीप सिंह लुधियाना वाले और भाई ओंकार सिंह दरबार साहिब, अमृतसर वाले शबद गायन करेंगे। दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा, जिसमें दस हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे। दोपहर 2.30 बजे से इसी गुरुद्वारा मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पुष्प सवारी पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा।



# झारखण्ड राज्य दिवस पर प्रगति मैदान का एम्फी थियेटर हुआ गुलजार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** झारखण्ड प्रकृति के गर्भ में बसा और अपनी आदिवासी संस्कृति के लिए पहचाना जाने वाला प्रदेश है। यहाँ का सामाजिक परिवेश रहन-सहन, लोक संस्कृति अतुलनीय है। दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखण्ड पवेलियन ने झारखण्ड राज्य दिवस का आयोजन किया गया जिसमें,झारखण्ड की लोक संस्कृति को प्रदर्शित किया गया। झारखण्ड के राज्य दिवस के अवसर पर प्रदेश के माननीय मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, सूडा के सी ई ओ श्री अमित कुमार, उद्योग विभाग के सचिव श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक उद्योग श्री भोर सिंह यादव मौजूद रहे। मंत्री द्वारा झारखण्ड पवेलियन में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर दीप प्रज्वल्लित किया। तदोपरांत पवेलियन की सभी स्टॉलों का




अवलोकन किया। उन्होंने पवेलियन में लगे स्टालों में उनके हुनर एवं कार्य प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि ट्रेड फेयर राज्य में होने वाले विकास को प्रदर्शित करने का अच्छा मंच है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य भी इस फेयर में अपने विकास को प्रदर्शित कर रहा है। झारखंड सरकार अब सभी रूप से सक्षम है। झारखण्ड प्रदेश अपनी खनिज सम्पदा और कला संस्कृति के लिए अलग पहचान रखता है। प्रदेश को अपने विकास के लिए सभी वर्ग के लोगों को एक साथ मिला कर चलना होगा। हम आशा करते हैं कि आने वाले वर्षों में राज्य कई चीजों में इतिहास लिखेगा।

झारखण्ड राज्य दिवस में एम्फी थियेटर में झारखण्ड के पद्मश्री शशिधर आचार्य का छाऊ नृत्य, श्री सुदामा सिंह और टीम का नागपुरी नृत्य, श्री विनोद कुमार महतो का खोरटा फोक, श्री कृष्ण भगत और टीम का उरांव कुदुख सॉन्ग और श्री अशोक कच्छप का पाइका डांस ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया।

# आजादी के 76 साल बाद भी पलामू के भटवा जरही टोला में नहीं पहुंची बिजली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के भटवा जरही टोला में अभी तक बिजली नहीं पहुंची। भारत को आजाद हुए 76 वर्ष हो चुके हैं।वहीं देश अमृत काल में चल रहा है, लेकिन आज भी रामगढ़ प्रखंड के एक गांव में बिजली नहीं पहुंच पाई है। आजादी के इतने साल बाद भी भटवा जरही टोला में बिजली नहीं है।गांव के लोगों ने कई पीढ़ियों से बिजली नहीं देखी है और इस वजह से उन्हें कई समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है।बचपन से बिजली के बल्ब की रोशनी का इंतजार कर रहे ग्रामीणों की जवानी भी ढल चुकी है।इसके बावजूद गांव के लोग विद्युतीकरण की राह ताक रहे हैं। बिजली की समस्या को लेकर गांव के लोग अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक की गुहार लगाकर थक चुके हैं। लेकिन बिजली के नाम पर उन्हें अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है।गांव में रहने वाले 70 वर्षीय बुजुर्ग के मुताबिक, उन्हें याद नहीं कि गांव में कभी बिजली आई भी हो।ग्रामीण ने बताया की प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि नेता नेताओं लोग हाथ पर हाथ धरके बैठे हुए हैं।ग्रामीण ने बताया की उनके पिता के जमाने में भी बिजली नहीं थी और आज भी नहीं है।एक महिला ने बताया कि बिजली न होने की वजह से बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। पानी भी नहीं मिलता है।इसके साथ एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनका गांव बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी दूर है।लेकिन अभी तक गांव में बिजली नहीं पहुंची और हमारे गांव में कोई भी मेहमान आना पसंद नहीं करता है,बच्चों की पढ़ाई सिर्फ दिन में हो पाती है रात में पढ़ाई नहीं कर पाते हैं।मोबाइल की चार्जिंग भी करनी पड़ती है तो अपने गांव से 2 किलोमीटर दूरी पर जा करके मोबाइल चार्ज करते है,मोबाइल चार्ज करने के भी प्रति मोबाइल चार्ज के पैसे भी देने पड़ते हैं।मौके पर ग्रामीण महबूब आलम,संतोष राम, हजारी सूरी,सरवन प्रसाद, कविता देवी,मीना देवी, सरस्वती देवी, दुखनी देवी,अनिल कुमार, हरेंद्र यादव,पंकज प्रसाद,प्रदीप तुरी, राजू प्रसाद,पप्पू प्रहिया, मुन्ना प्राहिया, मनोज राम,शांति कुंवर, नशीम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थें।


## विकसित भारत संकल्प यात्रा जन-जन को केंद्र की योजनाओं से जोड़ने की यात्रा : आदित्य साहू

**रांची :** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को जोड़ने की यात्रा है। यह यात्रा दो चरणों में संपन्न होगी। यात्रा का पहला चरण 15 से 22 नवंबर तक 21 राज्यों के 68 जनजातीय बाहुल्य जिलों में चलेगी। इसमें झारखंड के नौ जिले खूंटी, गुमला, सिमडेगा, दुमका, पश्चिम सिंहभूम, साहेबगंज, पाकुड़, पलामू शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा का दूसरा चरण तीन दिसंबर से शुरू होकर 26 जनवरी, 2024 तक चलेगा। इस प्रकार यह यात्रा देश के 2,51000 पंचायतों से गुजरेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में सभी केंद्रीय मंत्री, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित वरिष्ठ नेता यात्रा के साथ तीन दिन रहेंगे। इस यात्रा में पार्टी के सभी सांसद अपने-अपने क्षेत्रों में यात्रा में शामिल होंगे।

# चीन में फिर रहस्यमयी बीमारी डब्लूएचओ ने मांगी रिपोर्ट

**एजेंसी**

**बीजिंग :** चीन में एक बार फिर रहस्यमयी बीमारी का कहर फैल गया है। यह बच्चों को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। हालात इस कदर खराब हो गए हैं कि अस्पताल बच्चों से भरे हुए हैं। स्कूल की छुट्टियां कर दी गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से भी बयान जारी कर इस पर चिंता जताई गई है। इस रहस्यमयी न्यूमोनिया से प्रभावित बच्चों के फेफड़ों में सूजन और तेज बुखार सहित असामान्य लक्षण नजर आ रहे हैं। हालांकि उन बच्चों में खांसी और फ्लू, आरएसवी और सांस की बीमारी से संबंधित अन्य दूसरे लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं।इस बीमारी को लेकर डब्लूएचओ की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। लोगों से टीकाकरण, बीमारों से दूरी बनाए रखने, बीमार होने पर घर पर रहने, नियमित रूप



से हाथ धोने और उचित रूप में मास्क पहनने जैसे बचाव के उपाय करने को कहा गया है। बीजिंग और उसके आसपाल के इलाकों में कुछ उसी तरह के हालात हैं जैसे कोरोना के शुरुआती दिनों में सामने आए थे।500 मील उत्तर-पूर्व में बीजिंग और लियाओनिंग के अस्पतालों में बड़ी संख्या में बच्चे भर्ती हो रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस रहस्यमयी निमोनिया के प्रकोप के चलते ज्यादातर स्कूल बंद हैं। बीजिंग और लियाओनिंग के अस्पतालों में इस रहस्यमयी बीमारी से प्रभावित बच्चे सबसे ज्यादा आ रहे हैं। इस रहस्यमयी न्यूमोनिया में बच्चों को फेफड़ों में दर्द और तेज बुखार जैसी परेशानी होती है। फेफड़े में दिक्कत होने की वजह से बच्चों को इस बीमारी में सांस लेने में दिक्कत होने लगती है।

### अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतार

अस्पतालों के बाहर इस बीमारी के कारण मरीजों की लंबी कतार लगी हुई है। इस बीमारी का कोई नया लक्षण नहीं है, बल्कि बच्चों का शारीरिक तापमान बढ़ा रहता है और फेफड़ों में गांठ सी बन जाती है। बीजिंग में हालात इस कदर खराब होने लगे हैं कि मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने के लिए 2 घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। यह पहला मौका है जब चीन में कोरोना के बाद पहली बार बिना लॉकडाउन के सर्दी के मौसम में प्रवेश हो रहा है।